अधिकतम :33°C
न्यूनतम: 22°C
सेंसेक्स 81,596.63
निफ्टी 24,813.45
सोना 98,250
चांदी 1,00,000

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

मुजफ्फरनगर, गुरुवार 22 मई 2025 उत्तर प्रदेश संस्करण: वर्ष 26 अंक 130 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00


www.shahtimesnews.com

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com ज्येष्ठ कृष्ण पक्ष 10 विक्रमी सम्वत् 2082 23 ज़ीक़ादा 1446 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



**पाकिस्तान से अफगानिस्तान तक सड़क बनाएगा चीन**
विस्तृत खबर देश-विदेश पर



**पिकलबॉल में हाथ आजमा रहे कोहली व अनुष्का**
विस्तृत खबर खेल टाइम्स पर

## बानू मुश्ताक को मिला इंटरनेशनल बुकर प्राइज



**हार्ट लैंप यह सम्मान पाने वाली कन्नड़ भाषा की पहली पुस्तक, दीपा भष्टी ने किया अंग्रेजी अनुवाद**

**नई दिल्ली/लंदन।** भारतीय लेखिका, वकील और एक्टिविस्ट बानू मुश्ताक ने अपनी किताब 'हार्ट लैंप' के लिए इंटरनेशनल बुकर प्राइज जीता है। हार्ट लैंप कन्नड़ भाषा में लिखी पहली किताब है, जिसे बुकर प्राइज मिला है।

दीपा भष्टी ने इसे अंग्रेजी में ट्रांसलेट किया है। बुकर प्राइज के लिए हार्ट लैंप को दुनियाभर की छह किताबों में से चुना गया। यह अवॉर्ड पाने वाला पहला लघु कथा संग्रह (शॉर्ट स्टोरी कलेक्शन) है। दीपा भष्टी इस किताब के लिए अवॉर्ड जीतने वाली पहली भारतीय ट्रांसलेटर हैं। बानू मुश्ताक और दीपा भष्टी ने मंगलवार को लंदन के टेट मॉडर्न में हुए कार्यक्रम में अवॉर्ड रिसीव किया। दोनों को 50,000 पाउंड (52.95 लाख रुपये) की पुरस्कार राशि भी मिली है, जो लेखक और ट्रांसलेटर के बीच बराबर-बराबर बांटी जाती है। बानू मुश्ताक ने हार्ट लैंप किताब में दक्षिण भारत में पितृ सत्तात्मक समाज में रहने वाली मुस्लिम महिलाओं की कठिनाइयों को मार्मिक ढंग से दर्शाया है। उन्होंने 1990 से 2023 के बीच, तीन दशकों के दौरान ऐसी 50 कहानियां लिखी थीं। दीपा भष्टी ने इनमें से 12 कहानियों को चुनकर ट्रांसलेट किया। अवॉर्ड जीतने के बाद मुश्ताक ने कहा कि यह किताब का जन्म इस भरोसे से हुआ है कि कोई भी कहानी कभी छोटी नहीं होती। मानवीय -शेष पृष्ठ दो पर

## भारत का सख्त एक्शन
## पाक उच्चायोग के अफसर को 24 घंटे में देश छोड़ने के आदेश

शाह टाइम्स ब्यूरो

**भारत ने पाक अफसर को पर्सोना नॉन ग्राटा घोषित किया**

**नई दिल्ली।** भारत ने पाकिस्तानी उच्चायोग में कार्यरत एक अधिकारी को पर्सोना नॉन ग्राटा घोषित कर दिया है और उससे 24 घंटे में देश छोड़ने के लिए कहा है।

भारत ने यह कार्रवाई पाकिस्तानी अधिकारी के अपने कार्यक्षेत्र के इतर अन्य तरह की संदिग्ध गतिविधियों में शामिल होने के कारण की है। पहलगाम हमले के बाद से भारत लगातार संदिग्ध पाकिस्तानी अधिकारियों को देश छोड़ने के आदेश जारी कर रहा है। पाकिस्तान उच्चायोग के प्रभारी को भारत ने बुधवार को इस संबंध में एक डिमार्शे (कूटनीति में दूसरे देश के खिलाफ उठाया गया कदम) जारी किया और उनसे उपरोक्त अधिकारी को 24 घंटे के भीतर देश से बाहर भेजने के लिए कहा गया है। इस संदर्भ में बुधवार को पाकिस्तान उच्चायोग के कार्यवाहक उच्चायुक्त को एक कड़ा आधिकारिक विरोध पत्र जारी किया गया। भारत की ओर से स्पष्ट रूप से निर्देश दिए गए हैं कि पाकिस्तान के कोई भी राजनयिक या अधिकारी भारत में अपने विशेषाधिकारों और दर्जे का किसी भी प्रकार से दुरुपयोग न करें। बता दें कि पर्सोना नॉन ग्राटा किसी भी विदेशी राजनयिक को अवांछित घोषित करने की वह स्थिति होती है। जिसके तहत उसे देश छोड़ने का तुरंत आदेश दिया जाता है।

## छत्तीसगढ़ में 27 नक्सली ढेर
### मुठभेड़ में डेढ़ करोड़ का इनामी नक्सली भी मारा गया, एक जवान शहीद

नारायणपुर, वार्ता

**छत्तीसगढ़ के** चार विभिन्न जिलों के सुरक्षा बलों के जवानों ने बुधवार को हुई मुठभेड़ में बड़ी कामयाबी हासिल करते हुए सुरक्षाबलों ने 27 नक्सलियों को ढेर कर दिया और कई अन्य घायल हुए हैं। वहीं मुठभेड़ में डेढ़ करोड़ रुपये का इनामी खूंखार नक्सली बसव राजू भी मुठभेड़ में मारा गया है। वहीं नक्सली कमांडर रुपेश और कई अन्य बड़े नक्सली नेताओं के भी मारे जाने की खबर है।

मुठभेड़ के दौरान एक जवान भी शहीद हो गया और एक अन्य घायल हो गया है। इस मुठभेड़ में कई बड़े नक्सली लीडर या तो फंसे हुए हैं या फिर मारे गए हैं। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि अबूझमाड़ क्षेत्र में सुबह सुरक्षाबलों और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ शुरू हुई। नारायणपुर जिले के पुलिस अधीक्षक प्रभात कुमार ने बताया कि जिले के अबूझमाड़ क्षेत्र के माड़ डिवीजन में नक्सलियों की उपस्थिति की सूचना पर जिला रिजर्व गार्ड (डीआरजी) नारायणपुर, डीआरजी दंतेवाड़ा, डीआरजी बीजापुर और डीआरजी कोंडागांव के संयुक्त दल को नक्सल विरोधी अभियान के लिए रवाना किया गया। उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा, जिनके पास गृह विभाग का भी प्रभार है, ने बताया कि नारायणपुर, बीजापुर, दंतेवाड़ा -शेष पृष्ठ दो पर



**सरकार नक्सलवाद के खात्मे को प्रतिबद्ध : मोदी**

**नई दिल्ली।** पीएम मोदी ने माओवाद की त्रासदी को दूर करने और लोगों के लिए शांति तथा प्रगति का जीवन सुनिश्चित करने के लिए सरकार की प्रतिबद्धता की पुष्टि करते हुए छत्तीसगढ़ में एक मुठभेड़ में 27 नक्सलियों का खात्मा करने के लिए सुरक्षा बलों की सराहना की है। श्री मोदी ने कहा कि इस महत्वपूर्ण सफलता के लिए हमें अपने बलों पर गर्व है।

**छत्तीसगढ़ में नक्सलवाद के खिलाफ लड़ाई में ऐतिहासिक उपलब्धि: शाह**

**नई दिल्ली।** केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने छत्तीसगढ़ के नारायणपुर में 27 खूंखार नक्सलियों के मारे जाने को नक्सलवाद को खत्म करने की लड़ाई में ऐतिहासिक उपलब्धि करार देते हुए कहा है कि सरकार अगले वर्ष 31 मार्च से पहले नक्सलवाद को खत्म करने के लिए दृढ़ संकल्पित है। बुधवार को छत्तीसगढ़ के नारायणपुर में एक ऑपरेशन में, हमारे सुरक्षा बलों ने 27 खूंखार माओवादियों को मार गिराया है, जिनमें सीपीआई-माओवादी के महासचिव, शीर्ष नेता और नक्सल आंदोलन की रीढ़ नंबाला केशव राव उर्फ बसवराजू भी शामिल हैं।

## सोनिया व राहुल गांधी की मुश्किलें बढ़ने के आसार



**नई दिल्ली।** कांग्रेस नेता सोनिया गांधी और राहुल गांधी से जुड़े नेशनल हेराल्ड मनी लॉन्ड्रिंग मामले में गुरुवार को दिल्ली की राऊज एवेन्यू कोर्ट में चौथी सुनवाई हुई। ईडी ने कोर्ट को बताया कि, पहली नजर में सोनिया और राहुल के खिलाफ केस बनता है। दोनों ने अपराध की आय से 142 करोड़ रुपये कमाए हैं। ईडी की तरफ से पेश एडिशनल सॉलिसिटर जनरल एसवी राजू ने कहा कि आरोपी तब तक अपराध की आय का आनंद ले रहे थे जब तक कि प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने नवम्बर 2023 में नेशनल हेराल्ड से जुड़ी 751.9 करोड़ रुपये की संपत्ति जब्त नहीं कर ली। ईडी की तरफ से दलीलें सुनने के बाद कोर्ट ने कहा कि, इस मामले में 2 से 8 जुलाई तक रोजाना सुनवाई होगी।

## जस्टिस वर्मा कैश कांड: एफआईआर की मांग वाली याचिका खारिज

**नई दिल्ली।** कैश मामले में घिरे इलाहाबाद हाईकोर्ट के जस्टिस यशवंत वर्मा के खिलाफ एफआईआर की मांग वाली याचिका बुधवार को सुप्रीम कोर्ट ने खारिज कर दी। कोर्ट ने कहा कि ये मामला प्रधानमंत्री और राष्ट्रपति के पास है। आप पहले जाकर उनसे गुहार लगाएं। फिर हमारे पास आएं। सीजेआई बीआर गवई और जस्टिस एजी मसीह की बेंच ने इस मामले की सुनवाई की। एफआईआर की मांग वाली याचिका एडवोकेट मैथ्यूज नेडुमपारा ने लगाई थी। दरअसल, जस्टिस वर्मा के लुटियंस दिल्ली स्थित घर में 14 मार्च की रात आग लगी थी। उनके घर के स्टोर रूम से 500-500 रुपये के जले नोटों के बंडलों से भरे बोरे मिले थे।

## वक्फ कानून पर लगातार दूसरे दिन भी हुई सुनवाई

**वक्फ का इस्लाम में जिक्र, लेकिन इस्लाम का अनिवार्य हिस्सा नहीं: केंद्र**

**नई दिल्ली।** वक्फ (संशोधन) कानून की वैधता को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर सुप्रीम कोर्ट में बुधवार को लगातार दूसरे दिन सुनवाई हुई।

केंद्र की तरफ से सॉलिसिटर जनरल (एसजी) तुषार मेहता ने कोर्ट से कहा कि सरकारी जमीन पर किसी का कोई हक नहीं हो सकता, चाहे वो 'वक्फ बाय यूजर' के आधार पर ही क्यों न हो। एसजी मेहता के मुताबिक अगर कोई जमीन सरकारी है, तो सरकार को पूरा अधिकार है कि वह उसे वापस ले ले, भले ही उसे वक्फ घोषित कर दिया गया हो। किसी भी प्रभावित पक्ष ने अदालत का दरवाजा नहीं खटखटाया। किसी ने भी ये नहीं कहा कि संसद के पास इस कानून को पारित करने का अधिकार नहीं है। वक्फ एक इस्लामी अवधारणा है, इस पर कोई विवाद नहीं है, लेकिन वक्फ इस्लाम का अनिवार्य हिस्सा नहीं है। जब तक यह साबित न हो जाए, बाकी तर्क विफल हो जाते हैं। वक्फ कानून -शेष पृष्ठ दो पर




xmart *Price indicated is Ex-Showroom price of MX1 petrol variant (All India). Terms of offer may be altered/amended/withdrawn without prior notice. Accessories shown are not part of standard equipment. *T&C apply. To book online visit auto.mahindra.com.

A2Z AUTOWHEELS PVT. LTD. — MUZAFFARNAGAR 7617595008, 8392954021; SHAMLI 7617595008
SHREE SHYAM JI AUTOMOTIVE — MEERUT 7428594673, 7302255500; BAGHPAT 7428594673
JAI KUMAR ARUN KUMAR PVT. LTD. — MEERUT 9711831908, 8929469900; MAWANA 9711831908; SARDHANA 9711831908
SHIVA AUTO CORP — BULANDSHAHAR 7617595010, 8929088709
TIRUPATI VEHICLES PVT. LTD. — BIJNOR 7617595014; SAHARANPUR 7617595014; GAJRAULA 7617595014; DHAMPUR 7617595014; DEOBAND 7617595014; GANGOH 7617595014

## संक्षिप्त समाचार

### खड़गे-राहुल ने बुकर पुरस्कार जीतने पर दी बानो मुश्ताक को बधाई

**नई दिल्ली।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी तथा पार्टी सांसद शशि थरूर ने कन्नड़ लेखिका बानु मुश्ताक को प्रतिष्ठित अंतरराष्ट्रीय बुकर पुरस्कार जीतने पर बुधवार को प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उन्हें बधाई दी और कहा कि लेखिका ने देश तथा कन्नड़ भाषा का नाम रोशन किया है। खड़गे ने कहा कि भारत को बानू मुश्ताक पर बहुत गर्व है, जिन्होंने लघु कथा संकलन - 'हार्ट लैंप' के लिए प्रतिष्ठित अंतर्राष्ट्रीय बुकर पुरस्कार जीतने वाली पहली कन्नड़ लेखिका बनकर इतिहास रच दिया है। यह उल्लेखनीय साहित्यिक उपलब्धि है, जिसने कन्नड़ और भारत दोनों को वैश्विक स्तर पर सम्मानित किया है।

### करंट लगने से चार मरे, तीन गंभीर

**गाजीपुर।** उत्तर प्रदेश में गाजीपुर जिले के मरदह क्षेत्र में पूजन समारोह की तैयारी के दौरान करंट लगने से चार लोगों की मौत हो गई, जबकि तीन अन्य गंभीर रूप से झुलस गए। पुलिस सूत्रों ने बताया कि पीपनार नरवर गांव निवासी सुरेन्द्र पंथी के यहां काशीदास पूजन के तैयारी के दौरान पांडाल बनाते समय हाई वोल्टेज लाइन से विद्युत तार से बांस के स्पर्श होने से सात लोग झुलस गये। सभी घायलों को मऊ स्थित फातिमा चिकित्सालय लाया गया जहां चिकित्सकों ने छोटेलाल यादव (35), रविंद्र यादव (29), गोरख यादव (23) और अमन यादव (19) को मृत घोषित कर दिया। सभी मृतक पीपनार नरवर गांव के निवासी है।

### अपराध नियंत्रण पर भाजपा के सभी दावे झूठेः अखिलेश

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि प्रदेश की कानून व्यवस्था ध्वस्त हो चुकी है और अपराध नियंत्रण के भाजपा सरकार के सभी दावे झूठे साबित हो रहे हैं। यादव ने बुधवार को एक बयान में कहा कि कानून व्यवस्था और अपराध को लेकर भाजपा सरकार का जीरो टॉलरेंस का दावा जीरो हो चुका है। महिलाओं के साथ हत्या, लूट, बलात्कार की घटनाएं लगातार बढ़ती जा रही है। भाजपा सरकार की नाकामी से महिला अपराध में यूपी नंबर वन बन गया है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार में उत्तर प्रदेश में कोई भी सुरक्षित नहीं है। गरीबों के साथ अन्याय, अत्याचार की घटनाएं भी लगातार बढ़ती जा रही है। किसी को न्याय नहीं मिल रहा है। धरातल पर कोई कार्य नहीं हो रहा है।

### ऑपरेशन सिंदूर: जवानों के पराक्रम को किया सलाम

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर के उप राज्यपाल मनोज सिन्हा ने बुधवार को पुंछ जिले में सेना के जवानों के बीच पहुंच कर उनके शौर्य एवं पराक्रम को सलाम किया और कहा कि धर्म की जीत हुई है और अधर्म ने उनके हथियारों एवं पराक्रम के आगे घुटने टेक दिए हैं। सिन्हा ने लिखा, 'ऑपरेशन सिंदूर' के दौरान सेना के वीर जवानों के अदम्य साहस व वीरता के लिए उन्हें सलाम। पुंछ में जवानों से बातचीत के दौरान मैंने उनकी अजेय शक्ति को याद किया, जिसने भारत के लिए निर्णायक जीत सुनिश्चित की। उन्होंने कहा कि धर्म की जीत हुई है और अधर्म ने आपके हथियारों एवं पराक्रम के आगे घुटने टेक दिए हैं।

# जय हिंद सभाओं में सरकार से पूछेंगे सवालः कांग्रेस

नई दिल्ली, वार्ता

■ ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर जवानों को करेंगे सलामः रोहित चौधरी

कांग्रेस ने बुधवार को कहा कि पार्टी 24 से 31 मई तक देश के कई स्थानों पर जय हिंद सभाएं आयोजित करेगी, जिनमें पहलगाम हमले के बाद आतंकवादियों के खिलाफ की गई सैन्य कार्रवाई के दौरान सेना की बहादुरी को सलाम करके खुफिया तंत्र की विफलता को लेकर सरकार से सवाल पूछे जाएंगे।

कांग्रेस पूर्व सैनिक विभाग के प्रमुख कर्नल रोहित चौधरी और विंग कमांडर अनुमा आचार्य ने बुधवार को यहां पार्टी मुख्यालय में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में कहा कि पार्टी ने निर्णय लिया है कि 24 से 31 मई तक लोगों के बीच जाकर 'जय हिंद' सभाएं आयोजित की जाएंगी। यह सभाएं दो चरणों में आयोजित होगी, जिसके पहले चरण में 16 शहर चुने गए हैं, जहां जय हिंद' सभाएं की जाएंगी। इन सभाओं के जरिये सैनिकों की वीरता को नमन किया जाएगा। ये सभाएं राज्य और जिला स्तर पर होंगी, जिनमें हमारे सैनिकों की वीरता को नमन किया जाएगा। उन्होंने पहलगाम हमले को सुरक्षा की सबसे बड़ी विफलता और गृह मंत्रालय की नाक. ामी करार देते हुए कहा कि सरकार को बताना चाहिए कि यह हमला कैसे हुआ और फिर भारत ने इसके खिलाफ कैसे 'ऑपरेशन सिंदूर' शुरू किया। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि करीब एक महीने से देश काफी मुश्किल दौर से गुजर रहा है, इसलिए कांग्रेस ने यह निर्णय लिया है। इन सभाओं से संवाद स्थापित करके सरकार से सवाल पूछे जाएंगे कि पहलगांव में खुफिया तन्त्र विफल कैसे हुआ। अब तक आतंकवादी अब तक पकड़े क्यों नहीं गए और उन्हें पकड़ने के लिए सरकार क्या योजना बना रही है। सवाल है कि पाकिस्तान के खिलाफ सैन्य कार्रवाई को अचानक क्यों रोका गया और अमे. रिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कैसे दावा किया कि व्यापार के कारण उन्होंने संघर्ष विराम करवाया।

### मोदी ने सांसदों को विदेश जाने से पहले रोका हताशा में फिर किया शुरू : जयराम रमेश



**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सत्ता के जोश में पहले परंपराओं को बंद करते रहे, लेकिन जब छवि के धूमिल होने के संकट से घिरे तो फिर सांसद प्रतिनिधिमंडल विदेश भेजने का सिलसिला शुरु कर दिया है। कांग्रेस ने कहा की विदेश में गहरे संपर्क स्थापित करने के लिए 1950 में ही सांसदों के प्रतिनिधिमंडल को विदेश भेजने का सिलसिला शुरू हो गया था, लेकिन मोदी ने सत्ता में आने के बाद जोश दिखाते हुए इस क्रम को बंद किया और अब हताशा में इस क्रम को फिर से शुरू करते हुए सांसदों को विदेश भेज रहे हैं। पार्टी के संचार विभाग के प्रभारी जयराम रमेश ने बुधवार को यहां जारी एक बयान में कहा कि वर्ष 1950 के दशक से, विभिन्न राजनीतिक दलों के सांसदों को हर साल अक्टूबर और नवंबर में न्यूयॉर्क में संयुक्त राष्ट्र में प्रतिनिधिमंडल के रूप में भेजा जाता था। मोदी ने 2014 से इस परंपरा को बंद कर दिया, लेकिन अब जब वे हताश हैं और उनकी छवि वैश्विक स्तर पर धूमिल हो गई है, तो उन्हें अचानक सर्वदलीय सांसदों के प्रतिनिधिमंडलों के बारे में सोचना पड़ा।

# दिल्ली-एनसीआर में बारिश, ओले गिरे

नई दिल्ली, वार्ता



80 किमी की रफ्तार से हवा चलने से खम्भे और पेड़ उखड़े कई इलाकों की बिजली गुल

दिल्ली- एनसीआर में बुधवार की शाम करीब 7 बजे से अचानक मौसम बदल गया। देर रात तक तेज आंधी के साथ बारिश हो रही है। कई इलाकों में 80 किमी की रफ्तार से हवा चलने से पेड़ उखड़ गए। बिजली के पोल भी गिर गए, जिसकी वजह से कई इलाकों में बिजली गुल गई। कुछ जगहों पर ओले गिरने की भी खबर है।

दिल्ली के अलावा पश्चिमी उप्र, मध्य प्रदेश समेत 30 राज्यों के कुछ इलाकों में आंधी-बारिश हो रही है। इनमें हरियाणा, असम, मेघालय, गोवा और कर्नाटक के समुद्री इलाके शामिल हैं। गोवा में लगातार दूसरे दिन भारी बारिश जारी है। साथ ही 60 ाउची की रफ्तार से हवा चल रही है। बीते 24 घंटों में उत्तर गोवा के पेरनेम में 207 उउ से ज्यादा बारिश दर्ज हुई है। मौसम विभाग (आईएमडी) ने दोनों जिलों उत्तर और दक्षिण गोवा में आज आरेंज अलर्ट जारी किया था, फिर दोपहर में इसे बढ़ाकर रेड अलर्ट में बदल दिया गया। राज्य सरकार ने वाटरफाल, जंगल और ट्रैकिंग स्पाट पर एंट्री बैन कर दी है।

विभाग ने गुरुवार के लिए बारिश का आरेंज अलर्ट और इसके बाद 27 मई तक यलो अलर्ट जारी किया है। इंडिगो एयरलाइन ने कहा, श्भारी बारिश के चलते आज गोवा की फ्लाइट्स प्रभावित हो सकती हैं। एयरपोर्ट जाने से पहले फ्लाइट का स्टेटस जरूर चेक करें। वहीं, उत्तर प्रदेश में भीषण गर्मी का प्रकोप जारी है। हीट वेव और गर्मी से जुड़ी बीमा. रियों के लिए राजधानी लखनऊ के अस्पतालों में कोल्ड वार्ड बनाए गए हैं। हीट वेव मरीजों के लिए 20 बेड रिजर्व हैं, जिसमें 10 इमरजेंसी के लिए हैं। लोगों को दोपहर 12 बजे से 4 बजे तक घर से न निकलने की सलाह दी गई है।

# छुट्टियों में वकील काम नहीं करना चाहतेः सीजेआई

शाह टाइम्स ब्यूरो



■ कहाः जज वेकेशन में भी होते हैं, लेकिन पेंडिंग केसों के लिए न्यायपालिका पर ठीकरा फूटता है

**नई दिल्ली।** चीफ जस्टिस ऑफ इंडिया (सीजेआई) बीआर गवई ने बुधवार को कहा कि वकील छुट्टियों के दौरान काम करना नहीं चाहते, लेकिन केसों के बढ़ते बोझ (बैकलॉग) के लिए जजों को जिम्मेदार ठहराया जाता है।

दरअसल, सीजेआई गवई और जस्टिस ऑगस्टीन जार्ज मसीह की बेंच एक मामले की सुनवाई कर रही थी। तब एक वकील ने अपनी याचिका की सुनवाई गर्मी की छुट्टियों के बाद करने की मांग की। सुप्रीम कोर्ट ने हाल ही में एक नोटिफिकेशन जारी किया है, जिसमें बताया गया है कि 26 मई से 13 जुलाई तक अदालत आंशिक रूप से काम करती रहेगी। इस दौरान हर हफ्ते 2 से 5 बेंच बैठेंगी। खास बात यह है कि खुद सीजेआई समेत सुप्रीम कोर्ट के पांच जज छुट्टियों में भी केसों की सुनवाई करेंगे, जबकि पहले ऐसा नहीं होता था। पहले केवल दो वैकेशन बेंच होती थीं और सीनियर जज छुट्टियों में कोर्ट नहीं आते थे। छुट्टियों में भी सीजेआई गवई भी कोर्ट आएंगे 26 मई से एक जून तक सीजेआई गवई, जस्टिस सूर्यकांत, जस्टिस विक्रम नाथ, जस्टिस बीवी नागरत्ना और जस्टिस जेके माहेश्वरी मामलों की सुनवाई करेंगे। इस दौरान सुप्रीम कोर्ट की रजिस्ट्री सोमवार से शुक्रवार सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक खुली रहेगी। शनिवार, रविवार और सार्वजनिक छुट्टियों पर रजिस्ट्री बंद रहेगी। सुप्रीम कोर्ट में 83 हजार केस पेंडिंग, अब तक की सबसे बड़ी संख्या देश की सर्वोच्च अदालत सुप्रीम कोर्ट में 82,831 केस पेंडिंग हैं। यह अब तक पेंडिंग केसों की सबसे बड़ी संख्या है। अकेले 27,604 पेंडिंग केस पिछले एक साल के अंदर दर्ज हुए हैं। एक रिपोर्ट के मुताबिक, सुप्रीम कोर्ट में 2024 में 38,995 नए केस दर्ज किए गए।

## संस्थागत व्यवस्थाएं और अधिक सुदृढ़ की जाएंः सीएम

# सभी मंडलों में बनेंगे दिव्यांग पुनर्वास केन्द्र

शाह टाइम्स ब्यूरो



■ निगम की बसों में निःशुल्क यात्रा सुविधा उपलब्ध कराई जा रही
■ वर्तमान में 1680 बच्चों को आवासीय शिक्षा प्रदान की जा रही

**लखनऊ।** यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग की समीक्षा करते हुए कहा कि कुछ अराजक तत्व सुनियोजित ढंग से दिव्यांगजनों के विद्यालयों और शिवविद्यालयों में भ्रम फैलाकर उन्हें अवांछित और समाजविरोधी गति. विधियों की ओर ले जाने की को. शिश कर रहे हैं। हमें छात्रों की सुरक्षा और मानसिक-सामाजिक संरक्षण सुनिश्चित करना होगा। उन्होंने निर्देश दिए कि इन संस्थानों में सहायता के नाम पर प्रस्ताव देने वाली बाहरी संस्थाओं की पृष्ठभूमि की गहन जांच-पड़ताल के बाद ही उनकी अनुमति दी जाए।

बैठक में ये भी जानकारी दी गई कि अब तक प्रदेश में 15 लाख दिव्यांगजन यूडीआईडी पोर्टल पर पंजीकृत हो चुके हैं, जिनमें अधिकांश को यूनिक आईडी कार्ड निर्गत किए जा चुके हैं। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि प्रदेश के सभी 18 मंडल मुख्यालयों पर 'दिव्यांग पुनर्वास केंद्रों' की स्थापना प्राथमिकता के आधार पर की जाए, ताकि पुनर्वास, शिक्षा और कौशल विकास से संबंधित सेवाएं स्थानीय स्तर पर ही सुलभ हो सकें। अधिक. ारियों ने बैठक में ये भी जानकारी दी कि दिव्यांगजन पेंशन योजना के अंतर्गत वर्तमान में 11.04 लाख लाभार्थियों को 1300 करोड़ रुपए की पेंशन राशि वितरित की गई है, जबकि कुष्ठरोग पीड़ित लगभग 12 हजार व्यक्तियों को 3000 रुपए प्रतिमाह की दर से सहायता दी जा रही है। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि राज्यस्तरीय अभियान चलाकर ये पता लगाया जाए कि किन पात्र व्यक्तियों को अभी तक पेंशन नहीं मिल रही है, साथ ही जो अपात्र लाभ ले रहे हैं, उन्हें भी चिह्नित कर कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। पिछले वित्तीय वर्ष में 35,136 दिव्यांगजनों को ट्राइसाइकिल, व्हीलचेयर, ब्रेल किट्स जैसे सहायक उपकरणों के लिए 28.93 करोड़ की सहायता दी गई है। मोटराइज्ड ट्राइसाइकिल योजना के अंतर्गत 270 अत्यंत दिव्यांगजन को दो लाख रुपए तक की मशीनें उपलब्ध कराई गईं। सीएम ने कहा कि केंद्र सरकार की तरफ से चलाई जा रही योजनाओं का लाभ प्रदेश के लाभार्थियों तक पूरी तत्परता से पहुंचें, ये सुनिश्चित किया जाए। दिव्यांगजनों को राज्य परिवहन निगम की बसों में निःशुल्क यात्रा सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। बैठक में जानकारी दी गम्र कि बीते वित्तीय वर्ष में 31 लाख से अधिक दिव्यांगजनों ने इस सुविधा का लाभ उठाया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि प्रदेश के सभी बचपन डे केयर सेंटरों, मान. सिक मंदित आश्रय केंद्रों, समेकित विद्यालयों और 'ममता', 'स्पर्श' और 'संकेत' विद्यालयों का निरीक्षण किया जाए। यहां अध्ययन कर रहे बच्चों से संवाद स्थापित कर उनकी आवश्यकताओं, आकांक्षाओं और अभिभावकों की अपेक्षाओं को समझते हुए संस्थागत व्यवस्थाएं और अधिक सुदृढ़ की जाएं। इन विद्यालयों में शिक्षकों के खाली पदों को भरा जाए और जब तक रेगुलर नियुक्ति न हो तब तक अन्य वैकल्पिक व्यवस्था से योग्य युवाओं की सेवाएं ली जाएं। इन युवाओं को भविष्य की चयन प्रक्रियाओं में वेटेज प्रदान किया जाना चाहिए। सीएम ने कहा कि ये योजना तभी प्रभावी हो सकती है, जब नवजात स्तर से ही उपचार प्रारम्भ हो। उन्होंने निर्देश दिए कि हाल ही में योजना से लाभान्वित 214 बच्चों की स्वास्थ्य स्थिति का फालोअप करते हुए उनके परिवारों से संवाद स्थापित किया जाए।

### यूपी के मदरसों में अब मैथ, साइंस भी जरूरी

योगी सरकार के मंत्री दानिश ने दी जानकारी

**लखनऊ।** यूपी के मदरसों में अब बच्चे मैथ, साइंस और कम्प्यूटर की शिक्षा भी ग्रहण करेंगे। यह जानकारी योगी सरकार में मंत्री दानिश आजाद अंसारी ने दी। उन्होंने कहा कि मदरसे में पढ़ने वाला बच्चा दीन और इस्लाम की बेहतर तालीम के साथ अन्य चीज भी जाने इसको लेकर हमारी कोशिश है, दीनी तालीम के साथ-साथ आधुनिक शिक्षा को भी हम उन्हें दें। इन तमाम विषयों को देखते हुए मुख्यमंत्री ने कुछ दिनों पहले बैठक ली। उन्होंने कहा कि बेहतर करिकुलम के साथ अब मदरसे की शिक्षा को हम डिजाइन करने जा रहे हैं। दानिश ने कहा कि मदरसे में एनसीईआरटी के कोर्स को जोड़ने जा रहे हैं। उन्होंने साफ किया कि दीनी तालीम के साथ कहीं कोई छेड़छाड़ नहीं होगी, पर उसके साथ-साथ आधुनिक शिक्षा को भी जोड़ेंगे, स्पोर्ट्स एक्टिविटी को जोड़ेंगे। इसमें कंप्यूटर लैब, साइंस लैब डेवलप करेंगे। मदरसे में स्किल डेवलपमेंट सेंटर को बढ़ावा देंगे। मदरसे में कैरियर गाइडेंस के लिए करियर काउंसिल प्रोग्राम लगाएंगे। यहां पढ़ने वाली बच्चियों के लिए बेहतर भविष्य से कैसे उनको कनेक्ट किया जाए, इसको लेकर काम करेंगे। उन्होंने कहा की हम एक विशेष करिकुलम, एक नीति बनाने जा रहे हैं। सीएम ने इसको लेकर स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि मदरसा शिक्षा को बेहतर और बेहतरीन बनाना है।

## अर्थ व्यापार

# लिवाली की बदौलत गिरावट से उबरा बाजार

मुंबई, वार्ता



विश्व बाजार के मिलेजुले रुख के बीच स्थानीय स्तर पर हुई चौतरफा लिवाली की बदौलत पिछले लगातार तीन सत्रों की गिरावट से उबरकर बुधवार को शेयर बाजार आधे प्रतिशत से अधिक उछल गया।

बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 410.19 अंक अर्थात 0.51 प्रतिशत की छलांग लगाकर 81,596.63 अंक और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 129.55 अंक यानी 0.52 प्रतिशत की तेजी के साथ 24813.45 अंक पर बंद हुआ। इसी तरह बीएसई का मिडकैप 0.90 प्रतिशत उछलकर 44,786.03 अंक और स्मॉलकैप 0.51 प्रतिशत मजबूत होकर 51,200.19 अंक हो गया। इस दौरान बीएसई में कुल 4115 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 2291 में तेजी जबकि 1685 में गिरावट रही, वहीं 139 में कोई बदलाव नहीं हुआ। इसी तरह एनएसई में कारोबार के लिए रखी गई कुल 2941 कंपनियों के शेयरों में से 1753 में लिवाली जबकि 1095 में बिकवाली हुई, वहीं 93 के भाव स्थिर रहे। बीएसई में कंज्यूमर ड्यूरेबल्स में 0.64 प्रतिशत की गिरावट को छोड़कर अन्य 20 समूहों में लिवाली हुई। इससे कमोडिटीज 0.29, सीडी 0.66, ऊर्जा 0.27, एफएमसीजी 0.29, वित्तीय सेवाएं 0.67, हेल्थकेयर 0.93, इंडस्ट्रियल्स 1.35, आईटी 0.59, दूरसंचार 1.24, यूटिलिटीज 0.37, ऑटो 0.73, बैंकिंग 0.27, कैपिटल गुड्स 1.65, धातु 0.46, तेल एवं गैस 0.53, पावर 0.78, रियल्टी 1.58, टेक 0.81, सर्विसेज 0.50 और फोकस्ड आईटी समूह के शेयर 0.66 प्रतिशत मजबूत रहे। अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर मिलाजुला रुख रहा। इससे ब्रिटेन का एफटीएसई 0.16, जर्मनी का डैक्स 0.49 और जापान का निक्केई 0.61 प्रतिशत लुढ़क गया। वहीं हांगकांग का हैंगसेंग 0.62 और चीन का शंघाई कंपोजिट 0.21 प्रतिशत मजबूत रहा। शुरुआती कारोबार में सेंसेक्स 141 अंक की तेजी के साथ 81,327.61 अंक पर खुला और मजबूत लिवाली के दम पर थोड़ी देर बाद ही 81,327.61 अंक के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया।

### बारामूला भारी मात्रा में जब्त प्रतिबंधित पदार्थ नष्ट

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर की बारामुला पुलिस ने बुधवार को मजिस्ट्रेट की मौजूदगी में करोड़ों रुपये मूल्य के प्रतिबंधित पदार्थ और नशीली दवाओं को नष्ट कर दिया। पुलिस ने बताया कि जिला स्तरीय ड्रग डिस्पोजल कमेटी बारामुला ने एनडीपीएस एक्ट की धारा 52ए के तहत भारी मात्रा में जब्त नशीली दवाओं और मादक पदार्थों को नष्ट कर दिया। पुलिस ने बताया कि उरी, क्रेरी, शीरी, बारामूला, बोनियार और पट्टन पुलिस स्टेशनों के 33 मामलों में जब्त प्रतिबंधित पदार्थों को नष्ट कर दिया गया। नष्ट किए गए पदार्थों में 1.270 किलोग्राम हेरोइन, 1.703 किलोग्राम चरस, 13 किलोग्राम पोस्ता भूसा, 20.121 किलोग्राम गांजा, अल्प्राजोलम 0.5 मिलीग्राम 340 गोलियां शामिल है।

# खाद्य तेलों में टिकाव, अरहर दाल महंगी

नई दिल्ली, वार्ता



विदेशी बाजारों के मिश्रित रुझान के बीच स्थानीय स्तर पर उठाव सुस्त रहने से आज दिल्ली थोक जिंस बाजार में खाद्य तेलों में टिकाव रहा, जबकि मांग निकालने से अरहर दाल महंगी हो गई वहीं अन्य जिंसों के भाव स्थिर रहे।

**तेल-तिलहनः** वैश्विक स्तर पर मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का जून वायदा 25 रिंगिट की गिरावट के साथ 3895 रिंगिट प्रति टन पर आ गया। वहीं जून का अमे. रिकी सोया तेल वायदा 0.52 सेंट चढ़कर 50.02 सेंट प्रति पौंड बोला गया। इस दौरान घरेलू बाजार में खाद्य तेलों में टिकाव रहा। सरसों तेल, मूंगफली तेल, सूरजमुखी तेल, सोया रिफाइंड, पाम ऑयल और वनस्पति तेल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ और पिछले स्तर पर पड़े रहे। गुड़-चीनीः मीठे के बाजार में स्थिरता रही। इस दौरान चीनी और गुड़ के भाव पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर टीके रहे। दाल-दलहनः दाल-दलहन के बाजार में अरहर दाल में 100 रुपये प्रति क्विंटल तक की तेजी को छोड़कर अन्य दालों में टिकाव रहा। इस दौरान चना, दाल चना, मसूर दाल, मूंग दाल और उड़द दाल में कोई बदलाव नहीं हुआ। अनाजः अनाज मंडी में भाव स्थिर रहे। इस दौरान गेहूं और चावल के दाम पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर पड़े रहे। सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के थोक दाम इस प्रकार रहे:- दाल-दलहनः चना 6100-6200, दाल चना 7100-7200, मसूर काली 7650-7750, मूंग दाल 9850-9950, उड़द दाल 9250-9350, अरहर दाल 8600-8700 रुपये प्रति क्विंटल रहे। अनाज : (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2950-3050 रुपये और चावल 3550-3650 रुपये प्रति क्विंटल रहा। चीनी-गुड़ः चीनी एस. 4280-4380, चीनी एम. 4500-4600, मिल डिलीवरी 3620-3720 और गुड़ 4400-4500 रुपये प्रति क्विंटल बोले गये। खाद्य तेल : सरसों तेल 15385 रुपये, मूंगफली तेल 17802 रुपये, सूरजमुखी तेल 16703 रुपये, सोया रिफाइंड 14652 रुपये, पाम ऑयल 14066 रुपये और वनस्पति तेल 15677 रुपये प्रति क्विंटल पर रहा है।

## प्रथम पृष्ठ के शेष...

**बानू मुश्ताक..** .. अनुभव के ताने-बाने में हर धागा मायने रखता है। ऐसी दुनिया में जो अक्सर हमें बांटने करने की कोशिश करती है, साहित्य उन खोई हुई पवित्र जगहों में से एक है, जहां हम एक-दूसरे के दिमाग में रह सकते हैं, भले ही कुछ पन्नों के लिए ही क्यों न हो। 5 किताबें, जो बुकर प्राइज की रेस में थी- ऑन द कैलकुलेशन ऑफ वॉल्यूम, लेखक- सोलवेज बैले, ट्रांसलेटर- डेनिश से बारबरा जे. हैवलैंड, स्मॉल बोट, लेखक- विंसेंट डेलेक्रोइक्स, ट्रांसलेटर- हेलेन स्टीवेंसन, अंडर द आई ऑफ द बिग बर्ड, लेखक- हिरोमी कावाकॉमी, ट्रांसलेटर- आसा योनेडा, परफेक्शन, लेखक- व्रिन्सेन्जो लैट्रोनिको, ट्रांसलेटर- सोफी ह्यूजेस, ए लेपर्ड-स्किन हैट, लेखक- ऐनी सेरे, ट्रांसलेटर- मार्क हचिंसन। 2022 में गीतांजलि श्री के उपन्यास रेत समाधि (टाम्ब ऑफ सैंड) को इंटरनेशनल बुकर प्राइज से सम्मानित किया गया था। 2022 में गीतांजलि श्री के उपन्यास रेत समाधि (टाम्ब ऑफ सैंड) को इंटरनेशनल बुकर प्राइज से सम्मानित किया गया था। इससे पहले 2022 में भारत की राइटर गीतांजलि श्री ने उपन्यास टाम्ब ऑफ सैंड के लिए प्रतिष्ठित बुकर प्राइज जीता था। टाम्ब ऑफ सैंड बुकर जीतने वाली हिंदी की पहली किताब थी। इसका अंग्रेजी अनुवाद डेजी राकवेल ने किया है। गीतांजलि श्री का उपन्यास हिंदी में 'रेत समाधि' नाम से पब्लिश हुआ था। गीतांजलि श्री का उपन्यास दुनिया की उन 13 पुस्तकों में शामिल था, जिन्हें पुरस्कार की लिस्ट में शामिल किया गया था। पुरस्कार की घोषणा 7 अप्रैल 2022 में लंदन बुक फेयर में की गई थी। 2025 से पहले यह किसी भी भारतीय भाषा में अवॉर्ड जीतने वाली पहली किताब थी।

**छत्तीसगढ़ में ...** सीमावर्ती इलाके में बड़ा ऑपरेशन जारी है। सुरक्षाबलों को प्राप्त जानकारी के आधार पर ऑपरेशन को अंजाम दिया गया है। इसमें जवानों को बड़ी कामयाबी हासिल हुई है। अब तक 27 नक्सली मारे जाने की सूचना मिली है। वहीं इस ऑपरेशन में रूपेश से भी बड़े कमांडर फंसे हुए हैं। ऑपरेशन अभी भी जारी है। इसके साथ ही गृह मंत्री ने यह भी जानकारी दी है कि मुठभेड़ में एक जवान शहीद और कुछ जवान घायल भी हुए हैं। मारे गए सभी माओवादियों के शव जवानों के द्वारा बरामद कर लिए गए हैं। इस मामले की पुष्टि बस्तर आईजी सुंदरराज पी. ने की है। श्री सुंदरराज ने प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से जानकारी देते हुए बताया कि बस्तर संभाग के नक्सल प्रभावित नारायणपुर जिले के ओरछा थाना क्षेत्र में स्थित अबूझमाड़ इलाके में बुधवार को सुरक्षाबल के जवानों और माओवादियों के बीच जबरदस्त मुठभेड़ हुई है। इस मुठभेड़ में जवानों ने 27 माओवादियों को मार गिराया है। मुठभेड़ के बाद जवानों ने घटनास्थल से मारे गए सभी 27 माओवादियों के शवों को भी बरामद कर लिया है। इसके साथ ही जवानों ने घटनास्थल से माओवादियों के कई हथियार भी बरामद किया है। वहीं इस मुठभेड़ में डीआरजी के एक जवान की शहादत के साथ कुछ जवान घायल भी हुए है। घायल जवानों को तत्काल मेडिकल हेल्प प्रदान की गई है। घायल जवानों की स्थिति खतरें से बाहर है। बस्तर आईजी ने इस घटना में माओवादी संगठन के कई बड़े लीडरों के मारे जाने और घायल होने की भी आशंका जताई हैं। बताया गया कि अभी भी उक्त इलाके में जवानों के द्वारा सर्च ऑपरेशन जारी है। मुठभेड़ स्थल पर नक्सलियों के शीर्ष कमांडरों को भी सुरक्षाबलों ने घेर लिया है। इनमें नक्सली लीडर रुपेश और विकल्प के भी फंसे होने की जानकारी सामने आई है। इन दोनों पर सुरक्षा एजेंसियों को लंबे समय से नजर थी और अगर इनकी गिरफ्तारी या मुठभेड़ में मारे जाने की पुष्टि होती है तो यह नक्सल विरोधी अभियान में यह एक बड़ी कामयाबी होगी। दक्षिण बस्तर क्षेत्र के उप पुलिस महानि. रीक्षक कमलोचन कश्यप ने बताया कि नारायणपुर, बीजा. पुर, दंतेवाघ तथा कोंडागांव जिले के स्थानीय जिला रिजर्व पुलिस के जवान इन चारों जिलों के सीमावर्ती क्षेत्र में लगातार नक्सलियों से मुठभेड़ जारी है। जिला रिजर्व पुलिस के जवान स्थानीय होने के कारण में इलाके के भौगोलिक स्थिति से परिचित है। अबुझमाड़ क्षेत्र में एक करोड़ का इनामी नक्सली नेता जनरल सेकेटी डुबाला केशव राव उर्फ राजू समेत तीस से अधिक नक्सली मारे जाने की खबर है। पुलिस ने बताया कि कोंडागांव, नारायणपुर व बीजापुर के सीमा क्षेत्र इलाके में मुठभेड़ जारी है।

**वक्फ कानून...** के खिलाफ लगी याचिकाओं पर सीजेआई बीआर गवई और जस्टिस एजी मसीह की बेंच सुनवाई कर रही है। केंद्र की तरफ से सॉलिसिटर जनरल (एसजी) तुषार मेहता और याचिकाकर्ताओं की तरफ से कपिल सिब्बल पैरवी कर रहे हैं। मेहता ने कहा था, सुनवाई उन तीन मुद्दों पर हो, जिन पर जवाब दाखिल किए हैं। नए वक्फ कानून के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट सिर्फ 5 मुख्य याचिकाओं पर ही सुनवाई कर रहा है। इसमें एआईएमआईएम सांसद असदुद्दीन ओवैसी की याचिका शामिल है। सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने सुप्रीम कोर्ट से कहा कि यह ऐसा मामला नहीं है, जहां मंत्रालय ने एक बिल बनाया और बिना सोच-विचार के वोटिंग कर दी गई हो। कुछ याचिकाकर्ता पूरे मुस्लिम समुदाय की ओर से नहीं बोल सकते। आपके पास जो याचिकाएं आई हैं, वे ऐसे लोगों ने दायर की हैं जो सीधे इस कानून से प्रभावित नहीं हैं। उन्होंने आगे कहा कि किसी ने यह नहीं कहा कि संसद को यह कानून बनाने का अधिकार नहीं था। संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) की 96 बैठकें हुई और हमें 97 लाख लोगों से सुझाव मिले, जिस पर बहुत सोच-समझकर काम किया गया।

# यूपी में 14 आईएएस इधर से उधर

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार ने चार जिलाधिकारियों समेत भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) के 14 अधिक. ारियों का तबादला कर दिया है। आधिकारिक सूत्रों ने बुधवार को बताया कि अपर मुख्य सचिव वित्त दीपक कुमार को मौजूदा दायित्व के साथ साथ कृषि उत्पादन आयुक्त का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है, जबकि हरदोई के जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह को बलिया का जिलाधिकारी बनाया गया है। वहीं बलिया के मौजूदा डीएम बलिया प्रवीण कुमार लक्षकार को संयुक्त प्रबंध निदेशक यूपी जल निगम (शहरी) के पद पर स्थानांतरित किया गया है। जिलाधिकारी महाराजग. ंज अनुनय झा को हरदोई का नया डीएम बनाया गया है, जबकि अयोध्या तीर्थ विकास परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) संतोष कुमार शर्मा अब महाराजगंज के नए जिलाधिकारी होंगे। सिद्धार्थ नगर के मुख्य विकास अधिकारी (सीडीओ) जयेंद्र कुमार को अयोध्या तीर्थ विकास परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) और नगर आयुक्त अयोध्या के पद पर स्थानांतरित किया गया है। ज्वाइंट मजिस्ट्रेट गोरखपुर मृणाली अविनाश जोशी को सीडीओ सिद्धार्थ नगर के पद पर तैनात किया गया है। संस्कृति विभाग में विशेष सचिव रविन्द्र कुमार-1 को कृषि विभाग में इसी पद पर भेजा गया है। संयुक्त प्रबंध निदेशक यूपी जल निगम ज्ञानेन्द्र सिंह को डीएम पीलीभीत बनाया गया है। संजय कुमार सिंह को संस्कृति विभाग में विशेष सचिव बनाया गया है। उपाध्यक्ष अलीगढ़ विकास प्राधिकरण अपूर्वा दुबे को निदेशक राज्य नगरीय विकास प्राधिकरण (सूडा) बनाया गया है।

शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

Cipzer
— HEALTH WITH CARE —
हैल्थ प्लस सिरप
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

वैधानिक सूचना
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

# बेकाबू ट्रक ने बाइक सवारों को रौंदा

## मां-बेटी की मौके पर दर्दनाक मौत, ग्रामीणों ने नहीं उठने दिए शव

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चरथावल।** कस्बे के रोहाना बस स्टैंड के निकट ट्रक ने बाइक सवारों को बुरी तरह कुचल दिया।जिससे मां-बेटी की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई।जबकि बाइक सवार घायल हो गया।घटना के बाद मौके पर ग्रामीणों की भारी भीड़ जमा हो गई। सूचना मिलते ही चरथावल थाना प्रभारी पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे तथा घटना की जानकारी ली। पुलिस ने जैसे ही शवों को उठाने का प्रयास किया परन्तु ग्रामीणों ने उठने नही दिया। कस्बे के जिम्मेदारी लोगों के आने के बाद शव को सीएचसी भेजा गया। पुलिस ने दोनों मृतकों के शव का पंचनामा भरकर पीएम के लिए भेज दिया। घटना के बाद ट्रक चालक मौके से फरार गया पुलिस ने ट्रक को कब्जे में लेकर जांच पड़ताल शुरू कर दी है। चरथावल कस्बे के मौहल्ला तगायान मुस्लिम निवासी 55 वर्षीय महिला शायरा बानो पत्नी ताजीम अपने पुत्र व अपनी पुत्री 28 वर्षीय चांदनी पत्नी मुनीर निवासी ग्राम निर्धना थाना चरथावल के साथ मुजफ्फरनगर से दवाई लेकर वापस घर लौट रही थी। जैसे ही वह चरथावल कस्बे में रोहाना बस स्टैंड के निकट पहुंचे तो वहां पर ट्रक चालक ने बाइक सवारों को बुरी तरह कुचल दिया जिससे मां-बेटी की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई, जबकि बाइक सवार घायल हो गया। घटना के बाद मौके पर ग्रामीणों की भारी भीड़ जमा हो गई। सूचना मिलते ही चरथावल थाना प्रभारी पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे तथा घटना की जानकारी ली। पुलिस ने जैसे ही शवों को उठाने का प्रयास किया परन्तु ग्रामीणों ने उठने नही दिया। कस्बे के जिम्मेदारी लोगों के आने के बाद शव को सीएचसी भेजा गया। पुलिस ने दोनों मृतकों के शव का पंचनामा भरकर पीएम के लिए भेज दिया। घटना के बाद ट्रक चालक मौके से हो गया पुलिस ने ट्रक को कब्जे में ले लिया है।

थानाभवन चरथावल मार्ग का चौडीकरण कार्य जहाँ बाहरी छोर पर पूरा होने को हे वही चरथावल मे कुछ किसान संगठनों ने मुख्य मार्ग का चौडीकरण कार्य रुकवा रखा हे जिसके बाद क्षेत्र मे अनेको हादसे हो चुके हे और आज कि घटना मे भी अतिक्रमण की मुख्य भूमिका है और दो महिलाओ कि मौत भी चरथावल मे मार्ग का चौडीकरण न होना भी मुख्य कारण है। आखिरकार जब देश मे निकल रहे हे बड़े बड़े हाइवे तो चरथावल मे अतिक्रमणधारियों के सामने क्यों पंगू नजर आ रहा हे प्रशासन चरथावल मे मुख्य मार्ग पर अतिक्रमणधारियों ने जमकर कर रखा है अवैध कब्जा अतिक्रमणधारियों ने अनेको बार लिया हे बढ़ चढ़कर हिस्सा, मार्ग के चौडीकरण को रुकवाने मे है मुख्य भूमिका।

# बारिश व ओलावृष्टि से मौसम हुआ खुशगवार



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** भीषण गर्मी और धूप तपिश से बिलबिलाए लोगों को बुधवार की शाम उस वक्त थोडी राहत मिली जब मौसम ने अचानक करवट ली और तेज हवाओं के साथ जिले के शहर व देहात क्षेत्र में आकाश में बिजली कडकने के साथ बूंदाबांदी शुरू हुई, हालांकि बारिश कुछ ही देर हुई,लेकिन ठंडी हवा और ओलावृष्टि से तापमान नीचे लुढका और मौसम ठंडा हो गया।इस दौरान शहर से सटे गांव सुजड्रू,चरथावल रोड, मेरठ रोड सहित ग्रामीण क्षेत्र में कई जगह ओले पडे। ओलावृष्टी के कारण लोगों ने कुछ देर के लिए सडक पर चलने से परहेज किया, हालांकि लोगों ने सडकों पर निकल. कर खुशगवार मौसम का लुत्फ भी उठाया। पिछले कुछ दिनों से शहर का अधिकतम तापमान 40 डिग्री सेल्सियस के पार पहुंच गया था जिससे भीषण गर्मी लोगों को झेलनी पड रही थी।

### आंधी और बारिश से लड़खड़ाई विद्युत आपूर्ति

**मुजफ्फरनगर।** अचानक आई आंधी और ओलावृष्टि से शहर से लेकर देहात तक के विद्युत आपूर्ति भी लडखडा उठी। के क्षेत्र में विद्युत तार टूट कर गिरने से देर रात तक भी विद्युत आपूर्ति बाहर नहीं हो सकी। शहर के कई क्षेत्रों में पीवीसी विद्युत लाइन बदलने का काम चल रहा था जिसके चलते सवेरे से शाम तक के लिए विद्युत सप्लाई बंद की गई थी ऐसे क्षेत्रों में आंधी आने के बाद लोगों के मुश्किलें और बढ गई विद्युत विभाग की मनमानी झेल रहे लोगों को सवेरे तक भी विद्युत सप्लाई नहीं होने से पानी के संकट से भी जूझना पडा।



मुजफ्फरनगर: रिमझिम बारिश के बीच महावीर चौक का नजारा।

# हमले में आठ साल व छेड़खानी में पांच वर्ष की कैद

■ दोषियों पर कोर्ट ने लगाया अलग-अलग जुर्माना भी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** एडीजे एफटीसी तृतीय ने धारा 308 के मामले में दोष सिद्ध होने पर युवक को पांच वर्ष के कारावास और आठ हजार रूपयें का जुर्माना किया है। वहीं पोक्सो कोर्ट द्वितीय में छेडखानी व धमकी के मामले में आरोप सिद्ध होने पर आरोपी को छह वर्ष के कारावास की सजा और उस पर पचास हजार रूपयें के जुर्माने की सजा सुनाई है। अभियोजन के अनुसार 2016 में धारा 308 आईपीसी का मामला कोतवाली थाना सिविल लाइन में दर्ज किया गया था जिसमें बताया गया था कि शहजाद पुत्र जुल्फिकार ने हमला किया है। इस मामले में घटना से संबंधित सभी गवाह स सबूत कोर्ट मे पेश किए गए जहां आरोपी शहजाद पाया गया जहां कोर्ट में उसको पांच वर्ष की सजा व आठ हजार रूपये का जुर्माना किया। वहीं दूसरे मामले में जानसठ थाने में किशोरी से छेडखानी व धमकी देने का मामला दर्ज हुआ था जिसमें आरा. प सिद्ध होने पर गौरव पुत्र सुशील निवासी सादपुर जानसठ को छह वर्ष के कारावास की सजा सुनाई गई। इस मामले में भी घटना से संबंधित सबूत व गवाह पेश किए गए और वकीलों ने अपनी-अपनी दलीले भी पेश की।

# आग का गोला बनी सड़क पर दौड़ती कार

■ चालक ने कार रोक कर बचाई सवारियों की जान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** बुधवार को पुरकाजी एक कार में तेज आग लग गई जहां आग कार में चारो ओर फेल गई और आग ऊपर तक फेलने लगी। गनीमत यह है रही कि चालक ने गाडी को तुरंत ही सड़क किनारे खडी कर सवारियों को नीचे उतार दिया था। यदि कार की रफ्तार होती तो यहां बडा नुकसान हो सकता था। आस-पास के लोगों ने बडी मशक्कत से आग पर काबू पाया।

छपार थाना क्षेत्र के गांव बरला निवासी सोमेन्द्र कुमार पुत्र चंदन सिंह अपने परिवार की महिलाओं व लोगों के साथ कार द्वारा पुरकाजी की ओर जा रहे थे जब उनकी कार पुराने सिनेमा हॉल के निकट पहुंची तो अचानक ही कार धूं-धूं कर जलने लगी और आग की लपटे आग की चारों ओर फैलकर ऊपर उठने लगी। घटना के समय कार सवार लोगों में अफरा-तफरी मच गई, हालाकि घटना के बाद ही चलक इस मामले को भाप गया था और इसने कार को सड़क किनारे लगा दी थी। कार से सभी लोग नीचे उतर चुके थे और आग की लपटे कार में उठती देख आस-पास के लोग यहां इकट्ठा हो गए उन्होने पानी डालकर आग बुझाने के प्रयास शुरू किए। भीड़ ने आग बुझाने के काफी प्रयास किए, लेकिन काफी मुशक्कत के बाद भी कार में काफी नुकासन हो चुका था बस गनीमत यह है रही कि यहां कोई जानी नुकसान नही हुआ।

लोगों का कहना है कि शॉर्ट सर्किट होने से आग लगी है और यदि कार तेज रफ्तार से होती तो बड़ा नुकसान हो जाता। यहां के ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि क्षेत्र में दमकल विभाग की तैनाती की जाए जिससे घटना पर जल्द काबू पाया जा सके।

# नौकर की पिटाई का एक और वीडियो वायरल, मुकदमा दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** कारोबारी विशु तायल की गुंदागर्दी की एक और वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुई है। कारोबारी ने चालक को बंधक बनाकर उसकी शर्ट उतरवाकर गाली गलौज के साथ डंडे से पिटाई की, हालांकि हिन्दुस्तान इस वायरल वीडियो की पुष्टि नहीं करता है। कारोबारी का पहले भी एक चालक की पिटाई का वीडियो वायरल हुआ था, लेकिन उसमे तहरीर न मिलने पर पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की थी। इस बार पुलिस ने चालक की तहरीर पर कारोबारी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

नई मंडी कोतवाली क्षेत्र के द्वारिकापुरी निवासी कारोबारी विशु तायल का ट्रांसपोर्ट का कारोबार है। कुछ दिन पूर्व उसका एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था, जिसमें उसने चालक को खुद से थप्पड लगवाए थे। पुलिस ने वीडियो का संज्ञान लेकर चालक से तहरीर मांगी थी, लेकिन उसने तहरीर देने से इंकार कर दिया था। इस कारण पुलिस इस मामले में कार्रवाई नहीं कर पायी थी। हालांकि पुलिस अपनी तरफ से रिपोर्ट दर्ज कर सकती थी। अब बुधवार को फिर से एक वीडियो वायरल हुआ, जिसमें एक कमरे में चालक की शर्ट उतरवाकर डंडे से पिटाई कर रहा है। लगभग एक मिनट 31 सैकेंड के वीडियो में चालक को लगातार धमकाया भी जा रहा है। वीडियो वायरल होने पर पुलिस ने मामले में संज्ञान लिया है। थाना प्रभारी दिनेश चंद बघेल ने बताया कि चालक मनोज निवासी कानपुर देहात से मेल पर तहरीर मंगाकर कारोबारी विशु तायल के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है।

# स्कूली बस चालक पर व्यापारियों ने जड़े आरोप

■ मंडी पुलिस ने दिया कार्यवाही का आश्वासन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** गौशाला रोड के व्यापारियों ने स्कूली बस चालक की शिकायत नई मंडी कोतवाली पुलिस से की है। आरोपी चालक गाडी को लापरवाही से चला रहा था और जब उसे समझाया गया तो चालक ने उनके साथ दुर्व्यवहार किया है। उन्होने चालक पर अन्य गंभीर आरोप भी लगाए है।

बुधवार को नई मंडी गौशाला रोड के व्यापारी नई मंडी कोतवाली पहुंचे। व्यापारियों ने पुलिस को बताया कि देहरादून पब्लिक स्कूल की बस इधर से गुजरती है जो बुधवार को भी इधर से गुजरती हुई जा रही थी आरोप लगाया कि चालक गाडी को लापरवाही से चला रहा था।

जिससे अनहोनी हो सकती थी जब इसका विरोध किया तो चालक ने यहां के व्यापारियों के साथ दुर्व्यवहार किया और उसने व्यापारियों को धमकी भी दी है। पुलिस ने व्यापारियों की समस्याओं को सुना और कार्यवाही का आश्वा. सन दिया और इस संबंध में स्कूल प्रबंधक से भी सम्पर्क किया गया। इस दौरान मंडी कोतवाली पहुचने वालों में अनुराग गोयल हरिष कुमार, डॉक्टर राज बहादुर शर्मा, सौरभ गोयल, नवीन ऐरन, बृजेश पाल, मनोज चौहान, हरिश कुमार, विक्की, पीनू व टोनी आदि मौजूद रहे।

# बड़े मुनाफे का लालच देकर युवकों को फंसाया

## एसएसपी से लगाई मिमलाना के ग्रामीणों ने इंसाफ की गुहार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** कारोबार में ज्यादा मुनाफा कमाने का लालच देकर मिमलाना के युवक ने ग्रामीणों से लाखों रूपये ऐठ लिए। उक्त आरोप ग्रामीणों ने एसएसपी के समक्ष लगाते हुए फर्जी मुक. दमा दर्ज कराने की बात भी कही है। एसएसपी ने निष्पक्ष कार्यवाही का आश्वासन भी दिया है।

शहर कोतवाली क्षेत्र के न्याजूपुरा के लोग बुधवार को पुलिस कार्यालय पहुंचे। यहां पहुंचे यामीन ने एसएसपी के नाम लिखे शिकायती पत्र में बताया कि यहां का रहने वाला आस मौहम्मद उर्फ आशू ने यहां के लोगों को कारोबार में ज्यादा मुनाफा कमाने का झांसा दिया और उसने बताया कि यदि उसके कहने पर पैसा लगाया जाए तो मुनाफा ज्यादा होगा। कुछ लोगों ने लालच में आकर उसके कहने पर लाखों रूपया लगा दिया। आरोप है कि कई महिने गुजर जाने के बाद भी जब मुनाफा नहीं दिया गया और न ही उनकी रकम वापस लौटाई गई तो पैसा मांगने पर उनको धमकियां दी जाने लगी।

आरोप लगाया कि जब उन्होने आठ महीने बाद पैसे मांगने की बात की तो उसने पत्नी और भाई के साथ एक षडयंत्र रचते हुए नशीले पदार्थ का सेवन कर खुद अस्पताल में भर्ती हो गया। और आशू की पत्नी मल्का की ओर से नई मंडी कोतवाली पहुंचकर एक तहरीर दी गई जिसमें बताया गया कि उक्त लोगों ने उसके पति को आत्महत्या के लिए उकसाया है। पुलिस ने इस मामले को दर्ज कर लिया जबकि यह मामला झूठा है उन्होने यह भी बताया कि रामलीला टिल्ला पुलिस से भी इस मामले की शिकायत की गई थी, लेकिन उनकी कही सुनवाई नहीं हुई। एसएसपी ने इस मामले को सुना और निष्पक्ष कार्यवाही का आश्वासन दिया।




# किसान दिवस में गूंजा 37 साल से अटकी चकबंदी का मुद्दा

■ किसानों ने दी डीएम आवास पर भट्टी चढ़ाने की चेतावनी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** किसान समाधान दिवस में किसानों ने अधिकारियों के सामने अपनी समस्याएं रखी। अपर जिलाधिकारी प्रशासन संजय कुमार सिंह और सिटी मजिस्ट्रेट समेत विभिन्न विभागों के अधिकारियो ने जल्दी समस्याओं के निस्तारण का आश्वासन दिया।

जिला पंचायत सभागार में आयोजित किसान समाधान दिवस के दौरान भाकियू टिकैत के जिलाध्यक्ष चौधरी नवीन राठी ने अधिकारियों पर झूठी रिपोर्ट देने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि रजवाहे में पानी न आने का फोटो भी अधिकारियों को दिखाया गया। किसानों ने बिजली की समस्या और सोसाइटियों में खाद की कमी का मुद्दा भी उठाया। यहां किसानों ने 36-37 वर्षों से लंबित पुरबालियान गांव की चकबंदी का मामला उठाते हुए किसानों ने चेतावनी दी है कि अगर चकबंदी प्रक्रिया जल्द पूरी नहीं हुई, तो 1 जून से वे जिलाधिकारी आवास पर चूल्हे लेकर डेरा डालेंगे। जिलाध्यक्ष ने बताया कि अधिकारियों ने सफाई का दावा किया, लेकिन स्थिति जस की तस है।



गन्ना भुगतान का मुद्दा भी आया। शेरपुर गांव के मुख्य मार्ग पर जलभराव की समस्या भी बैठक में उठाई गई। गन्ना भुगतान का मुद्दा भी किसानों ने जोर-जोर से उठाया। भाकियू टिकैत महानगर अध्यक्ष गुलबहार राव ने अपने गांव की मुख्य सडक का मुद्दा उठाया उन्होंने कहा कि 20 25 सालों में वह सडक बनी थी लेकिन अधिकारियों की लापरवाही के चलते सडक के दोनों और नल नहीं बनाए गए जिसकी वजह से सारा पानी सडक पर आ जाता है और सडक भी अब टूटने की कगार पर पहुंच गई है। उन्होंने प्रशासन से मांग करते हुए कहा कि सडक के दोनों और नाले बनवाए जाएं जिससे कि पानी सडक पर ना आए यदि प्रशासन समस्या का निस्तारण नहीं करेगा तो 10-15 दिन बाद रुडकी चुंगी जाम कर आंदोलन किया जाएगा।

### अतिरिक्त दहेज की मांग पूरी न होने पर महिला को पीटा

**मुजफ्फरनगर।** एक विवाहिता ने अतिरिक्त दहेज की मांग पूरी न होने पर अपने देवर पर मारपीट का आरोप लगाते हुए पुलिस से शिकायत की है। शाहपुर थाना क्षेत्र के गांव मंधेडा निवासी रीना पत्नी अंकुर ने महिला थाने में तहरीर देकर बताया कि उसकी शादी रामपुर तिराहा निवासी अंकुर के साथ हुई थी। पीडित महिला रीना ने बताया कि उसकी सास उषा और देवर अंकित उस पर अपने मायके से अतिरिक्त दहेज के रूप में ढाई लाख रुपए लाने का दबाव बना रहे हैं और जब उसने ढाई लाख रुपए लाने से इंकार कर दिया, तो देवर अंकित उसके साथ मारपीट की, जब उसका पति अंकुर उसे बचाने आया, तो पति अंकुर को भी पीटा गया। पीडित महिला ने पुलिस से कार्यवाही की गुहार लगाई है।

डॉ मोहसिन अली
एमबीबीएस एमडी (जनरल मेडिसिन)
फैलोशिप इन डायबिटीज
शुगर बीपी थायराइड एवं बुखार रोग विशेषज्ञ
दीवान हॉस्पिटल एवं यूरोलॉजी सेंटर
सूजरू चुंगी मुजफ्फरनगर यू पी
रविवार और मंगलवार अवकाश
असुविधा से बचने के लिए पहले फोन पर नाम लिखवाएं
7906187190
9897011086




# यूडीओ ने होनहार बच्चों का हौसला बढ़ाया

## बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट अंक पाने वाले सम्मानित

**मुजफ्फरनगर।** हाई स्कूल और इंटरमीडिएट बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट अंक हासिल करने वाले बच्चों की हौसला अफजाई करते हुए उर्दू डेवलपमेंट ऑर्गनाइजेशन ने उन्हें ट्रॉफी देकर सम्मानित किया।

योगेंद्रपुरी में शहजाद अली त्यागी के आवास पर आयोजित सम्मान समारोह में स्थान पर किया गया। के तत्वावधान में होनहार छात्र-छात्राओं के एक सम्मान समारोह का आयोजन योगेंद्रपुरी में इस समारोह में डॉ. शमीम उल हसन ने बच्चों से कहा कि कठिन परिश्रम कर उच्च शिक्षा प्राप्त करें, उच्च चरित्र और उत्कृष्ट नैतिकता का उदाहरण बनकर देश, समाज और अपने माता-पिता का नाम रोशन करें। उर्दू डेवलपमेंट ऑर्गनाइजेशन के जिला अध्यक्ष कलीम त्यागी ने कहा कि एक अच्छा इंसान बनने के लिए अच्छे अखलाक और चरित्र का होना बहुत जरूरी है। उन्होंने बच्चों को मोबाइल से दूरी बनाने की सलाह दी। मोबाइल बच्चों के भविष्य और उनकी सेहत को लगातार नुकसान पहुंचा रहा है।

शहजाद त्यागी ने बच्चों को नसीहत देते हुए कहा कि आप सफलता और ऊंचाइयों की कितनी भी ऊंची मंजिलों पर पहुंच जाएं, लेकिन अपने माता-पिता, भाई-बहन और परिवार को कभी कमतर न समझें। उन्होंने लडकियां को नसीहत देते हुए कहा कि शादी के बाद जब ससुराल में बहू बनकर जाएं तो अपने उच्च नैतिकता और चरित्र का उदाहरण प्रस्तुत करें। समारोह में रिदा नूर, आयजा हसन, आयनल हसन, शिफा शमीम, अफीफा रानी, अहनफ फराज, अली रिहान, अब्दुल्लाह सलीम, अरहान त्यागी और साजिद खान के बेटे को ट्रॉफी प्रदान की गई। इसके अलावा, संगठन के सभी जिम्मेदार व्यक्तियों, जिनमें डॉ. फर्रुख हसन, तहसीन अली असारवी, हाजी सलामत राही, बदरुज्जमां खान, असद फारुकी, इशरत त्यागी, कारी तौहीद, गुलफाम अहमद, शमीम कस्सार, नदीम मलिक, मोहम्मद इकरार त्यागी, सलीम त्यागी ने भी बच्चों को कामयाबी की मुबारकबाद दी।



# अर्द्धरात्रि में चेकिंग के नाम पर किया दुर्व्यवहार

**बुढ़ाना।** अर्ध रात्रि में चौकिंग के नाम पर विद्युतकर्मियों ने कुछ घरों में घुसकर ग्रामीणों के साथ खूब दुर्व्यवहार किया। आरोप है कि बिजलीकर्मियों ने मकान का दरवाजा खटखटाए बिना ही सीढ़ी लगाकर घरों के अंदर घुसकर ग्रामीणों को आक्रोश में ला दिया। तब जौला यूथ क्लब ने छोटे बिजलीघर पर धरना देकर गांव के साथ ही बुढ़ाना कस्बे और क्षेत्र की बिजली सप्लाई बंद कर दी। जिसको लेकर अधिकारियों में हड़कंप मच गया और उन्होंने दौड़कर मौके पर पहुंच आक्रोशित ग्रामीणों को समझा बुझाकर शांत कर उनकी कुछ मांगों का मौके पर ही निस्तारण कर दिया और बाकी समस्याओं का निस्तारण शीघ्र ही करने का आश्वासन देकर आठ घंटे बाद धरना समाप्त कराकर बिजली आपूर्ति बहाल की। बुढ़ाना क्षेत्र के गांव जौला ग्रामीणों द्वारा बताया गया कि रात में बिजली चेकिंग के नाम पर बिना परमिशन के लोगों के घरों में घुसे बिजली कर्मचारियों ने ग्रामीणों के साथ अभद्र व्यवहार किया। जिससे क्षुब्ध होकर ग्रामीणों ने धरना प्रदर्शन किया। जिसका नेतृत्व जौला यूथ क्लब ने किया। क्लब के वरिष्ठ पदाधिकारियों का आरोप था कि चेकिंग वालो की गुंडागर्दी किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं होगी। धरने पर किसान मजदूर संगठन का भी समर्थन देखने को मिला। कछवाहा खाप के बाबा ठाकुर ठाठ सिंह ने मौके पर पहुंचे एसडीओ व जेई को बताया कि आज जौला में विद्युत विभाग के कर्मचारियों द्वारा किये गये उत्पीड़न के विरुद्ध ग्रामीणों ने छोटे बिजलीघर पर धरना शुरु कर दिया है। जो हमारी मांग है उसे पूरी की जाए। तब एसडीओ ने मांग के बारे में पूछा तो ग्रामीणों ने एक सुर में कहा कि आज रात में जिन जिन कर्मचारियो ने घरो मे घुसकर चेकिंग के नाम पर सरकार की गाईड लाईन के खिलाफ जाकर गुण्डागर्दी की है उद्र सभी को सस्पेंड किया जाये। जो वीडियो बनाई गयी है उसको डिलीट की जाए। व रात में कोई भी चौकिंग ना की जाए। दोपहर के समय में 3 या 4 घण्टे की ट्रिप लगाई जाती है उसे बन्द किया जाये। लाईट भागने पर जल्दी लाइट लाई जाए। जब तक टेलिंग की कार्यवाही पूरी नहीं होती तब तक गाँव में कोई छापेमारी न हो। छापेमारी के दौरान घर में महिलाएं हो वहां बिजलीकर्मी बिना घरवालों के इजाजत के छापेमारी ना करें। चौकिंग का समय निर्धारित हो। अगर हमारी ये सभी मांगे पूरी ना हुई तो वे किसान मजदूर संगठन के बैनर तले ठाकुर पूरन सिंह के नेतृत्व में 25 मई को बड़े बिजली घर पर महापंचायत करेंगे। जिसमें बड़ा निर्णय लिया जाएगा। सभी मांगों में से 3 मांगों का अधिकरियों ने मौके पर निस्तारण कर धरना समाप्त कराया। धरने पर कालन खां एड., मौहम्मद गुलरेज एडवोकेट, रिज्जू राणा, मौहम्मद राशिद, कुंवर रिजवान खान, नसीम अहमद, डाक्टर रिजवान राव, अब्दुल जब्बार, राशिद राणा, इरफान राणा, वसीम नेता, राशिद नेता, जौला सेवा संगठन के सदस्य मौजूद थे।



# जिम प्रकरण में जांच के नाम पर लीपापोती

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** नगर पालिका के ओपन जिम प्रकरण में दो सदस्य समिति ने जांच करते हुए अपनी रिपोर्ट ईओ को सौंपी है। जिसमें जांच समिति ने कोई वित्तीय अनियमितता नहीं होना दर्शाया है।

नगर पालिका में मुख्यमंत्री नगर सृजन योजना के तहत ओपन जिम लगाने को लेकर बडा गडबडझाला हुआ है। योजना के तहत नव विस्तारण क्षेत्र वार्ड संख्या 21 में ओपन जिम लगाया जाना था, लेकिन नगर पालिका ने शहर की आबादी के बीच वार्ड 39 में स्थित एक पार्क में ओपन जिम का सामान लगा दिया। वहीं करीब 6.65 लाख का भुगतान भी हो गया। इस मामले में ईओ डा. प्रज्ञा सिंह के द्वारा दो सदस्य जांच समिति बनाई गई। बुधवार को जांच समिति में एई सुनील कुमार जलकल और जेई निर्माण राजीव सोनकर के द्वारा मौके पर पहुंचकर जांच की गई। जांच में दोनों अधिकारियों को कोई वित्तीय अनियमितता नहीं मिली है। केवल स्थान परिवर्तन मिला है। जिसे उन्होंने अपनी जांच में गलत नहीं बताया है। दोनों अधिकारियों ने ईओ को रिपोर्ट सौंपी है कि वार्ड 21 से उक्त स्थान जहां पर ओपन जिम लगा है उसकी दूरी करीब 150 मीटर है। दोनों वार्ड के लोग ओपन जिम का लाभ उठा रहे हैं। उधर ईओ ने जेई निर्माण कपिल कुमार और ठेकेदार को कारण बताओ नोटिस दिया है। सूत्रों का कहना है कि वार्ड 39 से ओपन जिम का सामान उखाडकर वार्ड 21 में लगाया जा सकता है।

## अग्र समाज स्थापना दिवस को और भव्य बनाएंगे: नीति अग्रवाल



**मुजफ्फरनगर।** आज अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन महिला विंग की एक बैठक हुई जिसमें अग्र समाज के स्वर्णिम इतिहास में पहली बार 5142 वर्षों में गौरवमई परंपरा को एक सूत्र में बांधते हुए एक अभूतपूर्व और ऐतिहासिक आयोजन होने जा रहा है । अग्र समाज स्थापना दिवस जो की भारत मंडपम, प्रगति मैदान, नई दिल्ली में 22 मई को होने जा रहा है। इस ऐतिहासिक कार्यक्रम मैं हरियाणा के यशस्वी मुख्यमंत्री नायब सैनी, दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता, अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन के राष्ट्रीय चेयरमैन एवं प्रमुख समाजसेवी भामाशाह एस एस अग्रवाल कार्यक्रम की अध्यक्षता करेंगे। इस कार्यक्रम में यहां से महिलाओं एवं पुरुषों की एक बस और काफी अग्रबंधु अपने व्यवस्था से बहुत अधिक संख्या में भाग लेने जा रहे हैं। बैठक में नीति अग्रवाल जिला अध्यक्ष, वनिता गर्ग महामंत्री, रेणु गर्ग प्रदेश चेयरमैन, रेनू सिंगल, अलका अग्रवाल, रेनू गर्ग, शिखा गर्ग, नेहा, आयुषी और अन्य कई महिलाओं ने भाग लिया।

# माउंट लिट्रा स्कूल में आयोजित हुई रंगारंग पूल पार्टी

**मुज़फ्फरनगर।** माउंट लिट्रा ज़ी स्कूल मुज़फ्फरनगर में कक्षा 1 एवं 2 के विद्यार्थियों के लिए एक रंगारंग एवं मनोरंजक पूल पार्टी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर बच्चों को मौसमी फलों के महत्व की जानकारी दी गई तथा उन्हें गर्मियों के दौरान स्वस्थ रहने के उपाय बताए गए।

बच्चों ने फलों की वेशभूषा में आकर कार्यक्रम की रौनक बढ़ा दी। पूल में खेलते हुए, हँसी-ठिठोली और विभिन्न गतिविधियों में भाग लेकर बच्चों ने खूब आनंद उठाया।

विद्यालय निर्देशिका चारू भारद्वाज ने विद्यार्थियों को फलों के पोषक तत्वों, उनके स्वास्थ्यवर्धक गुणों और गर्मियों में इनके सेवन के लाभों से अवगत कराया। उन्होंने सभी बच्चों को संतुलित आहार लेने, जल का पर्याप्त सेवन करने और सफाई बनाए रखने के लिए प्रेरित किया। इस आयोजन को सफल बनाने में कक्षा 1 व 2 की शिक्षिकाओं ने भी अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उन्होंने पूल को अत्यंत मनमोहक ढंग से सजाया, जिससे बच्चों के उत्साह और आनंद में और अधिक वृद्धि हुई। यह कार्यक्रम न केवल बच्चों के लिए मनोरंजन का माध्यम बना, बल्कि एक सार्थक और शिक्षाप्रद अनुभव के रूप में सभी के मन में अमिट छाप छोड़ गया।




# किसानों के धरने पर पहुंचे एसडीएम व सीओ

**बुढ़ाना।** ब्लाक क्षेत्र के गांव राजपुर में काफी दिनों से चल रहे धरने पर आज बुधवार के दिन बुढ़ाना एसडीएम राजकुमार भारती, बुढ़ाना सर्किल के पुलिस क्षेत्राधिकारी गजेंद्र पाल सिंह और बुढ़ाना तहसीलदार महेंद्र सिंह यादव किसानों के बीच पहुंचे और सभी को धरना खत्म करने को कहा और आश्वासन दिया कि जल्द से जल्द सभी समस्याओं का समाधान प्राथमिकता के आधार पर कर दिया जाएगा। इस दौरान धरने पर मुख्य रूप से भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक के जिला अध्यक्ष सुधीर पंवार, अमित ठाकुर बुढ़ाना तहसील अध्यक्ष, तेज राणा युवा नगर अध्यक्ष बुढ़ाना, शाहरुन अहमद ग्राम अध्यक्ष शिकारपुर और नवाज आलम नगर उपाध्यक्ष बुढ़ाना आदि भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक के कार्यकर्ता मौजूद रहे।



# कोई भी पुलिसकर्मी जमीन पर कब्जा दिलाने नहीं जाएगा: एसएसपी

**मुजफ्पफरनगर।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय कुमार वर्मा का डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन के फैन्थम हॉल में जोरदार स्वागत किया गया। बुधवार को डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन के फैन्थम हॉल में नवागंतुक एसएसपी संजय कुमार राय का एसोसिएशन के अध्यक्ष ठा. कंवरपाल सिंह व महासचिव चन्द्रवीर निर्वाल ने बुकें भेंट कर स्वागत किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला बार संघ के अध्यक्ष ठा. कंवरपाल सिंह व संचालन महासचिव चन्द्रवीर निर्वाल द्वारा किया गया। जिला बार एसोसिएशन के फैन्थम हॉल में मौजूद अधिवक्ताओं को संबोधित करते हुए एसएसपी संजय कुमार वर्मा ने कहा कि पूरा भारत किसानों का देश है और वह मिटी से जुड़ा हुआ है।उन्होंने कहा कि सभी पुलिसकर्मियों को आदेशित किया गया है कि कोई पुलिसकर्मी किसी की जमीन पर कब्जा दिलाने नहीं जाएगा। इस काम के लिए उनके पास कोर्ट का आदेश होना जरूरी है। उन्होंने महिला सशक्तिकरण पर जोर देते हुए कहा कि अपने लड़कों को माता-पिता अच्छे संस्कार देंगे, तो वह बाहर लड़की की इज्जत करेंगे और लड़कियां सुरक्षित अपने घर पहुंचेंगी। इससे पूर्व एसएसपी का पूर्व अध्यक्ष प्रमोद त्यागी, अनिल जिन्दल, नसीर अहमद काजमी, पूर्व महासचिव सुरेन्द्र मलिक, जितेन्द्र कुमार प्रदीप मलिक एवं उदयवीर पोरिया, हैदर मेहदी, सीताराम आर्य, प्रवीण कुमार गुड्डू, निश्चल त्यागी, नीरज कुमार गौतम, शिखा कौशिक, सचिन त्यागी, राहुल चौधरी, बुरहान व समस्त जिला बार संघ कार्यकारिणी व सैकडों अधिवक्ता शामिल रहे।

# वार्षिक परीक्षा के मेधावी बच्चों को प्रबंधक ने किया सम्मानित



**शाहपुर।** कमला देवी इंटर कॉलेज का वार्षिक परीक्षा फल घोषित किया गया। इस दौरान विद्यालय में अपनी कक्षाओं में प्रथम और द्वितीय आने वाले छात्र-छात्राओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।विद्यालय के प्रबंधक डॉ. ओमपाल सिंह सैनी ने कहा कि छात्र-छात्राओं को प्रति स्पर्धा एक दूसरे से ज्यादा मेहनत करके पढ़ाई में आगे निकलने की करनी चाहिए न की किसी गलत बात की उन्होंने कहा कि आजकल के बच्चे मोबाइल का लगाव कर रहे हैं। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि शाह टाइम्स पत्रकार भाग्य शर्मा व सचिन धवन ने कहा कि गुरु शिष्य की परंपरा कायम रहनी चाहिए छात्र-छात्राएं यदि दिल से गुरु का सम्मान करेंगे तो निश्चित रूप से सफलता मिलेगी और यदि दिल मे गुरु का सम्मान नहीं होगा तो वह छात्र कभी जीवन में सफल नहीं होगा। इस दौरान विद्यालय में प्रथम द्वितीय आने वाले छात्र-छात्राओं नर्सरी में आयशा, अनुष्का फर्स्ट क्लास में समद, शाद सेकंड में आयुषी, अनुष्का थर्ड में लाइवा, मनप्रीत, फोर्थ में अंश, सुनैना फिफ्थ में नैन कमल, शिवांगी, सिक्स में आरिस, सोहेब, सेवंथ में वासु दीपांशु एठथ में प्रतिज्ञा, शिफा, नाइंथ में वरुण मोनू 11जी मे अरमहा, डोली आर्ट व साइंस साइड में राशि, सूरज को विधालय परिवार द्वारा पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय के शिक्षक प्रवेश कुमार, उत्तम, राजीव, अंकित, पुजा, राजकुमारी, सुनिता, मोनी, निशा, व डॉ. श्रीमती मुकेश सैनी आदि मौजूद रहे। विद्यालय के प्रबंधक डॉ. ओमपाल सिंह सैनी व प्रधानाचार्य योगेंद्र बालियान ने अतिथियों एवं अभिभावकों का आभार व्यक्त किया।

# कन्या जूनियर हाईस्कूल में समर कैम्प का शुभारम्भ

**बुढ़ाना।** जनपद मुजफ्फरनगर की डीसीडीएफ के पूर्व चेयरमैन सुबोध त्यागी के द्वारा बुढ़ाना कस्बे के कांधला रोड पर स्थित शिक्षण संस्था कन्या जूनियर हाईस्कूल में एक समर कैम्प का शुभारम्भ किया गया।

जिसमें डीसीडीएफ के पूर्व चेयरमैन सुबोध त्यागी ने छात्र छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि आज के बच्चे कल का भविष्य हैं यदि सरकारी स्कूल के बच्चे भी लगन और मेहनत करें तो वे भी अच्छा मुकाम हासिल कर सकते हैं। सरकारी स्कूल आज के दौर में प्राइवेट स्कूलों को भी जबरदस्त टक्कर दे रहें हैं। इस अवसर पर यहां बुढ़ाना ब्लाक क्षेत्र की खंड शिक्षा अधिकारी श्रीमति किरण यादव ने कहा कि अधिक से अधिक बच्चे समर कैंप में सम्मलित हों। जिससे उनका शारीरिक, मानसिक और बौद्धिक विकास हो सके। इस अवसर पर मुख्य रूप से यहां प्रताप नारायण त्यागी, संयम पंवार, कन्या जूनियर हाईस्कूल की पूर्व प्रधानाचार्या संतोष कुमारी, शिक्षक सुशील सैनी, मनोज सहरावत, सुकेश, प्रीति और अरुण आदि शिक्षकों की उपस्थिति देखने को मिली।



## एसपी देहात ने किया शाहपुर थाने का औचक निरीक्षण

**शाहपुर।** थाना शाहपुर का गत रात्रि एसपी देहात आदित्य बंसल द्वारा आकस्मिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान एसपी देहात द्वारा थाना कार्यालय, मालखाना, बंदी गृह, संतरी पहरा, भोजनालय, कम्प्यूटर कक्ष, शस्त्रागार आदि का निरीक्षण करते हुए थाना कार्यालय में रखे अभिलेखों का बारिकी से निरीक्षण किया गया।

एसपी देहात द्वारा त्यौहार रजिस्टर, अपराध रजिस्टर, टॉप-10 अपराधियों की सूची का अवलोकन कर अपराधियों पर और अधिक प्रभावी कार्यवाही करने एवं नये सिरे से टॉप-10 अपराधियो को चिन्हित कर वैधानिक कार्यवाही हेतु सम्बन्धित को निर्देशित किया गया। एसपी देहात द्वारा थाने पर नियुक्त कर्मचारीगण की रात्रि गणना ली गयी तथा सभी को डयूटी के सम्बन्ध में आवश्यक दिशा- निर्देश दिये गये। एसपी देहात द्वारा कर्मचारीगण से वार्ता कर उनके समस्याओं के बारे में भी जानकारी की गयी तथा उनके त्वरित निस्तारण हेतु सम्बन्धित को निर्देशित किया गया। एसपी देहात द्वारा थाना शाहपुर पर नियुक्त विवेचकों का अर्दली रूम लिया गया। अर्दली रूम के दौरान एसपी देहात द्वारा थाने पर लम्बित विवेचनाओं, महिला सम्बन्धी अपराध, प्रार्थना पत्रों, वांछित/वारण्टी अभियुक्तगण की गिरफ्तारी के विषय में जानकारी करते हुए सभी विवचकों को लम्बित विवेचनाओं का निष्पक्ष, त्वरित व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने तथा अभियुक्तगण की शीघ्र गिरफ्तारी सुनिश्चित करने हेतु निर्देशित किया गया। इस दौरान क्षेत्राधिकारी बुढ़ाना गजेन्द्रपाल सिंह तथा प्रभारी निरीक्षक शाहपुर जयसिंह भाटी सहित पुलिस के अन्य अधिकारी/कर्मचारीगण मौजूद रहे।

# दयानन्द इण्टर कॉलेज में हुआ फ्रूटस पार्टी का आयोजन

**बुढ़ाना।** कस्बे के बड़ौत रोड पर स्थित शिक्षण संस्था दयानन्द इण्टर कालिज के परिसर में किंडर गार्टन विभाग में फुटस पार्टी का आयोजन किया गया। इस फुट्स पार्टी का उद्देश्य बच्चों को स्वास्थय आहार के विषय में जागरूक करना था।

इस पार्टी के माध्यम से विद्यार्थियों को बताया गया कि इस गरमी के मौसम में हमें किस प्रकार से फलों का सेवन करना चाहिए तथा जंक फूड से दूर रहना चाहिए। यहां पर दयानंद इंटर कालिज बुढाना के प्रबंधक तेजपाल सहरावत ने छात्र छात्राओं को प्रत्येक फल के सेवन से होने वाले लाभों को विस्तार से बतलाया। दयानंद इंटर कालेज बुढाना की संचालिका श्रीमती उमेश सहरावत ने कहा कि हमें गर्मी के मौसम में तरबूज, खरबूजा, ककड़ी और खीरे आदि का सेवन अधिक से अधिक करना चाहिए तथा सभी को जंक फूड खाने से बचना चाहिए। अंत में सभी विद्यार्थियों एवम समस्त अध्यापकगणों ने फलों का लुत्फ़ उठाया। इस अवसर पर यहां मुख्य रूप से दयानंद इंटर कालेज बुढाना के प्रबंधक तेजपाल सहरावत, दयानंद इंटर कालेज बुढाना की संचालिका श्रीमती उमेश सहरावत और विद्यालय के प्रधानाचार्य सहित समस्त अध्यापकों की मौजूदगी देखने को मिली।



# आर्य एकेडमी में पांच दिवसीय हड्डी रोग निवारण शिविर का शुभारंभ

**मुजफ्फरनगर।** भारतीय योग संस्थान के निर्देशन में आर्य एकेडमी इंटरनेशनल स्कूल मुजफ्फरनगर में पांच दिवसीय हड्डी रोग निवारण शिविर का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ संस्थान के जिला प्रधान राज सिंह पुंडीर ने ओम ध्वनि और गायत्री मंत्र से किया। उन्होंने हाथ और पैरों के दर्द को दूर करने में सहायक सूक्ष्म क्रियाएं कराई तथा ताड़ासन, त्रिकोणासन,अश्वत्थासन करवाएं। तत्पश्चात संस्थान के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य एवं जनपद प्रभारी योगाचार्य सुरेंद्र पाल सिंह आर्य ने तिर्यक भुजंगासन ,मार्जरी आसन ,बाल क्रीड़ासन ,मर्कट आसन तथा शव आसन और हास्य आसन करवाया। उन्होंने अनुलोम -विलोम ,गहरी लंबे श्वास के प्राणायाम तथा ध्यान भी करवाया।

इस अवसर पर जनपद प्रभारी योगाचार्य सुरेंद्र पाल सिंह आर्य ने हढी रोग का अर्थ और कारण पर अपने विचार व्यद्र करते हुए बताया कि हढी रोग शरीर की हढियों को कमजोर व विकृत बनाकर व्यद्रि की गति को प्रभावित करने वाला रोग है। हढी का टूटना, हढियों का कमजोर होना, हढियों के जोड़ों का विकृत होना ,हढियों में विटामिन डी व पोषक तत्वों की कमी के कारण हढियों का कमजोर हो जाना या हढियों में अनुवांशिक रोग होना व हढियों का कैंसर आदि हढी के रोग कहलाते हैं। हढी रोगों से उनकी मजबूती व लचीलापन कम होने लगता है हढी रोगों से शरीर में अनेक प्रकार की जटिलताएं उत्पन्न होने लगती है। उन्होंने हढियों के रोगों के मुख्य कारण आयु का बढ़ना, महिलाओं में रजो-निवृत्ति के बाद हढियां तेजी से कमजोर होना, चोट लगना ,आहार ,निष्क्रिय जीवन अंग्रेजी दवाइयां का अधिक सेवन करना, तनाव ,विटामिन डी की कमी तथा मोटापे को बताया। उन्होंने बताया कि नियमित योगाभ्यास करने तथा अपनी प्रकृति के अनुसार भोजन करके हम इन रोगों से अपने आप को काफी हद तक बचा सकते हैं।

जिला प्रधान राज सिंह पुंडीर ने भारतीय योग संस्थान का परिचय देते हुए बताया कि संस्थान की स्थापना 10 अप्रैल 1967 को हुई थी। संस्थान का कार्य निशुल्क योग साधना केंद्र खोलकर मानव कल्याण निराभिमान सेवा करने वाले कार्यकर्ताओं और शिक्षकों का निर्माण करना है। इस लक्ष्य की पूर्ति के लिए संस्थान ने योग को साधन के रूप में चुना है।

## सूचना

मेरा पुत्री इफरा बतूल जैदी के स्कूल रिकार्ड में मेरा नाम असमा ज़हरा जैदी दर्ज है, जोकि गलत है। मेरे आधार कार्ड सं0 9896 5587 7450 के अनुसार मेरा नाम असमा ज़ैदी है। जो कि सही है। विद्यालय रिकार्ड में मेरा नाम असमा ज़ैदी दर्ज किया जाये।

**असमा ज़ैदी**
**पत्नी नदीम अब्बास ज़ैदी**
निवासी: ग्राम ककरौली, तहसील जानसठ, जिला-मुजफ्फरनगर।

## कार्यालय नगर पालिका परिषद, खतौली (मु0नगर)

**सार्वजनिक सूचना**

सर्व सज्जनों को सूचित किया जाता है वार्ड नं0-18 मौ0-इस्लामनगर मकान नं0-17 की गृहकर सूची में c/o मौ0 इकराम पुत्र रसीद का नाम दर्ज हैं, जिसका वार्षिक मूल्यांकन 500/- अंकित है, गृहकर सूची के अनुसार सम्पत्ति का विवरण मकान एक कोठा सहन दर्ज है।

उक्त भवन पर अपना नाम दर्ज कराने हेतु इस्तखार अली पुत्र अफजाल अहमद के द्वारा एक प्रार्थना पत्र, मय बैनामे की छायाप्रति, दिनांक 07.04.2025 को कार्यालय में प्रस्तुत की है।

यदि उपरोक्तानुसार इस नाम परिवर्तन किये जाने में किसी सज्जन को कोई आपत्ति हो तो इस कार्यालय में एक माह के अन्दर-अन्दर लिखित रूप में मय साक्ष्य प्रस्तुत कर सकता है।

अत: कार्यालय में प्रस्तुत आवेदन पत्र के साथ पत्राजातो की छायाप्रति के आधार पर गृहकर वसूली हेतु नामान्तरण कार्यवाही अमल में लाई जायेगी। सूचित होवे।

**अधिशासी अधिकारी**
नगर पालिका परिषद, खतौली।

## धर्म के प्रति निष्ठावान होना बहुत जरूरी : स्वामी कैलाशानंद गिरी

**मुजफ्फरनगर।** निरंजन अखाडा के पीठाधेश्वर आचार्य महामंडलेश्वर स्वामी कैलाशानंद गिरी महाराज ने कहा कि धर्म के प्रति निष्ठावान होना जरूरी है। कहा कि समान भवन रखने वाला व्यक्ति ही महान होता है, श्रेष्ठ होता है और उत्ख्रष्ट होता है। उन्होंने देश व धर्म के प्रति गलत तरीके से जासूसी के मामले में कहा कि मुस्लिमों के अलावा कई हिंदू भी पकड़े गए हैं। उन्होंने जासूसी को लेकर कहा कि जो लोग देश के साथ गद्दारी करते हैं उन्हे सजा अवश्य मिलनी चाहिए। जासूसी करने वाले मुस्लिम ही नहीं बल्कि हिंदू भी रहे हैं। जासूसी करने वालों को फांसी न सही, आजीवन कारावास अवश्य मिलना चाहिए। पहलगाम हमले और अङ्गरेशन सिंदुर को लेकर उन्होंने कहा कि इस समय दुनिया के सभी देशों को साथ में लेकर चलने की आवश्यकता है। स्वामी कैलाशानंद महाराज बुधवार की सांय चार बजे उप्र के कैबिनेट मंत्री अनिल कुमार के अंकित विहार स्थित आवास पर पहुंचे, जहां पर मंत्री अपने परिवार एवं शुभचिंतकों के साथ महाराज श्री का पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया। साथ ही मंत्री अनिल कुमार ने सपरिवार आशीर्वाद प्राप्त किया। इस मौके पर स्वामी कैलाशानंद महाराज ने कहा कि हम अपने जीवन में सकारात्मक परिवर्तन ला सकते हैं और अपने आध्यात्मिक विकास के लिए काम कर सकते हैं। शिक्षाएं हमें प्रेम, करुणा, और सहानुभूति के महत्व को समझने में मदद करती हैं और हमें एक बेहतर इंसान बनने के लिए प्रेरित करती हैं। उन्होंने कहा कि भारत कभी भी पाकिस्तान के सामने झुका नहीं है और कभी झुकेगा भी नहीं।

# सिल्वर ऑक पब्लिक स्कूल के 31 मेधावी बच्चों का किया गया सम्मान

**मुजफ्फरनगर।** सिल्वर ऑक पब्लिक स्कूल में सीबीएसई बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले 31 बच्चों को नकद पुरुस्कार व ट्रॉफी देकर किया गया सम्मानित।

पिनना स्थित सिल्वर ओक पब्लिक स्कूल के सीबीएसई बोर्ड की कक्षा 10 और 12 में टॉप करने वाले बच्चों को परिणामोउत्सव 2025 रंगा. रंग कार्यक्रम के अंतर्गत सम्मानित किया गया.कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में अंकुर दुआ- संपादक मुजफ्फरनगर बुलेटिन व कर्नल डॉक्टर देवेंद्र कुमार रहे जो आर्मी मेडिकल कोर में सेवारत थे एवं वर्तमान में ओपस नोवा सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल, मेरठ के मेडिकल सुपरिटेंडेंट है, विशिष्ट अतिथियों में ओमकार सोनी-ब्रांच मैनेजर आकाश इंस्टिटडूट, विपिन पांडे -ब्रांच मैनेजर (इंडियन बैंकद्ध रहे कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन के साथ की गई तत्पश्चात स्कूल चेयरमैन कर्नल संजय मलिक, ट्रस्टी मीनू वर्मा गौतम (स्क्वाड्रन लीडर इंडियन एयर फोर्सद्ध, प्रबंधक संदीप मलिक, प्रिंसिपल डोली चौधरी,नीरज बालियान - प्रबंधक हेरिटेज पब्लिक स्कूल, विराज तोमर- प्रबंधक इंद्रप्रस्थ पब्लिक स्कूल, दुष्यंत त्यागी -प्रबंधक न्यू वेल्किन पब्लिक स्कूल द्वारा अतिथियों को बुके प्रदान कर स्वागत किया। उसके पश्चात 2023 - 24 में सर्वोत्तम अंक प्राप्त करने वाले 10 वी व 12 वी के बच्चों को ट्रॉफी और सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया गया कक्षा 10 सत्र 2023-24 में प्रथम हर्ष मलिक, द्वितीय शौर्य चौधरी, तथा तृतीय स्थान जिया ने प्राप्त किया 12जी क्लास में साइंस स्ट्रीम में प्रथम संस्कृति अंगिरस, द्वितीय शिवानी तथा ह्यूमैनिटीज में प्रथम स्थान पर प्रियांशी गुप्ता, द्वितीय स्थान पर सृष्टि तथा तृतीय स्थान पर कशिश लाठियान रही इसके पश्चात सत्र 2024 25 में कक्षा 10वी व 12 वी में सर्वोत्तम स्थान प्राप्त करने वाले छात्र छात्राओं को ट्रॉफी, नकद पुरस्कार व सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया गया जिसमें कक्षा 10 में प्रथम स्थान पर यशिका चौधरी , द्वितीय स्थान पर चिराग मलिक, तृतीय स्थान पर इशिका चौधरी रहे कक्षा 12 कॉमर्स में प्रथम आशीष देशवाल तथा विज्ञान वर्ग में प्रथम आस्था चौधरी, द्वितीय सिद्धार्थ कुमार , तृतीय बसंत देशवाल रहे ह्यूमैनिटीज में प्रथम स्थान कशिश रही. कक्षा 10 वी में विद्यालय टॉप करने वाली छात्रा यशिका चौधरी को 11000/- की नकद धनराशि देकर सम्मानित किया गया तथा कक्षा 10 के चिराग मलिक और इशिका चौधरी एवं कक्षा 12 की आस्था चौधरी और कशिश को 5100 की नकद धनराशि प्रदान की गई कक्षा 12 के सिद्धार्थ कुमार और बसंत देशवाल को नकद पुरस्कार 2100 देकर सम्मानित किया गया इसके अलावा कक्षा 10 और कक्षा 12 के 24 अन्य छात्र व छात्राओं को 1100 -1100 की नकद धनराशि देकर सम्मानित किया गया कार्यक्रम में मुख्य अतिथि व विशिष्ट अतिथियों ने छात्र-छात्राओं को बधाई देते हुए उन्हें लगातार मेहनत करने और सफलता प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया।




# भारतीय किसान यूनियन तोमर ने विद्युत विभाग के अधीक्षण अभियंता कार्यालय पर किया धरना प्रदर्शन

**मुजफ्फरनगर।** भारतीय किसान यूनियन तोमर ने पिछले 3 पहले किए गए आह्वान के चलते अधीक्षण अभियंता कार्यालय पर धरना प्रदर्शन किया।

वही भारतीय किसान यूनियन तोमर के पदाधिकारी कार्यकर्ता अपने ट्रैक्टरों से अधीक्षण अभियंता कार्यालय पर पहुंचे और हंगामा करते हुए कहा कि जनपद में लगाए जा रहे स्मार्ट मीटरों पर तत्काल रोक लगाई जाए उन्होंने कहा कि आपको पूर्व में एक ज्ञापन के माध्यम से अवगत कराया गया था कि स्मार्ट मीटर नहीं लगेंगे उसके उपरांत अभी स्मार्ट मीटर लगाए जा रहे हैं स्मार्ट मीटर लगाने पर तत्काल रोक लगाई जाए सरकार के नियम अनुसार कटौती मुद्र विद्युत आपूर्ति की जाए एवं साथ ही गर्मी के आते ही लो वोल्टेज की समस्या बनी रहती है इसका तत्काल समाधान कराया जाए किसानों के खेत की बिजली मात्र 9 घंटे दी जा रही है जिससे किसानों के खेत तक पानी नहीं पहुंच रहा है फसल सूखने के कगार पर है इसको बढ़ा कर 18 घंटे दी जाए स्मार्ट मीटर लगाने के नाम पर भी कुछ भ्रष्ट्र अधिकारियों के साथ ठेकेदार जनता को लूटने का काम कर रहे हैं उन भ्रष्ट्र अधिकारियों की जांच कर उन पर कानूनी कार्रवाई की जाए उन्होंने कहा कि विद्युत चेकिंग के नाम पर अवैध उगाही की जा रही है अवैघ उगाही करने वाले अधिकारियों एवं कर्मचारियों पर कार्रवाई की जाए भीषण गर्मी को ध्यान में रखते हुए छोटे बकायदारों के कनेक्शन काटने से पहले बिल जमा करने के लिए कुछ समय दिया जाए वहीं धरना प्रदर्शन के बीच पहुंचे अधीक्षण अभियंता मनोज कुमार व एक्शन अनूप कुमार को घंटों किसानों ने अपने बीच में बिठा करा समस्याओं से अगवत कराया उसके बाद मजबूत आश्वासन पर धरना समाप्त हुआ। इस मौके पर युवा जिला सोनू चौधरी जिला सचिव संजय त्यागी सिराजुद्दीन मुस्तफा राणा अफजल सेफी सलीम जमीर अहमद मननान परवेज मोनू धीमान महमूद अहमद अजय त्यागी अन्य उपस्थित रहे।



## सम्बंध विच्छेद

में ऋषिपाल सिंह पुत्र चरणसिंह निवासी ग्राम बिटावदा थाना बुढाना जिला मु.नगर का निवासी हूं। मेरा पुत्र सुमित कुमार मेरे कहने सुनने में नही है। में अपने सम अधिकारों एवं अपनी कुल चल व अचल सम्पत्ति से अपने पुत्र सुमित कुमार को बेदखल करता हूं। आज के बाद मेरे पुत्र सुमित कुमार के द्वारा किये गये किसी भी कार्य अथवा लेन-देन से मेरा कोई भी मतलब वास्ता नही होगा। वह अपने द्वारा किये गये अच्छे-बुरे कार्य एवं लेन-देन का स्वंय ही जिम्मेदार होगा। अब मेरी कुल चल व अचल सम्पत्ति से मेरे पुत्र सुमित कुमार का कोई भी मतलब वास्ता नही है।

**ऋषिपाल सिंह पुत्र चरणसिंह निवासी ग्राम बिटावदा थाना बुढाना जिला मु.नगर।**

# दो महिला शिक्षिकाओं समेत 10 पर मुकदमा दर्ज

शाहटाइम्स सवांददाता

**खतौली।** विगत सोमवार को दयाल पुरम कॉलोनी में स्थानीय एक निजी स्कूल लाल दयाल पब्लिक स्कूल के संस्थापक राजवीर सिंह पर हुए सनसनीखेज जानलेवा हमले में पुलिस ने दो महिला शिक्षकों समेत दस लोगों के खिलाफ गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। आरोपियों पर बलवा, षडयंत्र और हत्या के प्रयास जैसी गंभीर धाराएं लगाकर कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

चार दिन पूर्व सोमवार को कस्बे की दयाल पुरम कॉलोनी में स्थित लाल दयाल पब्लिक स्कूल में फीस और दो शिक्षकों महिला और पुरूष पर लापरवाही के चलते स्कूल हटाने के आदेश दिए थे। इसी विवाद के चलते स्कूल संस्थापन पर अज्ञात लोगों द्वारा मारपीट और तोड़ फोड़ की थी। बता दे कि सोमवार को स्कूल संस्थापक राजवीर सिंह वर्मा उर्फ टीटू अपने स्कूल की छोटी बिल्डिंग में पूजा करने गए थे उसी समय राजवीर पर स्कूल में पहुँचे अधादर्जन लोगों ने उसके साथ गाली गलौच करते हुय मारपीट करते हुय जानलेवा हमला कर दिया था और स्कूल में जमकर तोड़ फोड़ की थी। घटना की सूचना के बाद मौके पर पहुँची पुलिस ने घटना की जांच पड़ताल घायल राजवीर सिंह को खतौली सीएचसी पर भर्ती कराया था, जहां से चिकित्सक ने उसे उपचार के बाद जिलाअस्पताल के लिए रैफर कर दिया था। पूरी घटना स्कूल परिसर में लगे सीसीटीवी कैमरों में रिकॉर्ड हो चुकी थी, जिसमें महिला समेत आठ हमलावर कैद हुए है। बता दे कि हमले से पूर्व संस्थापक राजवीर सिंह ने स्कूल की प्रधानाचार्य ममता दत्त शर्मा पर फीस के लाखों रुपये के गबन का आरोप लगाते हुए तहसील दिवस और कोतवाली में तहरीर दी थी साथ ही स्कूल चेयरमैन

## संस्थापक पर जानलेवा हमले का मामला

द्वारा स्कूल के दो शिक्षकों को हटा दिया गया था। इसी को लेकर दोनों पक्षों में तनातनी चल रही थी। यह हमला अंदरुनी रंजिश के चलते किया गया। घटना स्कूल की छोटी बिल्डिंग में हुई, जब संस्थापक पूजा कर रहे थे। इसी दौरान राजवीर सिंह के ऑफिस में पहुँचे ट्रांसपोर्टर श्रीकांत ने धारदार हथियार से उन पर हमला कर दिया। वहीं पीटीआई आशीष ने तमंचे और फूलदान से सिर पर वार कर जान लेने का प्रयास किया था। हमले के दौरान ड्राइवर अजित रबिन, शिक्षिका शैली और अन्य लोगों ने मिलकर राजवीर सिंह को पीछे से पकड़ा। अजित रबिन ने उनका सिर टेबल के शीशे पर पटक दिया। सभी आरोपियों ने उन्हें मरा हुआ समझकर मौके से फरार हो गए। घायल राजवीर सिंह को गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उनके पुत्र कर्मवीर वर्मा ने कोतवाली पहुंचकर घटना की तहरीर दी, जिसके आधार पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर प्रधानाचार्य ममता दत्त शर्मा, श्रीकांत ट्रांसपोर्टर सुप. रवाइजर, पीटीआई आशीष, ड्राइवर अजित, रोबिन, शिक्षिका शैली, प्रमोद, रवि मास्टर, पंकज आदि तीन अज्ञात लोगों के खिलाफ कड़ी धाराओं में मुकदमा दर्ज कर सभी हमलावरों की धरपकड़ के लिए दबिश देनी शुरू कर दी है।

## बलवे, षड्यंत्र रचने की लगी धाराएं

विगत सोमवार को लोल दयाल पब्लिक स्कूल में स्थित लाल दयाल पब्लिक स्कूल की छोटी बिल्डिंग में स्कूल संस्थापक राजवीर सिंह वर्मा उर्फ टीटू पर स्कूल के ही स्टाफ के लोगों द्वारा ऑफिस में घुसकर धारदार हथियारों से जानलेवा हमला किया गया था। जिसमें राजवीर गंभीर रूप से घायल हो गए थे जिनका उपचार अस्पताल में चल रहा है। पीड़ित घायल राजवीर सिंह के पुत्र कर्मवीर द्वारा घटना की तहरीर पुलिस को दी गई थी जिसके बाद पुलिस ने दस लोगों पर बलवा, षडयंत्र रचने और हत्या के प्रयास की कड़ी धाराओं में मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

## स्कूल फीस घोटाले को लेकर हुआ जानलेवा हमला

**खतौली**लाल दयाल पब्लिक स्कूल में लंबे समय से चल रही अंदरूनी कलह ने आखिरकार एक खतरनाक मोड़ ले लिया। स्कूल फीस के गबन को लेकर विद्यालय के संस्थापक राजवीर सिंह और प्रधानाचार्य ममता दत्त शर्मा के बीच महीनों से विवाद चल रहा था, जो अब जानलेवा हमले में तब्दील हो गया।विद्यालय में फीस की पारदर्शिता को लेकर कई बार नोक झोंक हो चुकी थी। सूत्रों की मानें तो राजवीर सिंह ने स्कूल के खातों में अनियमितताओं की शिकायत की थी, जबकि ममता दत्त शर्मा इस आरोप को सिरे से नकारती रहीं। मामला अंदर ही अंदर सुलगता रहा और किसी भी स्तर पर समझौते की को. शिशें नाकाम रहीं। घटना के एक दिन पूर्व विवाद इतना बढ़ गया कि प्रधानाचार्य पक्ष द्वारा कथित तौर पर हमला कर दिया गया। पुलिस ने मामले की प्रारंभिक जांच शुरू कर दी है और दोनों पक्षों से पूछताछ की जा रही है। स्थानीय लोगों और स्कूल के स्टाफ में इस घटना को लेकर आक्रोश और चिंता व्याप्त है। कई अभिभावकों ने बच्चों की सुरक्षा को लेकर सवाल उठाए हैं और प्रशासन से स्कूल की गतिविधियों की निष्पक्ष जांच की मांग की है।

# समर कैंप में विद्यार्थियों को योग व पर्यावरण की दी जानकारी



**बुढ़ाना।** ब्लाक क्षेत्र के गांव राजपुर छाजपुर में आज बुधवार के दिन से लेकर आगामी 10 जून तक आयोजित होने वाले ग्रीष्म कालीन शिविर का उद्घाटन गांव राजपुर छाजपुर की महिला ग्राम प्रधान रमेश देवी ने अपने कर कमलों द्वारा फीता काटकर सैंकड़ों ग्रामीणों की मौजूदगी में किया। इस समर कैंप में विर्घभिन्न कक्षाओं के करीब 125 विद्यार्घर्थियों ने प्रतिभाग किया। विद्यार्घर्थियों को योग से रोग दूर भगाने के उपाय बताए गए। गर्मी और लू से बचाव की जानकारी भी दी गई।

सभी विद्यार्घर्थियों को स्टेशनरी तथा बिस्कुट भी वितरित किए गए। इस मौके पर यहां मुख्य रूप से स्कूल के प्रधानाध्यापक ब्रजपाल सिंह राठी, चांदवीर सिंह हुढा, ललित कुमार और अरविंद सिंह आदि ग्रामीण मौजूद रहे।

# बिजली के निजीकरण के विरोध में 29 से कार्य बहिष्कार

**मुजफ्फरनगर।** बिजली के निजीकरण के विरोध में राज्य विद्युत परिषद जूनियर इंजीनियर संगठन के नेतृत्व में कर्मचारियों ने अधीक्षण अभियंता कार्यालय परिसर में धरना दिया है। संगठन के जिला वित्त सचिव यूसी वर्मा ने बताया कि 28 मई तक दोपहर दो बजे से शाम 5 बजे तक उक्त स्थान पर कर्मचारी धरना देगे। इसके बाद 29 मई से सभी कर्मचारी कार्य बहिष्कार पर रहेगे। उन्होंने बताया कि पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम एवं दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम के करीब 42 जिलों में बिजली का निजीकरण किया जा रहा है। जिसके विरोध में सभी स्थाई, अस्थाई और संविदा कर्मचारी एकजुट होकर धरना दे रहे है। उन्होंने बताया कि यदि बिजली का निजीकरण हुआ तो बिजली की दरें 15 रुपए प्रति यूनिट हो जाएगी।

# चरथावल क्षेत्र को मिली नई सहकारी समिति

**दहचंद में बनेगी नई किसान सेवा सहकारी समिति**

( सादिक त्यागी )

**चरथावल।** किसान सेवा सहकारी समिति चरथावल कि गिनती जहाँ बड़ी सहकारी समितियों मे होती थी और चरथावल ब्लाक के राजनीतिक चरथावल किसान सेवा सहकारी समिति मे अपना दबदबा बनाए रखने के लिए अपने अपने गुटों के डायरेक्टर बनाकर अपने गुट का सभापति बनाना चाहते थे वही चरथावल कि सहकारी समिति पर से पांच गाँवो को काटकर नयी समिति बनने से जहाँ चरथावल कि सहकारी समिति का क्षेत्रफल कम हो जायेगा वही नयी सहकारी समिति बनने से पहले चरथावल कि किसान सेवा सहकारी समिति पर करीब बीस गांव आते थे अब शासनादेश आने के बाद दहचंद के नाम से नयी किसान सेवा सहकारी समिति बनेगीस दहचंद कि सहक. ारी समिति पर पांच गाँवो के मतदाता अपने वोटो से 9 डायरेक्टर चुनेंगे दहचंद कि सहकारी समिति पर कुटेसरा, चौकड़ा, दहचंद, घिस्सूखेड़ा, पावटी सहित पांच गाँवो को मिलाकर दहचंद के नाम से नयी किसान सेवा सहकारी समिति बनेगी पहले यह पांचो गाँवो चरथावल कि किसान सेवा सहक. ारी समिति से जुड़े थे स और चरथावल कि किसान सेवा सहकारी समिति के बीस गाँवो के मतदाता 9 डायरेक्टर चुना करते थे जिसके बाद 9 डायरेक्टर सहकारी समिति का सभापति चुनते थे अब नयी सहकारी समिति दहचंद का गठन होने कि जुलाई मे पूरी पूरी संभावना हे और नयी सहकारी समिति दहचंद के लिए डीआर सहारनपुर से अनुबंधित पत्र सहक. ारी समिति चरथावल को प्राप्त हो चूका हे स और नयी सहकारी समिति के गठन के लिए क्षेत्र मे भी हलचल तेज हो गयी हे और अब चर्चा इस बात पर हो रही हे कि ज़ब चरथावल कि किसान सेवा सहक. ारी समिति से पांच गाँवो को हटा दिया जायेगा और इनके डायरेक्टरों को भी चरथावल कि सहकारी समिति से अलग कर दिया जायेगा तो चरथावल कि किसान सहकारी समिति का कोरम किस तरह पूरा होगा या फिर सहकारी समिति के डायरेक्टरो कि संख्या के लिए नया चुनाव होगा या सहकारी समिति के पुरे बोर्ड का ही चुनाव होगा यह चर्चा क्षेत्र मे पुरे जोरोशोरो से फैली हुई हे स वही ज़ब इस संबंध मे एआर कॉपरेटिव से बात कि गयी तो बताया कि आदेश को पढ़ने के बाद ही पूरी जानकारी दी जाएगी सहक. ारी समिति का कोरम पूरा करने के लिए पुरे पर्याप्त डायरेक्टर कि आवश्यकता होती हे और एस आद. ेश के बाद चरथावल किसान सेवा सहकारी समिति के पुरे बोर्ड मे हलचल सी मची हुई है।

## संक्षिप्त समाचार

### अफसरों के नाम पर डम्फरों से अवैध वसूली, ग्रामीणों का हंगामा

**चरथावल।** बिरालसी में दयानन्द गुरुकुल इंटर कालेज मार्ग पर डंफरो द्वारा मिटी का अवैध खनन व सड़क टूटने का आरोप लगाते हुए ग्रामीणों ने धरना प्रदर्शन करते हुए जाम लगाया। ग्रामीणों ने एक व्यक्ति पर अधिकारियों के नाम पर किसानों से उगाही करने का आरोप लगाते हुए कार्रवाई की मांग की।मौके पर पहुंचे तहस. ीलदार सदर ने टूटी सड़क बनवाने,जांच कर उगाही करने वालो के विरुद्ध कार्रवाई का आश्वासन देकर ग्रामीणों को धरना समाप्त कराया।

बिरालसी क्षेत्र से डंफरो के माध्यम से हाइवे के लिए किसानों के खेतों से मिटी उठायी जा रही है। किसानों का आरोप था कि अनुमति से अधिक मिट्टी खेतो से उठाकर अवैध खनन किया जा रहा है और किसानों को उनकी मिटी का उचित मूल्य न देकर उन्हें टरकाया जा रहा है। किसान रामपाल ने आरोप लगाया कि उसे मिटी का पैसा नही मिला उसके मिटी के पैसे को एक अधिकारी के नाम पर एक ग्रामीण डकार गया है। वही मिटी के डंफर चलने से दयानन्द गुरुकुल कालेज जाने वाली सड़क बुरी तरह टूट गयी है।वही डंफरो से उड़ने वाली मिटी से ग्रामीण व स्कूल जाने वाले बच्चे परेशान हैं।स्कूल के बच्चों की सहूलियत को देखते हुए पीडब्ल्यू द्वारा करीब एक वर्ष पूर्व इस सड़क का निर्माण किया गया था। सड़क टूटने से गुस्साए ग्रामीणों ने सड़क पर जाम लगा अवैध मिटी से भरे डंफरो को रोक दिया।उन्होंने सड़क निर्माण,मिटी से भरे डंपरों को ढकने व परेशान किसानों का बकाया पैसा दिलाने व अधिकारियों के नाम पर पैसा डकारने वाले के विरुद्ध कार्रवाई की मांग को लेकर धरना प्रदर्शन किया था। सूचना पर पहुंचे तहसीलदार राधेश्याम गौड़ ने किसानों से बातचीत कर उनकी समस्या का शीघ्र समाधान कराने व अधिकारियों के नाम पर किसानों को लूटने वाले व्यक्ति के विरुद्ध जांचकर कराकर कार्रवाई का आश्वासन देकर धरना समाप्त कराया।इस मौके पर सोमपाल सिंह,सतवीर,भूपेंद्र कुमार,प्रदीप सिंह,योगेंद्र राणा,प्रभात राणा,सतीश भारद्वाज, सतीश पुंडीर,दमन शर्मा,रामपाल शर्मा,कपिल राणा आदि अनेक ग्रामीण उपस्थित रहे।

### एसएसपी ने थाने का औचक निरीक्षण कर संबंधित को दिए आवश्यक दिशा-निर्देश

**चरथावल।** देर रात्रि वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय कुमार द्वारा थाना चरथावल का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान एसएसपी ने थाना कार्यालय,मालखाना,बंदी गृह, संतरी पहरा,भोजनालय,कम्प्यूटर कक्ष, शस्त्रागार आदि का निरीक्षण करते हुए थाना कार्यालय में रखे अभिलेखों का बारिकी से निरीक्षण किया।साथ ही त्यौहार रजिस्टर,अपराध रजिस्टर, टॉप-10 अपराधियों की सूची का अवलोकन कर अपराधियों पर और अधिक प्रभावी कार्यवाही करने एवं नये सिरे से टॉप-10 अपराधियो को चिन्हित कर वैधानिक कार्यवाही हेतु सम्बन्धित को निर्देशित किया गया। साथ ही थाना चरथावल पर विवेचकों के साथ गोष्ठी का भी आयोजन किया गया तथा सभी को लम्बित विवेचनाओं का निष्पक्ष, त्वरित व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने सम्बन्धी तथा अन्य आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये। इस दौरान थाना प्रभारी चरथावल जसवीर सिंह सहित पुलिस के अन्य अधिकारी व कर्मचारीगण मौजूद रहे।

### सफाई कर्मचारियों ने एडीएम को ज्ञापन सौंपा

**मुजफ्फरनगर।** राष्ट्रीय सफाई कर्मचारी महासंघ जिलाध्यक्ष चमन लाल ढिंगान के नेतृत्व में सफाई कर्मचारियों ने एडीएम प्रशासन को ज्ञापन दिया है। वहीं विभिन्न समस्याओं का निस्तारण कराने की मांग की है। जिलाध्यक्ष चमन लाल ढिंगान ने बताया कि नगर पालिका परिषद मुजफ्फरनगर में सभी स्थाई सफाई कर्मचारियों के एरियर का भुगतान किया जाए। स्थाई सफाई कर्मचारी की मृत्यु के उपरांत आश्रितों को शैक्षिक योग्यता के आधार पर नौकरी दी जाए। सेवा निवृति के पश्चात व मृतक सफाई कर्मचारीयो के समस्त देयों का भुगतान शीघ्र किया जाए। वहीं मृतक सफाई कर्मचारी के बीमा व ग्रेजुटी के लिए एक बाबू अलग से नियुक्त किया जाए। जिससे उनकी समस्त समस्याओं का समाधान शीघ्र हो सके। स्थाई सफाई कर्मचारी-सफाई नायक यदि अवकाश के दौरान कार्य करता है तो उसे ओवर टाइम दिया जाए अन्यथा वह कार्य नहीं करेगा (केवल आपातकालीन स्थिति) को छोड कर। उन्होंने बताया कि सफाई कर्मचारीध्सफाई नायकों गर्म ठंडी वर्दी समय से दी जाए। काफी समय से इनके वर्दी लंबित चले आ रहे है और बरसात में इन्हें रैन कोट दिया जाए। इस दौरान सागर वाल्मीकि, अर्जुन टांक, दीपक, धर्मेंद्र बिडला, अजीत, तरुण आदि उपस्थित रहे।

### चोटी प्रकरण में शिक्षिका के पक्ष में आया शिक्षक संगठन

**मुजफ्पुरनगर।** जागाहेडी के उच्च प्राथमिक विद्यालय की मुस्लिम अध्यापिका पर कक्षा छह के छात्र देवांश ने माथे पर लगे तिलक हटाने और सिर की चोटी को जबरन काटने के आरोपों में चल रही जांच समिति ने पूरी कर ली। जांच समिति ने इसकी रिपोर्ट उच्च अधिकारियों को भी प्रेषित कर ली। इसी कडी में बुधवार को शिक्षिका के पक्ष में शिक्षक संगठन खडे हो गए और उन्होंने बीएसए से मिलकर शिक्षकों को राजनीति का हिस्सा नहीं बनाए जाने और निष्पक्ष मामले की जांच की मांग की है। बघरा क्षेत्र के जागाहेडी के उच्च प्राथमिक विद्यालय में कक्षा छह में पढने वाले छात्र देवांश की बडी बहन आरती व ज्योति ने शिक्षिका के खिलाफ तहरीर दी थी, जिसमें बताया कि शिक्षका ने देवांश के माथे का तिलक और सिर की चोटी काटी है। इस दौरान देवांश को स्कूल के बच्चो के सामने मारपीट करने के भी आरोप लगाए हैं। दोनों बहनों ने शिक्षका पर उनके साथ भी अभद्रता करने के आरोप लगाए थे। इसके बाद हिंदू संगठन और शिव सेना पदाधिकारियों ने मामले को धर्म से जोडघ्कर बडघ रूप दिया, जिसके बाद जांच के लिए समिति गठित हुई। समिति के पदाधिकारियों ने मामले की जांच कर रिपोर्ट उच्च अधिका. रियों को दी है। हालांकि अभी कोई कार्रवाई शिक्षका पर नहीं हुई है। उधर, उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संगठन के पदाधिकारी राजेंद्र भारसी, बालेंद्र कुमार, प्रवीण सिंह, पुष्पेंद्र चौधरी, जोगेंद्र सिंह, धर्मेंद्र कुमार, विदुषी चौधरी आदि ने बीएसए संदीप कुमार से मुलाकात की।इस दौरान उन्होंने ज्ञापन दिया, जिसमें लिखा कि शिक्षिकर र नियम विरुद्ध दबाव बनाया जा रह है। उनको लेकर कोई भी जांच नियम विरुद्ध नहीं होनी चाहिए। शिक्षकों ने निष्पक्ष जांच की मांग की है। बीएसए संदीप कुमार ने बताया कि मामले की जांच विभागीय स्तर से उसी दिन खंड शिक्षा अधिकारी ने शुरू कर दी थी। मामला बढने पर जांच समिति ने जांच की, जिसकी रिपोर्ट उच्च अधिकारियों को सौंपी गई है, जिसके आधार पर आगे का निर्णय होगा।

### मेहरबान हुआ मौसम बारिश ने गर्मी से दिलाई निजात

**मोरना।** बुधवार की तपती दोपहर ने जहां इंसानी जिस्म पर तपिश के कड़े प्रहार कर प्रत्येक को निढाल कर दिया तो वहीं शाम के समय बादलों ने बरस कर गर्मी से राहत दिलाने का काम किया। रिमझिम फुहारो ने शाम और रात के मौसम को खुश ग्वार बना दिया। वहीं बारिश के कारण क्षेत्र मे सडके तालाब बन गयी, जहां से राहगीरों का गुज़रना मुश्किल हो गया। क्षेत्र मे पड़ रही तेज गर्मी से प्रत्येक बेहाल दिखा दोपहर के समय तेज गर्मी से बचने के लिए ग्रामीण पेड़ आदि की छाँव मे डेरा जमाये रहे। तेज गर्मी से तपती सडके सुनसान नजर आई तो शाम के समय तेज़ हवा घने बादलो को खींच ले आई और बादलो ने गरज चमक के साथ रिमझिम बरसात कर गर्मी से राहत दिला दी। मोरना भोपा क्षेत्र मे हुई बारिश से ग्रामीणों को तेज गर्मी से राहत मिली वहीं गांव छछरौली मे गांव के मध्य मुख्य मार्ग ने तालाब का रूप धारण कर लिया। भारी जल भराव की समस्या से नागरिक जूझते नजर आये वहीं मोरना मे भोपा मार्ग पर भारी जल भराव हो गया ओर दुपहिया वाहनों को यहां से निकलना मुश्किल हो गया तो कस्बा भोकरहेड़ी मे वाल्मीकि बस्ती के तालाब का पानी सड़कों पर फैल गया। भोकरहेड़ी -मोरना मार्ग व शुक्रताल मार्ग पर फैली कीचड पर कई बाईक सवार फिसलकर घायल हो गये। कस्बे के मोरना मार्ग व तीर्थ नगरी शुक्रताल जाने वाले मार्ग पर तालाब की सफाई करने वाले ठेकेदार की करतूत के कारण मार्गो पर भारी कीचड़ फैली हुई है। बारिश के बाद यह कीचड़ दुर्घटनाओं का कारण बन गया। पैदल व दो पहिया वाहन वाले राहगीर देर शाम फिसलते रहे। वहीं तीर्थ नगरी शुकतीर्थ मे भी जल भराव से नागरिक बेहाल नजर आये हैं।

### समर कैंप में कई तरह की गतिविधियों को सीखा

**बुढ़ाना।** ब्लाक क्षेत्र की खंड शिक्षा अधिकारी किरण यादव की अध्यक्षता में विकास क्षेत्र बुढाना के सभी उच्च प्राथमिक एवं कंपोजिट विद्यालय में समर कैंप का शुभारंभ किया गया। सभी विद्यालयों में अनुदेशक एवं शिक्षा मित्रों ने समय से जाकर आज दिवस की सभी गतिविधियों को बच्चों को कराया। बच्चों ने उत्साहपूर्वक समर कैंप में भाग लिया तथा सभी गतिविधियों को सीखा। समर कैंप का उद्घाटन जनप्रतिनिधियों, ग्राम प्रधान, ग्राम सचिव, वार्ड मेंबर, राशन डीलर तथा गणमान्य व्यक्तियों की देखरेख में सफलतापूर्वक तरीके से किया गया।

# परशुराम जन्मोत्सव समारोह समिति की बैठक सम्पन्न

**मुजफ्फरनगर।** भगवान श्री परशुराम जन्मोत्सव समारोह समिति की एक बैठक संजय मिश्रा के प्रतिष्ठान पर हूई जिसमें समाज के विभिन्न पहलुओं पर चर्चा हुई जिसमें मुख्यत: ब्राह्मण व त्यागी भुमिहार को एकजुट करने की बात पर चर्चा हुई व जातिगत जनगणना जो होने की बात चल रही है उस पर भी विचार विमर्श किया गया स्वामी श्री भगवान आश्रम ने कहा कि सभी को एकजुट रहकर समाज के कार्य करने चाहिए ओर अपनी ताकत का एहसास कराना चाहिए व संजय मिश्रा ने कहा कि हमें समाज को सुख्रढ़ व बच्चों को संस्कार वान बनाने पर ध्यान देना चाहिए आज की पीढ़ी जो मोबाइल युग में खोती जा रही उनपर भी ध्यान देने की जरूरत है फिर सभी ने जलपान किया व आए हुए सभी समाज के गणमान्य लोग को



भगवान श्री परशुराम जी का प्रतीक चिन्ह सुरेन्द्र सुभाष ब्रह्मप्रकाश जी द्वारा वितरित किया गया। इस बैठक में श्री भगवान आश्रम संजय मिश्रा, ब्रह्मप्रक. ाश शर्मा, सुरेंद्र शर्मा, सुभाष शर्मा, सुशील शर्मा, महेश वत्स, लोकराज कोशिक, रमन शर्मा, रोहित शर्मा, राकेश त्यागी, राघव मिश्रा, आलोक शर्मा, रवि शर्मा, सुखबीर सिंह, अमित शर्मा, अनिकेत शर्मा, निशांत शर्मा, संदीप शर्मा, हरीश गोतम, लक्ष्मण शर्मा, अविनाश शर्मा, संजय गोतम, मनीष मेहता, मनोज कोशिक, अंकुर शर्मा आदि मौजूद रहे और सभी ने भगवान श्री परशुराम जी के उदघोष किया गया।

# प्री मानसून में तेज हवा के साथ हुई झमाझम बारिश और ओलावृष्टि

शाह टाइम्स संवाददाता

**पुरकाजी** पिछले कई दिनो से भीषण गर्मी के प्रकोप की मार झेल रहे आमजन को बुधवार की शाम अचानक बदले मौसम के चलते तेज हवा के साथ प्रीमानसून की झमाझम हुई वर्षा और ओलावृष्टि से भीषण गर्मी से राहत मिली है ।

हालंकि तेज हवा और ओलावृष्टि से किसानो की फसलो को भारी नुकसान भी होने का अनुमान है। मई महीने की भीषण गर्मी चर्म सीमा पर है भीषण गर्मी का कहर लोगो के स्वाथ्य को काफी प्रभावित कर रहा है पिछले हफ्ते से भीषण गर्मी का सितम से आमजन से लेकर पशु पक्षी तक का हाल से बेहाल है मानो आसमन से आग बरस रही है तथा नीचे धरती का सीना आग उगल रहा है जिसके चलते लोगो का घरो से निकलना ही दुस्वार हो गया था गर्मी के कहर से बचने के लिए लोगो को घरो मे ही दुबक कर पंखा कूलर ए सी का सहारा लेना उनकी मजदूरी बन गयी है कई दिनो से भीषण गर्मी की मार झेल रहे बुधवार की शाम 6 बजे मौसम के बदले मिजाज से तेज हवा और गरज के साथ प्री मानसून की झमा झम हुई वर्षा और ओलावृष्टि से आम जनता एवपशु पक्षियो को भीषण गर्मी से कुछ समय के लिए राहत मिली है हालंकि तेज हवा और ओलावृष्टि से आम लीची तथा किसानो की अन्य फसलो को भारी क्षति भी होने का अनुमान है लेकिन मौसम के बदले मिजाज से मौसम कूल कूल बन गया है

# तमंचा लहराकर दी जान से मारने की धमकी, फायर करने की भी कोशिश

**खतौली।** रतनपुरी थाना क्षेत्र के गांव रामपुर निवासी व्यक्ति ने थाने में तहरीर देकर गांव के ही एक दबंग और उसके साथियों पर तमंचा लहराकर जान से मारने की धमकी देने, गाली-गलौच करने और फायर करने की कोशिश का आरोप लगाया है। पुलिस मामले की जांच पड़ताल कर रही है। वही पीड़ित परिवार को धमकी देने वाले दबंग व्यक्ति की वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रही है।

रतनपुरी थाना क्षेत्र के गांव रामपुर निवासी सुभाष पुत्र रामसिंह ने पुलिस को तहरीर देते हुय बताया कि वह अपने घर के बाहर चबूतरे पर परिवार के साथ शादी की तैयारियों को लेकर बैठा था। इसी दौरान गांव का एक दबंग वहां पहुंचा और तमंचा लहराते हुए जान से मारने की धमकी देने लगा। आरोप है कि दबंग ने फायर करने की कोशिश भी की, जिससे परिवार में दहशत फैल गई। सुभाष ने बताया कि शाम को दबंग व्यक्ति नेअपने साथियों के साथ दोबारा लौटा और उसके बेटे हरेंद्र के साथ गाली-गलौच करते हुए उस पर कार चढ़ाने का प्रयास किया, लेकिन उसका बेटा किसी तरह बाल-बाल बच गया। पीड़ित ने घटना की जानकारी रतनपुरी थाने को दी है और आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर जांच शुरू कर दी है। पीड़ित का कहना था कि शादी समारोह में घुड़चढ़ी के दौरान उक्त दबंग लोगों ने डीजे पर डांस करने का प्रयास की और उसके मना करने पर दबंग ने अपने साथियों के साथ मारपीट घुड़चढ़ी में भी मारपीट की थी। वही जब इस बारे में रतनपुरी पुलिस से जानकारी मांगी गई तो उन्होंने बताया कि उक्त व्यक्ति नकली तमंचा यानी एयरगन लेकर घूम रहा था। तहरीर लेने के बाद मामले की जांच पड़ताल की जा रही है। वही दूसरी और पीड़ित परिवार को तमंचा दिखा कर आतंकित करते हुय उक्त व्यक्ति की वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल वायरल होने पुलिस महकमे में हड़कंप मचा हुआ है।

# तीसरे दिन भी पहलवानों ने दिखाया दमखम

शाह टाइम्स संवाददाता

**बुढ़ाना।** ग्रीको रोमन कुश्ती में 48 किलोग्राम भार वर्ग में एसपीसी के अमित लक्ष्मण पहले, गाजियाबाद के असद दूसरे तथा बागपत के जुनैद तीसरे स्थान पर रहे। 80 किलो भार वर्ग में विहर्ष ने पहला, सहारनपुर के उधम सिंह ने दूसरा तथा आजमगढ़ के संजय ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। 55 किलो भार वर्ग में बरेली के आदित्य गुप्ता ने पहला, मुजफ्फरनगर के विश्वजीत ने दूसरा तथा शामली के पारस ने तीसरा स्थान प्राप्त किया।

65 किलो भार वर्ग में बरेली के विनय तोमर ने पहला, वाराणसी के बिशाल यादव ने दूसरा तथा मेरठ के केशव रस्तोगी ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। 110 किलो भार वर्ग में बागपत के उत्तम ने पहला, वाराणसी के निशांत ने दूसरा तथा



गौतमबुद्धनगर के हर्षित ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। इस मौके पर यहां स्पोर्टस स्टेडियम के आनर कुलदीप बालियान, एनआईए के कुश्ती कौच नरेंद्र पंवार व प्रदेश कुश्ती संघ के महासचिव सुरेश उपाध्याय ने अतिथियों का स्वागत किया। कार्यक्रम के समापन कुलदीप बालियान ने कार्यक्रम में सहयोग करने वाले सभी ग्रामीण, पहलवान व मुख्य अतिथियों का हार्दिक धन्यवाद किया।

# मैंगो शेक, शिकंजी और दूध के नमूने जब्त

**मुजफ्फरनगर।** खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने मंगलवार का जांच अभियान चलाया। इस दौरान कई स्थानों से नमूने संग्रहित किए गए। खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग के आयुक्त के निर्देश पर खाद्य पदार्थ में मिलावट तथा सडे गले कटे फलों के विरुद्ध मंगलवार को अभियान चलाया गया। इसमें सहायक आयुक्त खाद्य द्वितीय अर्चना धीरान एवं मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी शिवकुमार मिश्र के नेतृत्व में खाद्य टीम ने रियल कन्फेक्शनरी मीनाक्षी चौक से शिकंजी का एक नमूना, साहा स्वीट्स खालापार से मैंगो शेक का एक नमूना, हाजी इस्लाम स्वीट्स एंड रेस्टोरेंट खालापार से भैंस के दूध का एक नमूना तथा फूल डेरी खाला पार से भैंस के दूध का एक नमूना संग्रहित किया गया।

उक्त संग्रहित नमूनों को खाद्य प्रयोगशाला लखनऊ को जांच हेतु प्रेषित किया गया। जांच रिपोर्ट प्राप्त होने पर खाद्य सुरक्षा एवं मानक के अंतर्गत अग्रिम विधिक कार्यवाही की जाएगी। टीम में खाद्य सुरक्षा अधिकारी सुनील कुमार, वैभव शर्मा तथा मनोज कुमार शामिल रहे।

# सत्संग मंदिर में हनुमान जी की महा आरती

**मुजफ्फरनगर।** मल्लूपुरा में स्थित सिद्ध पीठ पंजाबी सत्संग मंदिर में कमेटी के अध्यक्ष विजय वर्मा, सचिव सुदर्शन अरोड़ा, कोषाध्यक्ष प्रदीप उतरेजा, जॉनी अरोड़ा, रीतेश तरीका, सोनू मुखेजा, अमित, पंडित योगेश के द्वारा एक महाआरती का आयोजन शाम 8 बजे मंदिर प्रांगण में किया गया था जिसमें मंदिर के आचार्य पंडित बॉबी ने बहुत ही सुंदर तरीके से हनुमान जी की आरती की और वहां उपस्थित लोगों ने आरती का भरपूर मजा लिया और भगवान राम के भजनों पर झूम कर नृत्य भी किया। इस आरती के मुख्य अतिथि गांधी कॉलोनी बारात घर समिति एवं शुक्रताल पंजाबी मंदिर एवं धर्मशाला व राकेश शर्मा थे। अशोक डोडा, बाल बहादुर, प्रमोद अरोड़ा, विनोद डावर, अमर धम. ीजा, अनिल धमीजा, डॉ देवेंद्र मालिक, डॉ सुनील चौधरी,राकेश हुड़िया, राकेश ढींगरा, रघुराज नागपाल, प्रेमी छाबड़ा, विजेंद्र पाल सभासद, मनीष गुम्बर, संजय जैन सी.ऐ, ब्रिज मोहन, शोभित चौधरी, विजय कपूर, अमित अरोड़ा अनिल आहूजा आदि लोगों ने आरती कर पुण्य लाभ कमाया।मंदिर में गरीब कन्याओं की शादी एवं रसम पगड़ी हेतु एक बहुत ही सुंदर हॉल का निर्माण किया गया है जिसके रेट बहुत ही कम रखे गए हैं जिससे कि वहां आसपास के रहने वाले लोग इस मंदिर के हाल का इस्तेमाल शादी समारोह के लिए कर सकें और साथ ही साथ मंदिर के रिना. ेवेशन का कार्य भी जोर से किया गया है, यह मंदिर लगभग 70 साल



पुराना मंदिर है और इसकी जिले में बहुत ही मानता है ।कार्यक्रम में नानक चंद तरीका, भवनेश ग्रोवर, बिशंभर रहेजा, दुर्गेश पाल, शिवकुमार भगत, विशु पाल, संदीप पाल, शोभित पाल, राजू ग्रोवर, कृष ढींगरा, राकेश ढींगरा, भवनेश आदि लोग उपस्थित थे।

# स्टूडेंट्स को ग्लूकोज बिस्किट किए वितरित

**बुढ़ाना।** शासनादेश अनुसार आज बुधवार के दिन खंड शिक्षा अधिकारी श्रीमती किरण यादव के अनुपालन में कंपोजिट स्कूल डूंगर में रोजुद्दीन शिक्षा मित्र तथा त्रिलोक चंद शिक्षा मित्र प्राथमिक विद्यालय डूंगर नंबर-दो के द्वारा स्कूल के प्रभारी प्रधानाध्यापक चौधरी जमील अहमद की व्यवस्था अनुसार ग्रीष्मकालीन शिविर समर कैंप का सफल आयोजन किया गया। जिसमें कक्षा छह से लेकर कक्षा आठ तक के 25 छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग लिया। प्रतिभागी छात्र-छात्राओं को समर कैंप के प्रथम सप्ताह में योग और फिटनेस के अंतर्गत प्रात: कालीन योग सत्र सूर्य नमस्कार, वृक्षासन, श्वास, व्यायाम जंपिंग जैक, हुपर



हांफ, फिटनेस रिले गेम्स और टीम आधारित दौड़ बाधा रेस गति. विधियां कराई गई। ग्रीष्मकालीन शिविर समर कैंप में प्रतिभाग करने वाले सभी बच्चों को सप्लीमेंट्री न्यूट्रिशन की व्यवस्था के अंतर्गत ग्लूकोस बिस्किट भी वितरित किए गए।

**शाह टाइम्स**

स्वामी 'शाह पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड' के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, सूजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं प्रकाशित।

**सम्पादक:**
**एस.एन. राना**

*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**

**मुख्यालय:**
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No. 71843/99
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# ओलावृष्टि से किसानों की बढ़ी चिंता, तेज तूफान से क्षेत्र में मची अफरा-तफरी

शाह टाइम्स संवाददाता

**चौसाना।** बुधवार शाम क्षेत्र में मौसम ने अचानक करवट ली। दिनभर की उमस के बाद शाम होते-होते आसमान में काले बादल छा गए और देखते ही देखते तेज तूफान ने पूरे क्षेत्र को अपनी चपेट में ले लिया। तूफान के साथ ही करीब पंद्रह मिनट तक लगातार ओलावृष्टि होती रही। ओले गिरते ही खेतों में खड़ी फसलों पर आफत टूट पड़ी, जिससे किसानों की चिंता बढ़ गई है।

तेज आंधी और बारिश के चलते बिजली आपूर्ति भी ठप हो गई। कई जगहों पर पेड़ गिरने और बिजली के खंभों को नुकसान पहुंचने की खबर है। ग्रामीणों का कहना है कि अचानक बदले मौसम के चलते लोग संभल भी



नहीं पाए और तेज हवा ने कई घरों की छतों पर रखे टीन और छप्पर उड़ा दिए।

किसानों अंकुर तोमर, विपिन ने बताया कि इस समय खेतों में धान, मूंग, गन्ना और सब्जियों की फसलें खड़ी थीं। ओलावृष्टि से इन सभी फसलों को भारी नुकसान हुआ है। खेतों में पानी भर गया है और पौधे झुक कर जमीन से लग गए हैं।

**किसानों ने जताई चिंता**

ग्राम खोडसमा निवासी किसान रवि कुमार ने बताया कि हहमारे खेत में गन्ना और मूंग की फसलें हैं। ओलावृष्टि से पौधे झुक गए हैं और फल झड़ गए हैं। अब पूरी फसल खराब होने की आशंका है।

ग्रामीणों राजकुमार , रोहतास, सचिन ने बताया कि तूफान के बाद से बिजली आपूर्ति बाधित है और देर रात तक मरम्मत कार्य शुरू नहीं हो सका था। लोग अंधेरे में रहने को मजबूर हैं।




शामली। बीएसएम स्कूल में कत्थक का कार्यक्रम प्रस्तुत करती युवतियां। छाया शाह टाइम्स

# ग्रामीण पर हमले के सात आरोपियों के खिलाफ मुकदमा

**बाइक से पटाखा छोड़ने एवं स्टंटबाजी का विरोध करने पर पिता-पुत्रों समेत कई लोगो ने घर में घुसकर कर दिया था हमला, गम्भीर रूप से घायल ग्रामीण का मेरठ मेडिकल में चल रहा उपचार**

शाह टाइम्स संवाददाता

**कैराना।** बाइक से पटाखा छोड़ने का विरोध करने पर ग्रामीण पर घर में घुसकर लोहे की रॉड व धारदार हथियारों से हमला करने के मामले में पुलिस ने सात लोगो के खिलाफ संगीन धाराओं में अभियोग दर्ज किया है। पीड़ितों ने आरोपियों को शीघ्र गिरफ्तार करके जेल भेजने की मांग की है।

क्षेत्र के गांव रामड़ा निवासी विशाल ने कोतवाली पर मुकदमा दर्ज कराया है। बताया कि सोमवार प्रात: करीब नौ बजे उसके घर पर हवन हो रहा था। वह अपने परिवार के लोगो के साथ में हवन-पूजन में बैठा था। इसी दौरान गांव का ही वंश उर्फ वंशु नामक युवक बाइक पर सवार होकर उसके घर के सामने पहुंचा। आरोप है कि युवक ने स्टंटबाजी करते हुए बाइक से पटाखे छोड़ने शुरू कर दिए। जब उसने ऐसा करने का विरोध किया तो आरोपी युवक उसके साथ में गाली-गलौच व मारपीट पर उतारू हो गया। आसपास के लोगो के बीच-बचाव करने पर युवक देख लेने की धमकी देता हुआ मौके से चला गया। आरोप है कि शाम करीब आठ बजे आरोपी युवक वंश उर्फ वंशु, संजय, वीशु उर्फ विशाल, विकास, जिनेश,आशु व इन्दर निवासीगण ग्राम रामड़ा लाठी-डंडों, धारदार हथियारों व तमंचों से लैस होकर उसके घर में घुस आए। आरोपियों ने आते ही घर में मौजूद उसके पिता कंवरपाल पर हाथों में लिए हथियारों से जानलेवा हमला कर दिया।

आरोपियों के हमले में उसका पिता गम्भीर रूप से घायल हो गया। शोर सुनकर आसपास के काफी लोग मौके पर एकत्र हो गए, जिसके बाद आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गए। आरोपियों के हमले में उसके पिता के सिर, चेहरे व शरीर के अन्य हिस्सों पर गम्भीर चोटें आई है। घायल पिता को उपचार के लिए कस्बे के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर भर्ती कराया गया। जहां से चिकित्सकों ने गम्भीर हालत के चलते उसे हायर सेंटर के लिए रेफर कर दिया। वहीं, पुलिस ने आरो. पियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज करके अग्रिम कार्यवाही शुरू कर दी है। बताया गया है कि घायल कंवरपाल का इलाज मेरठ मेडिकल में चल रहा है। उधर, पुत्र पर हमले के सदमे में ग्रामीण कंवरपाल की मां सुनहरी देवी की मौत हो गई थी। पीड़ितों ने पुलिस से घटना को अंजाम देने वाले आरो. पियों को गिरफ्तार करके जेल भेजने की मांग की है।

## पुत्री के हत्यारोपियों की गिरफ्तारी की मांग

**शामली।** कैराना क्षेत्र के गांव बीबीपुर हटिया निवासी महिला ने अपनी पुत्री के दहेज हत्यारो को गिरफ्तार किए जाने की मांग को लेकर एसपी को प्रार्थना पत्र दिया है। मंगलवार को कैराना थाना क्षेत्र के गांव बीबीपुर हटिया निवासी बानो पत्नी वकील ने पुलिस अधीक्षक को शिकायती पत्र देकर अवगत कराया है कि 17 अप्रैल को उसकी पुत्री नगमा की पांच ससुरालियों ने दहेज की मांग पूरी न होने पर हत्या कर दी थी। जिसका मुकदमा थाना झिंझाना पर दर्ज कराया गया था। पुलिस ने मात्र पति तैयब को ही गिरफ्तार कर जेल भेजा है। जबकि सांस मीना, जेठ बिलाल, इस्तकार व ननंद फरीन गांव सूबरी थाना झिंझाना को पुलिस गिरफ्तार नही कर रही है। पीडित महिला ने अन्य चारों नामजदों को भी गिरफ्तार कर जेल भेजे जाने की मांग की है।

## कच्ची शराब में गिरफ्तार

शाह टाइम्स संवाददाता

**झिंझाना।** पुलिस ने अंकुर पुत्र जगवीर निवासी मोहल्ला सीतापुरी झिंझाना को पांच लीटर अवैध कच्ची शराब सहित अलीनगर मस्त गढ़ रोड से गिरफ्तार किया। पकड़े गए आरोपी ने पुलिस पूछताछ में बताया कि वह कच्ची शराब मस्त गढ़ के एक व्यक्ति से लाया जिसका नाम नहीं जानता। शराब को मोहल्ले में चलते-फिरते लोगों को बेच देता है, जिससे उसका खर्च निकल आता है। पुलिस ने पकड़े गए अवैध शराब तस्कर के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत करते हुए चालानी कार्रवाई की है।

# साप्ताहिक कत्थक कार्यशाला के तीसरे दिन युवतियों में दिखा उत्साह

शाह टाइम्स संवाददाता

**शामली।** बुधवार को शहर के बीएसएम स्कूल में चल रही साप्ताहिक कत्थक कार्यशाला के तीसरे दिन भी विद्यार्थियों व बाहर से आई महिलाओं और लड़कियों ने भरपूर उत्साह के साथ भाग लिया। इस अवसर पर सभी प्रशिक्षण के लिए आए हुए छात्र-छात्राओं को कत्थक की महत्वपूर्ण विधाओं की व्यावहारिक जानकारी प्रदान की गई।

बुधवार को कार्यशाला के दौरान विद्यार्थियों को लयकारी के विभिन्न आयामों एगुन, दुगुन, चौगुन की बारीकियां को सिखाया गया। प्रशिक्षकों ने ताल और लय की समझ को सरल उदाहरण द्वारा प्रस्तुत किया। जिससे छात्र लयबद्धता को बेहतर ढंग से आत्मसात कर सके। इसके अतिरिक्त छात्रों को कत्थक में हाव-भाव (हस्क एक्सप्रेशन) भाव और रस की भूमिका से भी परिचित कराया गया। प्रशिक्षकों ने बताया कि किस प्रकार से भावाभिव्यक्ति एक प्रस्तुति को जीवंत और प्रभावशाली बनती है। बच्चों ने विभिन्न भावों जैसे- श्रृंगार, करुण, वीर आदि को अभिनव के माध्यम से व्यक्त करने का अभ्यास किया। रुचि बलूनी की सहायक वंदिता और विद्यालय की नृत्य शिक्षिका प्रियंका शर्मा के निर्देशन में बच्चों ने शास्त्रीय नृत्य की बारिकियों को न केवल समझा बल्कि अभ्यास के माध्यम से आत्मसात भी किया। विद्यालय के प्रधानाचार्य राहुल चौधरी, मैनेजर छाया सिंह, चेयरमैन सूर्यवीर सिंह और उप प्रधानाचार्या आशु पंडित ने कार्यशाला में विद्यार्थियों की रुचि और सहभागिता को देखकर अपनी प्रसन्नता व्यक्त की। प्रबंधन समिति ने रुचि बलूनी, वंदिता और प्रियंका शर्मा के उत्कृष्ट निर्देशन की प्रशंसा करते हुए कहा कि उनके प्रयासों से विद्यालय में सांस्कृतिक चेतना और भारतीय परंपराओं के प्रति नई पीढ़ी में उत्साह उत्पन्न हो रहा है। कार्यशाला का यह दिन छात्रों के लिए अत्यंत ज्ञानवर्धक और प्रेरणादाई रहा। जिसमें उन्होंने लय, ताल, भाव और शास्त्रीयता के समन्वय को अनुभव किया।

## एक नजर

### एएसपी ने परखी न्यायालय परिसर की सुरक्षा-व्यवस्था



शाह टाइम्स संवाददाता

**कैराना।** एएसपी संतोष कुमार सिंह ने कैराना पहुंचकर जनपद न्यायालय परिसर की सुरक्षा-व्यवस्था का जायजा लिया। उन्होंने ड्यूटी पर तैनात पुलिसकर्मियों को मुस्तैदी के साथ में अपने उत्तरदायित्व का निर्वहन करने के निर्देश दिए है। बुधवार को एएसपी शामली संतोष कुमार सिंह कैराना पहुंचे। जहां पर उन्होंने सीओ श्यामसिंह व कोतवाली प्रभारी निरीक्षक धर्मेन्द्र सिंह को साथ लेकर न्यायालय परिसर का भ्रमण किया। इस दौरान उन्होंने जनपद न्यायालय परिसर की सुरक्षा-व्यवस्था का भी गहन जायजा लिया। एएसपी ने कचहरी में स्थित चौकी पर तैनात पुलिसकर्मियों की संख्या एवं ड्यूटी शेड्यूल के बारे में भी जानकारी ली। उन्होंने न्यायालय की सुरक्षा में तैनात पुलिसकर्मियों को सतर्क रहकर ड्यूटी करने के निर्देश दिए। साथ ही, ड्यूटी में लापरवाही बरतने पर सख्त कार्यवाही के लिए भी चेताया है।

**बाजार में पुलिस फोर्स के साथ किया पैदल मार्च**

बुधवार को एएसपी संतोष कुमार कैराना पहुंचे। जहां पर उन्होंने पुलिस फोर्स के साथ में कस्बे के बाजारों में पैदल मार्च किया। एएसपी ने मुख्य शामली-कैराना मार्ग, चौक बाजार, जोड़वा कुआं, सर्राफा बाजार, पुराना बाजार आदि में पैदल मार्च करते हुए लोगो को सुरक्षा का अहसास कराया। उन्होंने कोतवाली प्रभारी निरीक्षक धर्मेंद्र सिंह से कस्बे के बाजार में लगने वाले जाम की समस्या से लोगो को निजात दिलाने के निर्देश दिए। साथ ही, नियम विरुद्ध सड़कों पर दौड़ रही ई-रिक्शाओं के विरुद्ध कार्यवाही किए जाने को कहा। इस दौरान कस्बे की किलागेट चौकी प्रभारी एसआई आनंद कुमार, इमामगेट चौकी प्रभारी एसआई अशोक कुमार आदि मौजूद रहे।

### जानलेवा हमले के तीसरे आरोपी गुरमीत को चौसाना पुलिस ने दबोचा

शाह टाइम्स संवाददाता



**चौसाना।** पुलिस ने अप्रैल माह को हुए जानलेवा हमले के मामले में तीसरे फरार आरोपित को गिरफ्तार कर लिया है। पकड़ा गया आरोपित गुरमीत पुत्र सुरेश निवासी ग्राम खेडी खुशनाम का रहने वाला है। गौरतलब है कि 11 अप्रैल को चौसाना रोड पर सतीश कुमार सैनी पर चार हमलावरों ने लाठी-डंडों और धारदार हथियार से हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया था। हमलावरो ने घायल सतीश को गाड़ी में डालकर अपने घर ले गए थे और वहां भी बंधक बनाकर बुरी तरह पीटा था। घटना के बाद सतीश ने थाना झिंझाना में तहरीर देकर चार लोगों के खिलाफ नामजद रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पुलिस ने मामले में जांच करते हुए इससे पहले दो अभियुक्तोंकृविक्रम और काकूल उर्फ रोहनकृको 13 अप्रैल को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। पुलिस ने तीसरे वांछित अभियुक्त गुरमीत को बुधवार को गिरफ्तार कर लिया। वही थानाध्यक्ष जितेंद्र शर्मा का कहना है कि चौथा आरोपित भी जल्द गिरफ्त में होगा। गुरमीत की गिरफ्तारी के बाद झिंझाना थाने पर आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

### रक्तदान के लिए युवाओं को करते रहेंगे प्रेरित: अशवनी शर्मा



शाह टाइम्स संवाददाता

**झिंझाना।** पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय राजीव गांधी की पुण्यतिथि पर क्षेत्र के गांव सींगरा में यूवा कांग्रेस कार्यकर्ताओं के द्वारा रक्तदान शिविर आयोजित कर पहलगांव हमले के शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। शामली के अंबा बल्ड बैंक की टीम के द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया।

रक्तदान शिविर का शुभारंभ कांग्रेस के युवा प्रदेश महासचिव अशवनी शर्मा सींगरा ने फीता काटकर किया रक्तदान कार्यक्रम में यूवाओ ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया उन्होंने बताया कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी एवं युवा कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष पारस शुक्ला के दिशा निर्देश पर रक्तदान करके पहलगांव आतंकी हमले के शहीदों को श्रद्धांजलि दी गई है। स्वर्गीय राजीव गांधी जी के द्वारा देश में कम्प्यूटर क्रांति लाने का काम किया गया था उन्होंने देश की सीमाओं का विस्तार करते हुए अपने प्राणों की आहुति दे दी थी। युवा जिला महासचिव नासिर चौधरी ने कहा कि देश की अखण्डता के लिए खुद को न्योछावर करने वाले भारत रत्न स्वर्गीय राजीव गांधी जी युगों युगों तक युवाओं के लिए प्रेरणा श्रोत रहेंगे। वर्तमान समय में कांग्रेस नेता राहुल गांधी भी उन्हीं के पद चिन्हों पर चलकर राष्ट्र सेवा कर रहे हैं। रक्तदान करने वाले को उपहार देकर सम्मानित किया गया शिविर में 25 लोगों के द्वारा रक्तदान किया गया।इस दौरान यूवा कांग्रेस प्रदेश महासचिव अशवनी शर्मा, जिला महासचिव नासिर चौधरी, जिला सचिव रिजवान मंसूरी, यूवा नेता जुबैर चौधरी, चौधरी ओसामा, वीशू शर्मा, ऊन ब्लाक अध्यक्ष सुबोध कोरी आदि मौजूद रहे।

# इजरायल की राष्ट्र मान्यता समाप्त हो

शाह टाइम्स संवाददाता

**कैराना।** निरन्तर तत्पर सामा. जिक संगठन के कार्यकर्ताओं ने देश के प्रधानमंत्री को संबोधित ज्ञापन-पत्र तहसीलदार कैराना को सौंपा है। उन्होंने इजरायल द्वारा फिलिस्तीन के गाजा पट्टी में लगातार किए जा रहे मानवीय एवं नैतिक मूल्यों के उल्लंघन के विरोध में आक्रोश व्यक्त किया है।पत्र में भारत सरकार से इजरायल को चेतावनी देने अथवा उसकी राष्ट्र मान्यता समाप्त किए जाने की मांग की गई है।

बुधवार को निरन्तर तत्पर सामा. जिक संगठन के कार्यकर्ता संगठन अध्यक्ष शमून उस्मानी के नेतृत्व में तहसील मुख्यालय पर पहुंचे। जहां पर उन्होंने देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को संबोधित ज्ञापन-पत्र तहस. ीलदार कैराना अर्जुन चौहान को सौंपा। बताया कि इजरायल द्वारा



फिलिस्तीन के गाजा पट्टी में निरंतर मानवीय मूल्यों का उल्लंघन किया जा रहा है।

इजरायल द्वारा किए गए अभी तक के हमलों में करीब 53 हजार निर्दोष नागरिक मारे जा चुके है। इजरायल ने विगत 76 दिनों से फिलिस्तीन में मानवीय एवं खाद्य सहायता भी बंद कर रखी है, जिसके चलते वहां के नागरिक दाने-दाने को मोहताज है। फिलिस्तीन के नागरिक भुखमरी की कगार पर है। पत्र में भारत सरकार द्वारा इजरायल को चेता. वनी देने अथवा उसकी राष्ट्र मान्यता रद्द करने की मांग की गई है। इस दौरान कुर्रत मेहदी, फरमान सिद्दीकी, माज चौधरी, शब्बर, मुकरिम, फरहान मौजूद रहे।

## जिला संयुक्त चिकित्सालय में नवजात की उपचार के दौरान मौत

**शामली।** देर रात्रि जिला संयुक्त चिकित्सालय में एक नवजात की उपचार के दौरान मौत हो गई। परिजनों ने एसएनसीयू में चिकित्सक के समय पर न पहुंचने का आरोप लगाया है। वही नवजात की मौत फेफडों में गंदा पानी भरने से बताया जा रहा है। क्षेत्र निवासी एक व्यक्ति ने अपनी पत्नी को प्रसव पीडा होने के कारण पंसारियान स्थित अर्बन अस्पताल में भर्ती कराया गया।जहां महिला ने नवजात को जन्म दिया। जिसकी हालत नाजुक होने के चलते अर्बन अस्पताल से नवजात को जिला संयुक्त चिकित्सालय में रेफर कर दिया गया। जहां परिजनों ने नवजात को एसएनसीयू में भर्ती कराया गया, लेकिन आरोप है कि वहां चिकित्सक समय से नही पहुंचे और नवजात की मौत हो गई। चिकित्सकों ने बताया कि नवजात के फेफडों में गंदा पानी भर गया था और वह सांस नही ले पा रहा था, जिस कारण उसकी मौत हुई है। नवजात को ऑक्सीजन लगाकर भेजना चाहिए था।

## चंधेड़ी में हुआ समर कैंप का शुभारम्भ

**बुढ़ाना।** ब्लाक क्षेत्र के गांव चंधेडी में स्थित कंपोजिट विद्यालय में आज बुधवार के दिन समर कैंप का शुभारंभ किया गया। ग्राम प्रधान पुरूषोत्तम कुमार ने रीबन काटकर समर कैंप का शुभरंभ किया। इस मौके पर यहां मुख्य रूप से विपिन कुमार, संजीव कुमार, सुनील कुमार और रमेश कुमार आदि ग्रामीण और शिक्षक मौजूद रहे।

# पुलिस ने तंबाकू निषेध दिवस पर किया लोगों को जागरूक



शाह टाइम्स संवाददाता

**झिंझाना।** तंबाकू निषेध दिवस पर स्थानीय पुलिस ने कस्बे में अलग अलग स्थानों पर लोगों को तंबाकू से होने वाले नुकसान के बारे में जागरूक किया।

बुधवार को उच्च अधिकारियों के आदेश पर कस्बा इंचार्ज एसआई राघवेंद्र सिंह ने तंबाकू निषेध दिवस के अवसर पर कस्बे के गणमान्य लोगों को साथ लेकर मेन बाजार, होली कल्लर चौराहा, पीएनबी, बस स्टैंड पर तम्बाकू निषेध जागरूकता अभियान चलाते हुए लोगों को तम्बाकू से होने वाली बीमारियों के लिए जागरुक किया। उन्होंने बीडी, सिगरेट, तंबाकू, गुटखा आदि से होने वाली लाइलाज बीमारियों के बारे में जानकारी दी। तंबाकू निषेध दिवस पर कस्बे में जगह-जगह लोगों को जागरूक किया गया। इस अवसर पर व्यापार मंडल के अध्यक्ष विनोद संगल, प्रवीण पच्चीसिया, अश्वनी शर्मा, अभिनव गर्ग, भगत जी बर्तन वाले आदि लोगों का विशेष सहयोग रहा।

## नंदीवाला बनकर भीख मांग रहे दूसरे समुदाय के युवकों को पकड़ कर पुलिस को सौंपा

शाह टाइम्स संवाददाता

**जलालाबाद।** वेशभूषा बदलकर गली मुहल्लो मे भीख मांग रहे दो युवको को मौहल्लेवासियो ने पकडकर पुलिस को सौंप दिया , पुलिस द्वारा दोनो युवको को शातिभंग मे जेल भेज दिया। बुधवार की दोपहर जलालाबाद के मौहल्ला राम. रतनमण्डी मे दो युवक वेशभूषा बदलकर नन्दी बैल को लेकर भीख मांग रहे थे, मौहल्ले के कुछ युवको को शक हुआ तो उन्होने उनसे उनका नाम पता पूछा जिससे उक्त दोनो हिचकाने लगे जिसके बाद तलाशी ली गई तब जाकर उनके द्वारा अपनी असली पहचान बताई जिसके बाद दोनो युवको को पुलिस को सौंप दिया गया। पकडे गए युवको मे एक कस्बा थानाभवन के मौहल्ला शाहलाल का शौकीन पुत्र शौकत व दूसरा उसका साथी फिरोज पुत्र बबलू निवासी बुढाना बताया गया है उक्त मामले मे हिदु संगठनो बजरंग दल व विश्व हिन्दु परिषद के कार्यकर्ताओ ने पुलिस के समक्ष गहरी नाराजगी जाहिर करते हुए इसे हिन्दु आस्था के साथ खिलवाड बताते हुए कार्रवाई की मांग की है। थानाभवन पुलिस द्वारा दोनो युवको को शांन्ति भंग मे चालान कर जेल भेज दिया। बताया जा रहा है कि दोनो युवको मांगने का कार्य वर्षो से कर रहे है।

# अपनी बदहाली पर आंसू बहा रहा राजकीय पशु चिकित्सालय

शाह टाइम्स संवाददाता

**ऊन।** ऊन का राजकीय पशु चिकित्सालय अपनी बदहाली पर आंसू बहा रहा है अस्पताल में न डॉक्टर है न फार्मासिस्ट चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी अस्पताल चला रहा है अस्पताल के प्रांगण में ऊंची ऊंची घास खड़ी है चारों तरफ बदहाली का आलम है क्षेत्र के लोग कई बार डॉक्टर व कर्मचारियों की तैनाती की मांग कर चुके हैं लेकिन कोई समाधान नहीं हो पा रहा है। राजकीय पशु चिकित्सालय अपनी बदहाली पर आंसू बहा रहा है अस्पताल के प्रांगण में ऊंची ऊंची घास खड़ी है जिसमें जंगली जानवरों ने अपना बसेरा बनाया हुआ है आवास के क्वार्टर खंडहर में तब्दील हो गए हैं पशु चिकित्सालय में पशुओं की डॉक्टरी हेतु बने बाड़े के चारों ओर ऊंची ऊंची




भांग खड़ी है ऐसा लगता है कि यहां पर बरसों से कोई पशुओं का इलाज नहीं हो पाया है।

पशु चिकित्सालय में डॉक्टर इमरान अंसारी की तैनाती की गई है लेकिन उन पर पहले ही 9 अस्पतालों का चार्ज है इसके अलावा फार्मासिस्ट अरविंद कुमार को तैनात किया गया है जो एक पखवाड़े से अस्पताल में नहीं आए हैं उन पर कमालपुर के अस्पताल का भी चार्ज है फार्मासिस्ट न आने के कारण पशुपालकों को दवाई भी नहीं मिल पा रही है अस्पताल पर चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी



भारत भूषण तैनात है वह रोजाना अस्पताल को समय पर खोलते हैं तथा ड्यूटी कर वापस चले जाते हैं बुधवार को अस्पताल पर चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी भारत भूषण व पशु मित्र सोनू कुमार मौजूद मिले उन्होंने बताया कि फार्मासिस्ट एक पखवाड़े से नहीं आए हैं तथा डॉक्टर भी कई दिनों से नहीं आए हैं ।

बुधवार को पांच पशुओं की ओपीडी की गई है यह हाल तब है जब राजकीय पशु चिकित्सालय तहसील मुख्यालय का अस्पताल है यहां पर डिप्टी सीवीओ की तैनाती होनी चाहिए लेकिन कई वर्ष हो गए आज तक डॉक्टर व फार्मासिस्ट की भी तैनाती नहीं हो पाई है क्षेत्र के लोगों द्वारा बार-बार अधिकारियों को शिकायत कर अस्पताल पर डॉक्टर व फार्मासिस्ट व कर्मचारियों की तैनाती करने की मांग की जा चुकी है लेकिन तैनाती नहीं हो पाई है जिससे क्षेत्र वासी परेशान है अस्पताल की हालत बद से बदतर होती जा रही है आवास खंडहर में तब्दील हो रहे हैं साफ सफाई की व्यवस्था चौपट है। इस संबंध में चिकित्सा प्रभारी डॉक्टर इमरान अंसारी ने बताया कि वह गोचर की भूमि को कब्जा मुक्त कराकर चारे की बुआई में लगे हैं मंगलवार को झिंझाना में चार गोवंश का पोस्टमार्टम किया फार्मासिस्ट जिले पर दवाई लेने गया है।जिला पशु चिकित्सा अधिकारी चंद्रभानु कश्यप से जानकारी करनी चाहिए लेकिन उनका फोन स्विच ऑफ मिला।

# किसानों की समस्याओं का निवारण प्रशासन की प्राथमिकताः डीएम



शामली। किसानों की समस्याएं सुनते डीएम व अन्य।



शामली। बैठक में मौजूद किसान। छाया शाह टाइम्स

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** बुधवार को शामली कलक्ट्रेट सभागार में डीएम अरविन्द कुमार चौहान की अध्यक्षता में किसान दिवस का आयोजन किया गया। किसान दिवस में किसानों ने ग्रामीण क्षेत्रों में बिजली कटौती, बकाया गन्ना भुगतान, बीज की उपलब्धता आदि की समस्याओं को उठाया। डीएम ने किसानों की समस्याओं को प्रमुखता के साथ समाधान करने के निर्देश दिए है।

बुधवार को किसान दिवस में उप कृषि निदेशक प्रदीप कुमार द्वारा किसानों को किसानों की समस्या के समाधान के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। धान के उपलब्ध बीज की प्रजाति पीबी 1692, पीबी 1718, और पीबी 1847 व जिप्सम समस्त राजकीय कृषि बीज भण्डार पर उपलब्धता के बारे जानकारी दी गई। किसान दिवस में किसान राजन जावला निवासी डागरौल द्वारा कहा गया कि बाजार में उर्वरक उपलब्ध नहीं हैं। उर्वरक उपलब्ध कराने की मांग की गई। कालेन्द्र मलिक निवासी करौदा हाथी द्वारा आवारा पशुओं की समस्या व गन्ना भुगतान कराने की मांग की गई और ग्राम भैसवाल की नहर की पटरी टूटी हुई है उसे ठीक कराने की मांग की गई। दुष्यन्त मलिक कुड़ाना द्वारा कुड़ाना वाले मार्ग पर खनन वाले डम्फर से रोड़ पर काफी मिट्टी गिर कर जम गई हैं जिस कारण सड़क दुर्घटना होने की सम्भावना रहती है। सेहटा फ्लाई ओवर की एक साइड की सर्विस लाईन नहीं बनी है जिसे बनवाने की मांग की गई। शमशाद ग्राम बलवा द्वारा बलवा रेलवे फ्लाई ओवर के पास कच्ची सर्विस लाईन को पक्का करने की मांग की गई। कविता चौधरी ग्राम पिण्डौरा द्वारा ग्राम पिण्डौरा में तालाब की सफाई कराई जाने की मांग रखी। सुधीर कुमार ग्राम गोहरनी द्वारा गोहरनी बाईपास चौराहे पर दुर्घटना होने की सम्भावना रहती है जिस पर आवश्यक प्रबन्ध करने की मांग की गई। इस अवसर पर उप कृषि निदेशक प्रमोद कुमार, जिला कृषि अधिकारी प्रदीप कुमार, मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डा। एसपी सिंह, जिला गन्ना अधिकारी आरएस कुशवाह, दुष्यन्त मलिक, पप्पू मलिक, सुधीर कुमार, सुनील पवांर आदि मौजूद रहे।

## संदिग्ध परिस्थितियों में व्यक्ति की ट्रेन से कटकर मौत

**शामली।** शहर के टंकी काला.ेनी निवासी एक 50 वर्षीय व्यक्ति की सहारनपुर-दिल्ली एक्सप्रेस ट्रेन से कटकर संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम कराया है। वही व्यक्ति की मौत से परिजनों में कोहराम मचा हुआ है।

गत मंगलवार देर रात्रि 8 बजे सहारनपुर से दिल्ली जाने वाली एक्सप्रेस ट्रेन से कटकर एक अज्ञात व्यक्ति की मौत हो गई। सूचना पर पहुंची थाना आदर्शमंडी पुलिस ने शव की शिनाख्त करने का प्रयास किया, लेकिन उसकी कोई शिनाख्त नही हो सकी। बुधवार सवेरे शहर के टंकी कालोनी निवासी 50 वर्षीय रविन्द्र धीमान पुत्र स्व जयपाल धीमान के लापता होने की सूचना मिली। जिसकी परिजनों से थाना आदर्शमंडी पुलिस द्वारा जानकारी की गई तो मृतक की पहचान रविन्द्र धीमान के रूप में हुई। जिससे परि. जनों में कोहराम मच गया। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम कराया गया है। रविन्द्र धीमान की ट्रेन से कटकर संदिग्ध परिस्थितियों में हुई मौत के मामले में पुलिस जांच कर रही है। रविन्द्र धीमान की मौत से परिजनों में कोहराम मचा हुआ है।



झिंझाना। जिले में नाम रोशन करने वाले छात्र-छात्राओं का सम्मान करते हुए।

# हाई स्कूल के जिला टॉपर आलेख शर्मा एसडीएस में सम्मानित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झिंझाना।** मेरठ करनाल हाईवे स्थित एसडीएस कान्वेंट स्कूल में बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता पवन तरार अध्यक्ष क्ब्क्थ एवं सुशील कुमार प्रधानाचार्य चंदन लाल नेशनल इंटर कॉलेज कांधला ने संयुक्त रूप से की।

बुधवार को एसडीएस स्कूल में आयोजित समारोह में सर्वप्रथम हाई स्कूल जिला टॉपर आलेख शर्मा को एसडीएस विद्यालय परिवार की ओर से सम्मानित किया गया, साथ ही विद्यालय की छात्रा गरिमा अहलावत (95.2%), अरहमा (93.6%), शगुन रावल (93%), तन्वी चौहान (92.6%), वंशिका (91%), वर्तिका चौहान (90.6%), आयुषी चौहान (90.2%) तथा जयशिका (90%) को भी विद्यालय ने सम्मानित किया।

इसके बाद हाई स्कूल बोर्ड परीक्षा के छात्र-छात्रा जिन्होंने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय का नाम रोशन किया।

उनको मुख्य अतिथि सुशील कुमार जी ने पुरस्कार स्वरूप ट्रॉफी प्रदान कर सम्मानित किया, इसके बाद 12वीं कक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले सभी छात्र-छात्राओं को मुख्य अतिथि पवन तरार ने पुरस्कार स्वरूप ट्रॉफी प्रदान कर उनको सम्मानित किया। पुरस्कार वितरण के दौरान मुख्य अतिथि रहे सुशील कुमार ने सभी छात्र-छात्राओं को अपनी शुभकामनाएं दी व अपने वक्तव्य में उन्होंने कहा कि विद्यार्थी जीवन तप और त्याग का जीवन होता है जो विद्यार्थी जितना संयमित रहकर के अपना ध्यान और ऊर्जा एक केंद्र बिंदु पर समाहित करेगा वही विद्यार्थी जीवन में सफलता को हासिल करेगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पवन तरार ने कहा की विद्यार्थियों को केवल किताबी ज्ञान ही नहीं अर्जित करना चाहिए इसके साथ सामाजिक ज्ञान की भी आवश्यकता है, इसके लिए वह अपने बड़े बुजुर्गों के पास कुछ समय अवश्य बताएं और उनसे और उनके अनुभवों से सीखने का प्रयास करें।

कार्यक्रम के अंत में विद्यालय अध्यक्ष लोकेश कुमार ने कहा कि गत वर्ष की भांति इस वर्ष भी विद्यालय का बोर्ड परीक्षाओं का रिजल्ट शत प्रतिशत रहा है। भविष्य में भी सभी विद्यार्थी अपना प्रदर्शन और बेहतर करेंगे ऐसी मै आशा करता हूं। जिन छात्रों का प्रदर्शन कुछ कम रह गया उन्हें भी निराश होने की आवश्यकता नहीं है, जीवन में उनके लिए भी पर्याप्त मौके आएंगे, जिनमे वह अपना मुकाम हासिल कर सकते हैं। कार्यक्रम में ऋतिक, आकाश, पंकज, प्रदीप शर्मा, विनीत आर्य, लो. केश शर्मा, भुज्वीर, आरती, डिंपल, सिया, स्वाति, हरप्रीत, पिंकी, यांशिका, अमनदीप, सीमा, पूजा, श्रुति बंशल आदि समस्त स्टाफ का योगदान रहा।



चौसाना। ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर तिरंगा यात्रा निकालते हुए। छाया शाह टाइम्स

## शताक्षी इंटरनेशनल स्कूल में ग्रीष्म अवकाश पर समर कैंप का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**परीक्षितगढ़।** थाना क्षेत्र के ग्राम चितवाना शेरपुर स्थित शताक्षी इंटरनेशनल स्कूल में ग्रीष्मकालीन अवकाश होने से पूर्व विद्यालय में समर कैंप का आयोजन किया गया जिसमें बच्चों को पूल पार्टी कराई गई तथा बच्चों को डांस एक्टिविटी कराई गई। इस मौके पर विद्यालय के चेयरमैन मोनू तोमर ने बच्चों को समझाया कि गर्मियों में स्वयं को सुरक्षित रखें घर पर रहे व अपने आसपास में गर्मी में पक्षियों के लिए पानी का बर्तन भर कर रखें। विद्यालय की प्रधानाचार्य रूबी शर्मा ने शिक्षक शिक्षिकाओं के साथ मिलकर बच्चों को खूब मस्ती कराई। पूल पार्टी में म्यूजिक के साथ डांस किया गया और बच्चों ने खूब मस्ती की पूल पार्टी में एलिस मरियम रेहान अरहम नकुल एंजेल आदि बच्चों ने जमकर धमाल किया। कार्यक्रम प्रभारी शिखा शर्मा ने कार्यक्रम की सफलता पर सभी का धन्यवाद किया सहयोगी आशा महविश आदि मौजूद रहे।

# ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर निकाली तिरंगा यात्रा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चौसाना।** कस्बे में ऑपरेशन सिंदूर की सफलता का जश्न मनाने के लिए सोमवार को भव्य तिरंगा यात्रा निकाली गई। इस यात्रा का नेतृत्व जिला पंचायत सदस्य ठाकुर कारण सिंह ने किया। यात्रा पंचायत घर से आरंभ होकर चौसाना बाईपास होते हुए हनुमान मंदिर पहुंची और पुनः पंचायत घर आकर संपन्न हुई। यात्रा में शामिल पुरुष, महिलाएं और बच्चे हाथों में तिरंगा लिए देशभक्ति के नारों से वातावरण गुंजायमान कर रहे थे।

जिप सदस्य ठाकुर कारण सिंह ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर की सफलता ने पूरे देश को गौरवान्वित किया है। यह हमारे वीर जवानों की बहादुरी, पराक्रम और अदम्य साहस का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि इस तिरंगा यात्रा के माध्यम से देश के प्रति एकता, अखंडता और सम्मान का संदेश दिया गया है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व की सराहना करते हुए कहा कि भारतीय सेना ने पाकिस्तान के आतंकी अड्डों को ध्वस्त कर यह स्पष्ट कर दिया है कि भारत अब आतंकवाद को किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं करेगा और हर साजिश का मुंहतोड़ जवाब दिया जाएगा।

नवाब सिंह पूर्व चौयरमैन ने ग्रामीणों से आ]वान किया कि वे देश की सुरक्षा और प्रगति में सक्रिय भागीदारी निभाएं। यात्रा के समापन पर पंचायत घर पर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस दौरान भारत माता की जय और वंदे मातरम् के नारों से वातावरण गूंज उठा।

इस अवसर पर गन्ना समिति के पूर्व चेयरमैन नवाब सिंह, मोहर सिंह, बशारत, ग्राम सचिव राहुल, तनवीर, दिनेश, जावेद, गोपाल, इकबाल, कुर्बान, अफजाल, मास्टर अमित, मुबारक अली, परवेज सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

## छबील लगाकर राहगीरों को पिलाया ठंडा शरबत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहसूमा।** बढ़ती गर्मी से निजात पाने के लिए समाजसेवियों ने नगर के मुख्य मार्ग पर छबिल लगाकर रहागिरो को शरबत पिलाया। इस अवसर पर समाजसेवियों ने कहा कि हर मनुष्य को बढ़ती गर्मी से निजात पाने के लिए ठडा शरबत एवं ठंडा पानी पिलाना चाहिए। राहगीरों ने ठंडा शरबत पीकर अपनी प्यास बुझाई। इस अवसर पर मुख्य रूप से रहीसुदीन सलमानी, विशाल कुमार, आशु उपाध्याय, मुकुल जेनर, नितिन जेनर, सचिन खारीवाल, मोहित दक्ष यश धीमान, इनाम अब्बासी, पूर्व धीमान सुहैल सैफी आदि का सहयोग रहा।

# नगर पंचायत थानाभवन में डोर-टू-डोर कूड़ा पृथक्करण एवं कम्पोस्टिंग जागरूकता अभियान चला

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**थाना भवन।** उत्तर प्रदेश शासन के निर्देशानुसार तथा नगर पंचायत थानाभवन के अधिशासी अधिकारी जितेन्द्र राणा के मार्गदर्शन में नगर निकाय द्वारा कूड़ा प्रबंधन, गीले एवं सूखे कूड़े के पृथक्करण और विकेन्द्रीकृत कम्पोस्टिंग को लेकर व्यापक जागरूकता अभियान चलाया गया।इस अभियान के अंतर्गत नगर के विभिन्न वार्डों में डोर-टू-डोर प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें नगरवासियों को कचरे को स्रोत पर ही अलग-अलग करने की प्रक्रिया समझाई गई। कार्यक्रम के दौरान नगर पंचायत थानाभवन से



वसीक अहमद तथा जियो स्टेट से आसमा यासीन ने मोहल्ला-स्तर पर जाकर गीले व सूखे कूड़े के पृथक्करण, घरेलू स्तर पर कम्पोस्ट तैयार करने और उसका उपयोग करने के तरीकों पर विस्तार से जानकारी दी।

इस अभियान के दौरान वार्ड प्रोत्साहन समिति के अध्यक्ष, नगर पंचायत से फैजान उमर पाशा, कांत, शुभम, वसीक अहमद, जियो स्टेट से आसमा यासीन तथा वार्डों में कार्यरत सफाई मित्र भी मौजूद रहे। सभी ने मिलकर जनता को स्वच्छता के महत्व के प्रति जागरूक किया और उन्हें जिम्मेदार नागरिक बनने का संद.ेश दिया। नगर पंचायत थानाभवन द्वारा चलाया गया यह अभियान स्वच्छ भारत मिशन की दिशा में एक प्रभावी कदम सिद्ध हो रहा है।

# अवैध रूप से चल रहे वाहन धुलाई सेंटर संचालकों को डीएम की चेतावनी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** शहर में अवैध रूप से चल रहे वाहन धुलाई सैंटर संचालकों को जिलाधिकारी ने चेतावनी देते हुए अपने बोरिंग पर फ्लोमीटर लगवाने की हिदायत दी है। उन्होने कहा कि बिना रजिस्ट्रेशन के चल रहे धुनाई सैंटरों पर दो से पांच लाख रूपये तक का जुर्माना लगाया जाएगा अन्यथा छह माह से एक वर्ष की सजा भी हो सकती है।

डीएम अरविन्द कुमार चौहान ने उत्तर प्रदेश भूगर्भ जल प्रबन्धन और विनियमन अधिनियम-2019 के अंतर्गत राज्य में भूमिगत जल संरक्षित करने, नियंत्रित करने और भूमिगत जल के विनियमन का सत्त प्रबंधन सुनिश्चित करने के लिए दिशा निर्देश जारी किए है। विशेष रूप से भूजल संकटग्रस्त ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में भूजल संरक्षण एवं संवर्धन पर जोर दिया गया है। उन्होने कहा कि पूर्व में देखने पर यह पाया गया है कि जनपद में उपस्थित वाहन धुलाई केन्द्र द्वारा भूगर्भ जल का दोहन किया जा रहा है। जिले में उत्तर प्रदेश भूगर्भ जल (प्रबन्धन और विनियमन) अधिनियम-2019 लागू है, जिसके अन्तर्गत समस्त वाहन धुलाई केन्द्र मौजूदा एवं प्रस्तावित भूजल उपयोगकर्ताओं को ऑनलाइन निवेश मित्र पोर्टल पर पंजीकरण/अनापत्ति प्रमाण पत्र निर्गत के लिए आवेदन कराना है। साथ ही अपने बोरिंग पर फ्लोमीटर लगवाना अनिवार्य है। जिससे की भूगर्भ जल निष्कर्षण का समय समय पर आंकलन हो सके और जल का दोहन रोका जा सके। चेतावनी दी कि भूगर्भ जल निकासी करने के लिए दोषी पाए जाने पर 2 से 5 लाख का जुर्माना अथवा 6 माह से एक वर्ष तक का कारावास अथवा दोनों दण्ड निर्धारित किए गए है। अतः इस श्रेणी के उपभोक्ता तत्काल पंजीकरण करा ले।

## संस्थानों में लगाए सोलर ऊर्जा पैनल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** टाटा पावर ने उत्तर प्रदेश की स्वच्छ ऊर्जा संक्रमण पहल की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए, स्थिरता और नवाचार के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को मजबूत करते हुए राज्य भर में 300 से अधिक सार्वजनिक क्षेत्र के संस्थानों को सफलतापूर्वक सौर ऊर्जा से रोशन किया है। यह पहल उत्तर प्रदेश सरकार के महत्वाकांक्षी उद्देश्यों के अनुरूप है। राज्य में रूफटॉप सोलर ऊर्जा को मुख्यधारा में लाने के लिए प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना शुरू की गई है। सौर ऊर्जा को व्यापक रूप से अपनाने को बढ़ावा देकर, टाटा पावर न केवल स्वच्छ और सस्ती बिजली के साथ घरों को सशक्त बनाने के राज्य के दृष्टिकोण का समर्थन करता है।

# थानाभवन में वर्षा ऋतु से पहले चताया नाला-नाली सफाई महाअभियान



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**थानाभवन।** आगामी वर्षा ऋतु को ध्यान में रखते हुए नगर पंचायत थानाभवन में नाला-नाली सफाई महा अभियान जोर-शोर से चलाया जा रहा है। नगर पंचायत के अधिशासी अधिकारी जितेंद्र राणा के निर्देशानुसार, इस अभियान के तहत नगर के सभी छोटे-बड़े नालों और नालियों की गहन सफाई युद्ध स्तर पर की जा रही है।जितेंद्र राणा ने बताया कि नियमित रूप से रोस्टर के अनुसार नालों और नालियों की सफाई की जाती है, लेकिन शासन के दिशा-निर्देशों के अनुपालन में वर्षा ऋतु से पहले विशेष सफाई अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान में नगर पंचायत के सफाई कर्मचारियों और सफाई मित्रों की मेहनत और लगन से छोटी नालियों से लेकर बड़े नालों के अंतिम छोर तक सफाई कार्य को अंतिम चरण तक पहुंचाने में सफलता मिल रही है।

उन्होंने कहा कि शासन द्वारा निर्धारित समय-सीमा के भीतर सफाई कार्य पूर्ण कर लिया जाएगा, ताकि नगर में कहीं भी जलभराव की स्थिति न उत्पन्न हो। इसके अलावा, अत्यधिक बारिश की स्थिति में जलभराव से निपटने के लिए नगर पंचायत ने पूरी तैयारी कर ली है। इसके लिए दो पंपिंग सेट और एक मोटरयुक्त सेफ्टी टैंक की व्यवस्था सुनिश्चित की गई है, जो जल निक.ासी में सहायक होंगे।यह अभियान नगरवासियों को स्वच्छ और सुरक्षित पर्यावरण प्रदान करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

# भूजल संरक्षण व संवर्धन का किया आह्वान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** अरविन्द कुमार चौहान, अध्यक्ष/जिला मजिस्ट्रेट जिला भूगर्भ जल प्रबंधन परिषद, शामली ने बताया कि उत्तर प्रदेश भूगर्भ जल (प्रबन्धन और विनियमन) अधिनियम-2019 के अंतर्गत राज्य में भूमिगत जल संरक्षित करने, नियंत्रित करने और भूमिगत जल के विनियमन का सत्त प्रबंधन सुनिश्चित करने के लिए, उसे मात्रात्मक और गुणात्मक स्थायित्व प्रदान करने के लिए, विशेष रूप से भूजल संकटग्रस्त ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में भूजल संरक्षण एवं संवर्धन पर जोर दिया गया है, पूर्व में देखने पर यह पाया गया है की जनपद में उपस्थित वाहन धुलाई केन्द्र द्वारा भूगर्भ जल का दोहन किया जा रहा है। आप सभी को सूचित किया जाता है की जनपद शामली में उत्तर प्रदेश भूगर्भ जल (प्रबन्धन और विनियमन) अधिनियम-2019 लागू है, जिसके अन्तर्गत समस्त वाहन धुलाई केन्द्र मौजूदा एवं प्रस्तावित भूजल उपयोगकर्ताओं को ऑनलाइन निवेश मित्र पोर्टल पर पंजीकरण अनापत्ति प्रमाण पत्र निर्गत हेतु आवेदन कराना है, साथ ही अपने बोरिंग पर फ्लोमीटर लगवाना अनिवार्य है।

जिससे की भूगर्भ जल निष्कर्षण का समय समय पर आंकलन हो सके साथ ही भूगर्भ जल का दोहन रोका जा सके। उत्तर प्रदेश भूगर्भ जल (प्रबन्धन और विनियमन) अधिनियम-2019 की धारा-39 के अन्तर्गत बिना पंजीकरण अनापत्ति प्रमाण पत्र के भूगर्भ जल निकासी करने हेतु दोषी पाए गए व्यक्ति समूह संस्था को 2 से 5 लाख का जुर्माना अथवा 6 माह से 1 वर्ष तक का कारावास अथवा दोनों दण्ड निर्धारित किए गए है। अतः इस श्रेणी के उपभोक्ता तत्काल आवेदन कर पंजीकरण अनापत्ति प्रमाण पत्र प्राप्त करना सुनिश्चित करें। आवेदन से संबंधित किसी भी अन्य जानकारी के लिए http://upgwdonline.in अथवा नोडल अधिकारी भूगर्भजल विभाग शामली को मोबाइल नं. -8077181484 एवं ई-मेल ankitku-marashok7173@gmail.com पर संपर्क कर सकते हैं। यदि किसी वाहन धुलाई केन्द्र द्वारा उपरोक्तानुसार भूगर्भ जल निष्कर्षण हेतु अनापत्ति प्रमाण पत्रध्रजिस्ट्रेशन हेतु 1 माह के अन्दर आवेदन नहीं किया जाता है तो उसके उपरान्त यदि किसी भी फर्म संस्था द्वारा अवैध रूप से भूगर्भ जल निष्कर्षण करते हुए पाया जाएगा तो उसके विरूद्ध अधिनियम के अनुसार दण्डात्मक कार्यवाही की जाएगी।

# मेरा एनकाउंटर कराना चाहती थी सरकारः चंद्रशेखर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मवाना।** आजाद समाज पार्टी कांशीराम व भीम आर्मी एकता मिशन द्वारा स्वागत समारोह एवं कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन नगर पालिका परिषद के बड़े मैदान में किया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि पहुंचे आजाद समाज पार्टी कांशीराम के राष्ट्रीय अध्यक्ष एडवोकेट चंद्रशेखर आजाद एवं भीम आर्मी के राष्ट्रीय अध्यक्ष कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि विनय रतन ने कार्यकर्ताओं को संबो. धित किया। चंद्रशेखर आजाद तय समय से करीब तीन घंटा देरी से कार्यक्रम स्थल पर पहुंचे। चंद्रशेखर आजाद ने सर्वप्रथम बाबा साहब भीमराव अम्बेडकर व मान्यवर कांशीराम के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर अपने श्रद्धासुमन अर्पित किए। अपने संबोधन में चंद्रशेखर आजाद ने कहा कि देश में बेरोजगारी की दर बढ़ी है। पुरानी पेंशन को सरकार ने खत्म कर दिया है। समान शिक्षा का हक भी भाजपा देश के लोगों से छीन चुकी है। देश में लगातार दलितों पर हमले हो रहे हैं उनके परिवारों का दमन भाजपा व भाजपा की पुलिस कर रही है। हम सरकार से ये मांग करते हैं कि जल्द ही पर्यटन नगरी हस्तिनापुर को रेलवे लाइन दे, देश में समान शिक्षा नीति लागू हो, पुरानी पेंशन नीति की दोबारा से बहाली हो, गुर्जर सम्राट मिहिर भोज जी को भारत रत्न दिया जाए, भारतीय आर्मी में गुर्जर व चमार रेजिमेंट बनाई जाए, दलितों मुस्लिमों पर हो रहे लगातार जुल्म को सरकार तत्काल प्रभाव से बंद करे। हम सरकार को चेताना चाहते हैं कि इन सभी मांगों को जल्द पूर्ण किया जाए अन्यथा दलित समाज देश में आंदोलन करने का काम करेगा। चंद्रशेखर ने कहा कि



हमने संसद में बोधगया को आजाद करने की मांग की है। इस सरकार ने मेरा एनकाउंटर कराने का प्रयास किया। मुझ पर गोलियां चलीं, मेरे शरीर पर लाठियां पड़ी, मेरे नाखून उखाड़े गए, मैं अपने ऊपर हुए जुल्म तो भूल सकता हूं लेकिन आप लोगों पर हुए जुल्म को मरते दम तक नहीं भूल सकता। इस दौरान पार्टी के सम्मेलन में भारी भीड़ मौजूद रही जिससे चंद्रशेखर आजाद भी उत्साहित दिखे।

# मकान में संदिग्ध परिस्थितियों में लगी आग

## बछिया की मौत के साथ चार पशु झुलसे



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** मकान में संदिग्ध परिस्थितियों में आग लगने से गोवंश की बछिया की मौत हो गई। वहीं चार अन्य पशु झुलस गए। आग से वहां रखा भूसा भी जलकर राख हो गया।

तहसील क्षेत्र के गांव दिवालहेड़ी निवासी राजपाल वाल्मीकि के घर में संदिग्ध परिस्थितियों में आग लग गई। जिसमे मकान में छप्पर के निचे बंधे तीन बड़े पशुओं सहित चार पशु गंभीर रुप से झुलस गए। वहीं एक बछिया के आग में झुलस जाने से मौत हो गई। इतना ही नहीं राजपाल के घर में रखा 10 कुंतल भूसा भी जलकर राख में तब्दील हो गया।

राजपाल के घर से धुंआ देख परिजनों के शोर मचाने पर ग्रामीणो ने भारी मशक्कत के बाद छप्पर के निचे बंधे पशुओं को बाहर निकाल आग को बुझाने का प्रयास किया।

लेकिन आग के बढ़ते शोलो को देख फायर बिग्रेड को बुलाया गया। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंचे फायर बिग्रेड कर्मियों व ग्रामीणो ने खासी मशक्कत कर आग और धूंए पर काबू पाया।

# ओलावृष्टि से आम की फसल पर हुआ प्रहार

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** तेज घोर गरज के साथ हुई बारिश के साथ ओलो की छाल ने भले ही लोगो को भीषण गर्मी से राहत दिलाई हो। लेकिन ओलो की छाल ने बागवानो के माथे पर चिंता की लकीरें उकेरदी।

बुधवार शाम तेज घोर गरज व गडगड़ाती बिजली की चमक से अफरा तफरी मच गई। घोर गरज और बिजली की चमक से बाग ठेकेदारों के माथे पर चिंता की लकीरें उभर आई। पहले से ही आम की खराब फसल के चलते अब ओलावृष्टि की छाल और चमक ने आम की फसल पर एक ओर प्राहर कर दिया। इतना ही नहीं हाल में ही गन्ने की बुवाई और पशुओं के चारे के लिए बोई गई मकी एवं चरी की फसल ओलावृष्टि के चलते किसानों के लिए परेशानी का सबब बन गई। बाग ठेकेदार जुगनू, अकबर, शाहिद, शमीम और बब्लू सैनी ने बताया कि यदि बारिश सिर्फ बारिश होती तो आम की बची हुई फसल के लिए लाभकारी होती। लेकिन बारिश के साथ ओलावृष्टि और बिजली की चमक आम की फसल के लिए नुकसानदायक साबित होगी।




वहीं किसान यासीन, हाजी अंजर, मोनिश गोर और यशपाल सैनी ने बताया कि बारिश तो फसलो के लिए फायदेमंद हैं लेकिन बारिश के साथ हुई ओलावृष्टि की छाल से फसल की कपोल को नुकसान होगा। हालांकि घोरगरज के साथ कुछ मिनटो की बारिश से कुछ देर के लिए मौसम सुहाना हो गया। जिससे लोगों को भीषण गर्मी से निजात मिल गई।

# आकाशीय बिजली गिरने से ग्रामीण की मौत

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** मकान की छत पर काम कर रहे ग्रामीण की आसमानी बिजली गिरने से मौत हो जाने से परिवार वालो में कोहराम मच गया। ग्रामीण शव को पोस्टमार्टम के लिए सहारनपुर भेजने की तैयारी में लगे हुए हैं।

क्षेत्र के गांव कुरडी निवासी नेकीराम का पुत्र 32 वर्षीय अंकित मकान की छत पर काम के लिए जैसे ही गया घोर गर्ज के साथ हुई बारिश के बीच उसके उपर आकाशीय बिजली गिरने से मौत हो जाने से परिवार वालोका रो रोकर बुरा हाल हो गया। परिवार व ग्रामीण शव को पोस्टमार्टम के लिए सहारनपुर भेजने की तैयारी में लगे हुए हैं।

# अहिल्याबाई होल्कर की जयंती पर प्रतियोगिताएं

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चांदपुर।** एमएम इंटर कॉलेज मे रानी अहिल्याबाई होल्कर की 300 वी जयंती पर विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। कॉलेज सभागार कक्ष में आयोजित प्रतियोगिताओ मं भाषण प्रतियोगिता एवं वाद विवाद प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसमें बड़ी संख्या में छात्रों ने प्रतिभाग किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में पुखराज सिंह सैनी पूर्व मंडल अध्यक्ष नगर चांदपुर भाजपा], प्रोफेसर खलील उर रहमान जिला उपाध्यक्ष भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा बिजनौर, मोहित कुमार नगर महामंत्री युवा मोर्चा भाजपा नगर मंडल चांदपुर उपस्थित रहे। भाषण प्रतियोगिता में प्रथम स्थान अब्दुल गनी ने प्राप्त किया जबकि द्वितीय स्थान पर अली वारिस और तृतीय स्थान पर शाद हसन रहे। वाद विवाद प्रतियोगिता में वादी प्रथम स्थान पर रहे। जबकि निर्णायक मंडल की भूमिका में शिक्षक इमरान अहमद, मोहम्मद जकीउद्दीन, मोहम्मद राशिद ने संयुक्त रूप से निर्णायक मंडल की भूमिका में सराहनीय सहयोग प्रदान किया। डॉ. रोहतास का वाद विवाद प्रतियोगिता को सफलतापूर्वक संपन्न कराने में सराहनीय सहयोग रहा।



प्रिंसिपल हाजी मोहम्मद ताहिर ने इस अवसर पर छात्रों को रानी अहिल्याबाई के जीवन पर प्रकाश डालते हुए उनके जीवन परिचय के बारे में विस्तार से बताया। कार्यक्रम की अध्यक्षता शिक्षक इशरत जमाल आरिफ ने की और संचालन शिक्षक तैयब हसन खान ने किया।

इस अवसर पर शिक्षक काजी फिरोज अहमद, रिजवान बारी हाशमी, सैयद बिलाल अकबर का अनुशासन प्रशंसनीय रहा। इस प्रतियोगिता में समस्त शिक्षकगण एवं कार्यालय वरिष्ठ लिपिक मोहम्मद आजिफ फारूकी ने भी अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। कार्यक्रम पश्चात छात्रों को उपहार स्वरूप गिफ्ट भी प्रदान किए गए। उधर नगर के वैदिक कन्या इंटर कॉलेज में भी पुण्यश्लोक अहिल्याबाई की जयंती के अवसर पर छात्राओं की भाषण तथा रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

प्रतियोगिता मे प्रथम, द्वितीय तथा तृतीय स्थान पाने वाली छात्राओं को प्रशस्ति पत्र, मेडल व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। कॉलेज की प्रधानाचार्य सरन प्यारी की अध्यक्षता में यह कार्यक्रम आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में नगर अध्यक्ष भाजपा मोहित अग्रवाल उपस्थित रहे। संगीता सैनी, रजनीश, आशू गोयल तथा समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

# खुफिया एजेंसियों ने शासन को भेजी रिपोर्ट

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** हर्षित त्यागी और किशोरी के फ्लाईओवर से कूदने का मामला शासन तक पहुंच गया है। खुफिया एजेंसियों ने इसकी पूरी रिपोर्ट तैयार कर शासन को भेजी है। सूत्र बताते हैं कि रिपोर्ट में हर्षित की कार का पीछा करने का जिक्र भी किया गया है।

बता दें, कि मंगलवार को लखनौती गांव निवासी हर्षित त्यागी ने किशोरी के साथ फ्लाईओवर से छलांग लगा दी थी। इसमें मुजफ्फरनगर ले जाते समय किशोरी की मौत हो गई थी। जबकि हर्षित घायल हो गया था। इस दौरान हर्षित की एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुई इसमें वह आरोप लगा रहा है कि पुलिस उसका पीछा कर रही थी। जिस कारण उसने किशोरी समेत फ्लाईओवर से छलांग लगाई। इस मामले में सत्तापक्ष से जुड़े एक नेता के हस्तक्षेप की भी चर्चा हो रही है। सूत्र बताते हैं कि बुधवार को खुफिया एजेंसियों ने पूरे प्रकरण की रिपोर्ट तैयार कर शासन को भेजी है। बताया यह भी जा रहा है कि इस रिपोर्ट में हर्षित त्यागी की कार का पीछा करने का भी जिक्र किया गया है। माना जा रहा है कि प्रकरण में शासन स्तर से कार्रवाई हो सकती है। कईयों पर गाज भी गिर सकती है।

> युवक एवं किशोरी के फ्लाईओवर से नीचे कूदने और कुछ लोगों द्वारा उनका पीछा किए जाने के मामले में भाजपा के जिला मंत्री पंकज त्यागी ने कहा कि प्रकरण कि स्वतंत्र एजेंसी से निष्पक्ष जांच होनी चाहिए। क्योंकि जिस सत्तापक्ष के बड़े नेता का नाम इसमें सामने आ रहा है वह जब पुलिस पर दबाव बना सकता है, तो वह क्या नहीं कर सकता। स्वतंत्र एजेंसी से जांच कराने में उस नेता का नाम भी उजागर हो जाएगा। सवाल उठाया कि अभी तक पुलिस यह कह रही कि वह फ्लाईओवर से नीचे कूदे हैं, यह जांच का विषय है कि वह कूदे हैं या किसी ने उन्हें नीचे कूदने के लिए मजबूर किया।

# वाहन चेकिंग में तमंचे के साथ पकड़ा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नागल।** स्थानीय पुलिस ने वाहन चेकिंग के दौरान एक अभियुक्त को तमंचा सहित गिरफ्तार कर जेल भेजा है। मिली जानकारी के मुताबिक पुलिस ने बताया कि कस्बे के पांडौली रोड पर रेलवे ओवरब्रिज के पास वाहन चेकिंग के दौरान एक संदिग्ध को रोककर तलाशी ली गई तो उसके पास से एक देशी तमंचा 315 बोर व दो जिंदा कारतूस मिले। पूछताछ करने पर उसने अपना नाम उस्मान पुत्र अब्दुल रहीम निवासी गांव पाण्डौली थाना नागल बताया। पुलिस ने संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर पकडे गये आरोपी को न्यायिक हिरासत में भेज दिया है।

# बाल झटकते हुए स्वागत किए जाने पर जताई नाराजगी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का मुस्लिम महिला डांसरों ने खोलकर बाल झटकते हुए स्वागत किये जाने का वायरल वीडियो दुनियाभर में चर्चा का विषय बन गया है।

जमीयत दावतुल मुसलीमीन के संरक्षक व प्रसिद्ध आलिम मौलाना कारी इस्हाक गोरा ने वायरल वीडियो में मुसलिम महिला द्वारा किये गए स्वागत पर नाराजगी जताते हुए कहा कि औरत नाचने की चीज नहीं इस्लाम में उसे कीमती मोती की तरह समझा गया है। उन्होने कहा कि इसे इस्लामिक कल्चर से जोड़े जाना उचित नहीं हैं। उन्होंने कहा कि इस्लाम ने महिलाओं को वह मकाम अता किया है जो किसी और मजहब या समाज में देखने को नहीं मिलता। महिला को मां, बहन, बेटी और पत्नी के रूप में बेहद सम्मानजनक दर्जा दिया गया है। शरीयत यह हुक्म देती है कि महिला को पर्दे में रखा जाए न कि मंच पर लाकर उसकी अदाओं और हरकतों को तमाशा बनाया जाए। कारी इस्हाक गोरा ने कहा कि



नौजवान लड़कियों से ऐसे डांस करवाना और उसे इस्लामिक कल्चर का हिस्सा बताना निंदनीय है। इसका इस्लामी संस्कृति से कोई लेना देना नहीं है। कहा कि इस्लाम में औरत को एक कीमती मोती की तरह समझा गया है। जिस तरह किसी बेशकीमती चीज को ढांककर और छुपाकर रखा जाता है, उसी तरह इस्लाम ने महिलाओं के लिए पर्दा और तहजीब का हुक्म दिया है। उन्होंने कहा कि यूएई में इस तरह की हरकत और फिर उसे इस्लामी पहचान से जोड़ने की कोशिश, न केवल गुमराह करने वाली है, बल्कि एक सुनियोजित सांस्कृतिक हमला भी प्रतीत होती है।

# ससुरालियों पर मारपीट कर युवक की हत्या का आरोप



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हल्दौर।** मोहल्ला खेड़ा निवासी युवक की मौत हो गई। परिजनों ने उसके ससुराल वालों पर मारपीट कर हत्या करने का आरोप लगाते हुए मामले की तहरीर पुलिस को दी है।

नगर के मोहल्ला खेड़ा निवासी अजय कुमार (27 वर्ष) पुत्र गोविंद सिंह की शादी करीब आठ वर्ष पूर्व थाना क्षेत्र के गांव गाजीपुर निवासी शिवानी के साथ हुई थी। युवक पूना में रहकर मजदूरी करता था। वह करीब तीन दिन पूर्व अपने घर आया था। महिला अपने दो बच्चों के साथ मायके में रह रही थी। युवक दो दिन पूर्व अपनी पत्नी को लेने ससुराल पहुंचा। आरोप है कि उसके ससुराल वालों ने महिला को भेजने से साफ इंकार कर दिया। परिजनों का आरोप है कि महिला का अपने पड़ोसी एक युवक से प्रेम प्रसंग चल रहा था। युवक अपनी पत्नी को ले जाने की जिद पर अड़ गया। युवक की मां लीलावती का आरोप है कि उसके पुत्र के ससुराल वालों ने बुरी तरह मारपीट की। युवक किसी तरह अपने घर पहुंचा। युवक के घर पहुंचने पर उसकी मौत हो गई। बुधवार को युवक की मां परिजनों के साथ थाने पहुंचे और अपने पुत्र की पत्नी समेत अन्य ससुराल वालों के खिलाफ थाने में तहरीर पुलिस को दी है। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भिजवाया। परिजनों में कोहराम मचा हुआ है।

# सच टिकाऊ सांस और समय अमूल्य, बिना संस्कारों के कागज मात्र है डिग्री: आचार्य कंवरपाल

**यमुनानगर/सहारनपुर।** अखिल भारतीय संत शिरोमणि सतगुरु रविदास मिशन के तत्वाधान में बेगमपुरा शोध संस्थान चेरिटेबल ट्रस्ट के सौजन्य से सतगुरु स्वामी समनदास ध्यान योग आश्रम डेरा फर्कपुर जगाधरी में 25वां वार्षिक महान संत समागम धूमधाम से आयोजित हुआ। महान संत समागम का शुभारंभ संत शिरोमणि सतगुरु रविदास महाराज, स्वामी ज्ञानभिक्षुक दास महाराज व सतगुरु स्वामी समनद. ास महाराज के चरणों कमलों में गुरुपूजा अर्पित कर आरती वंदना से किया गया।

संत समागम में संगत को निहाल करते हुए आचार्य संत कंवरपाल ब्रह्मचारी महाराज ने कहा कि गुरु शब्दरूपी होते है जिनकी शिक्षाएं हमें निर्देशित करती है क्योंकि संतों का आशीर्वाद ही कर्मों का फल है जिसको हमें जीवन में सत्संग का स्मरण करना चाहिए क्योंकि सत्संग हमें अनुशासन सिखाता है और जीवन मर्यादित होता है क्योंकि सच शाश्वत और टिकाऊ है इसलिए जहांपर संगत लगती है वहीं सत्संग होता है। उन्होंने एकजुटता पर जोर देते हुए कहा कि डेरे, गुरुओं या टुकड़ों में बंटने वाले का कोई भी फायदा उठा लेते है इसलिए आपस में



न बंटकर आपसी सद्‌भाव से रहना चाहिए क्योंकि जो आनंद एकता में है वह कहीं नहीं है, जागना आवश्यक है और छोटा प्रयास करने से कार्य बड़ा होता है। क्योंकि जीवन में सांस और समय अमूल्य है जिसका जीवन में बड़ा महत्व है जिसे कभी खरीदा नहीं जा सकता है। उन्होंने कहा कि पूरबले व्यक्ति को ही सतगुरु के दीदार होते है क्योंकि चाह रखने वाला पढ़ता हैं इसलिए लिख देना चाहिए। मां मालिक का ही रूप है जो बाहरी दिखावा छोड़कर अंतर्मन से देखकर अनुभवी होती है। वर्तमान परिस्थितियों पर बोलते हुए उन्होंने कहा कि बिना संस्कार के डिग्री मात्र कागज का ढेर है इसलिए जीवन में शिक्षा के साथ संस्कारों और व्यवहारिक ज्ञान का होना अत्यंत आवश्यक है ऑनलाइन एकांतवास में रहने वाला परिवार को नुकसान देता है इसलिए परिवार में आपसी सौहार्द जरूरी है। उन्होंने सभी संतो शिक्षा, चिकित्सा व एकजुटता पर जोर देते हुए बहुजन महापुरुषों के मार्ग पर चलते हुए तरक्की प्राप्त करने की बात कही। संत समागम में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे कैबिनेट मंत्री श्याम सिंह राणा के पुत्र नेपाल सिंह राणा ने डेरे के निर्माण कार्य में हरसंभव सहयोग कर गुरुजी के कारवां को आगे बढ़ाने की बात कही। हरियाणा अधीनस्थ कर्मचारी आयोग के सदस्य अमर सिंह, महाधिवक्ता सुरेंद्र कुमार, निर्मल हॉस्पिटल डायरेक्टर डॉ। निर्मल सिंह, पार्षद उज्ज्वल ठाकुर व बीएससीटी चेयमैनध्समाजसेवी जयराम गौतम प्रधान समेत आदि अतिथियों ने महंत ब्रह्मचारी जी को बुके देकर उनके द्वारा किए जा रहे जनहितकारी कार्यों की खुलेमन से भूरी भूरी प्रशंसा की। संत समागम में महात्मा राजकुमार दास ब्रह्मचारी ने भी विचार रखे। संचालन वीरसिंह व रो. हतास कुमार ने किया। इस दौरान महात्मा गुरुमुख दास ब्रह्मचारी, बेगराज दास, नेपाल दास, मिंटू दास, समाजस. ेवी रामपाल सिंह गौतम, सुखबीर दास, प्रचारक रविशंकर, पत्रकार एसडी गौतम, राहुल दास समेत सैकड़ों संत महात्मा समेत नीतराम, रविन्द्र कुमार, बलबीर सिंह, अनिल कुमार, मेवाराम, दलजीत, रमेश बाबरा, वीरेंद्र कुमार, जयपाल, मेहरदास, अर्जुन सूर्यवंशी, जॉनी कट्टकवाल, विपिन मास्टर, नीटू रविदासिया, गुरुचरण कटारिया, परविंदर रविदासी, अनुज रविदासिया, मित्रसेन, सागर समनदासिया, कपिल क्रांतिकारी, बबलू चंद्रा, गोविंद सरपंच, संदीप बूंटा, शीशराम प्रधान, अनूप दास, सुंदर, राकेश मंडेबर, बबीता सेन, अलका सिंह व शोभा सिंह आदि रहे।

# सच्चा मित्र मिल जाए तो जीवन सार्थक: शिवांशु महाराज

## भागवत कथा का सातवां दिन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नहटौर।** कथा व्यास शिवांशु महाराज ने कहा कि मनुष्य को जीवन में सच्चा मित्र मिल जाए तो उसका जीवन सार्थक हो जायेगा।

मां चामुंडा धाम परिसर में कथा के सातवें व अंतिम दिन श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए कथा व्यास ने बताया कि मनुष्य को जीवन में कभी भी अधिक इच्छा ही नहीं रखनी चाहिए। अधिक इच्छा रखने वाला हमेशा परेशान रहता है। भगवान जिस परिस्थितियों में रखे उस परिस्थितियों में रहकर जीवन में संतोष रखें। संतोष रखने से कभी भी कोई कष्ट नहीं होता। उन्होंने बताया समाज में कुछ ऐसे व्यक्ति होते हैं जो स्वार्थ पूर्ण मित्रता का ढोंग करते हैं। सच्चा मित्र वही होता है जो मित्र की परेशानियों के समय उसका सारथी बनकर उसका सहयोग करें। उन्होंने बताया भगवान श्री कृष्ण ने सुदामा की दरिद्रता को दूर करके सच्चे मित्र होने का संदेश दिया। साथ ही उन्होंने बताया कि भगवान को दुख में सभी याद करते हैं जबकि मनुष्य को दुख



के अलावा अपने सुखी जीवन में भी भगवान को याद करें। सुख में याद करने से कभी भी विपत्ति नहीं आती है। इस अवसर कथा से पूर्व कुलदीप गुप्ता पत्नी पूजा गुप्ता व कपिल भाटिया व उनकी पत्नी रिया भाटिया ने धार्मिक अनुष्ठान क्रियाओं के साथ पूजा अर्चना कराई। इस अवसर पर मुकेश गुप्ता, प्रदीप अग्रवाल, पुनीत अग्रवाल, पवन अग्रवाल, लोकेश सैनी, रोहित सैनी, पायल गुप्ता, अरविंद जोशी, नीरज कुमार, विवेक अग्रवाल, मोहित शर्मा, अशोक चंद्र, पवन चंद्र, अनिल सैनी, मीरा अग्रवाल आदि श्रद्धालु उपस्थित रहे तथा आरती करके प्रसाद वितरण किया गया।

# सड़क किनारे आग लगने से अफरा-तफरी



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बढ़ापुर।** ग्राम फूलनगर में सड़क किनारे अज्ञात कारणों से लगी आग से अफरा तफरी मच गई। पुलिस ने फायर ब्रिगेड को बुलाकर आग बुझवाई।

बढ़ापुर-नगीना मार्ग पर ग्राम फूलनगर में बुधवार की दोपहर सड़क किनारे अचानक अज्ञात कारणों से आग लग गई। भीषण गर्मी और तेज हवाएं चलने से आग तेजी से गांव की ओर बढ़ती ही जा रही थी। आग लगने से वहां पर फसल व झोपड़ी वालों में अफरा तफरी मच गई। आग लगने से वहां पर धुंआ ही धुंआ हो गया। जिस कारण वहां से गुजरने वाले वाहन चालकों को भी परेशानी उठानी पड़ी। वहां पर खड़े छोटे पेड़ पौधे आग की चपेट में आकर झुलस गए। ग्रामीणों ने आग बुझाने का भी प्रयास किया। उसी दौरान वहां से गुजर रहे बढ़ापुर थाने के उपनिरीक्षक शेखर चौधरी को ग्रामीण ने आग के बारे में जानकारी देकर मदद को कहा। तभी उन्होंने फायर ब्रिगेड को फोन कर मौके पर बुलवाया और आग को बुझवाया। तब जाकर ग्रामीणों ने राहत की सांस ली।

# 20 दिवसीय समर कैंप का शुभारंभ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** कन्या इंटर कॉलेज में समर कैंप का शुभारंभ किया गया। शुभारंभ प्रधानाचार्य रेखा देवी द्वारा फीता काटकर एवं दीप प्रजवलित कर किया। महानिदेशक स्कूल शिक्षा उत्तर प्रदेश लखनऊ के समग्र शिक्षा मां समर कैंप के अनुपालन हेतु जिला विद्यालय निरीक्षक बिजनौर के द्वारा दिए गए निर्देश के क्रम में कन्या इंटर कॉलेज की प्रधानाचार्या रेखा देवी के द्वारा समर कैंप का उद्घाटन किया गया।

समर कैंप 21 मई से 10 जून तक विद्यालयों में नई खोज, खेल-खेल में सिखाने हेतु छात्राओं को प्रेरित करने, छात्राओं में टीम वर्क आत्मविश्वास एवं जीवन कौशल का विकास करने के उद्देश्य से आयोजित किया जा रहा है। इसके माध्यम से छात्राओं में सामाजिक सांस्कृतिक मूल्यों की समझ विकसित होगी। समर कैंप के द्वारा ग्रीष्म अवकाश में खेलकूद, कला, विज्ञान और



सांस्कृतिक गतिविधियों के माध्यम से विद्यार्थियों का समग्र विकास करना है। समर कैंप की निर्दिष्ट गतिविधियों के अंतर्गत आज सर्वप्रथम छात्राओं को योग एवं व्यायाम का अभ्यास कराया गया। तत्पश्चात स्वयं परिचय के अंतर्गत 'मैं हूं देशज' तथा 'मैं भी हूं लेखक' कार्यक्रम के अंतर्गत स्वयं परिचय कराया गया। तदोपरांत रस्साकशी, म्यूजिकल चेयर एवं रस्सी कूद, मिट्टी से मूर्ति खिलौने बनाना आदि इवेंट आयोजित किए गए। समर कैंप के प्रथम दिवस की प्रभारी श्रीमती रुचिका (प्रवक्ता) तथा सविता रानी (उपप्रधानाचार्या), सारिका भटनागर, अंजलि रानी आदि शिक्षिकाओं के द्वारा सहयोग प्रदान किया गया। विद्यालय की प्रधानाचार्या श्रीमती रेखा देवी द्वारा छात्राओं को शुभाशीष प्रदान करते हुए प्रथम दिवस का समापन किया गया।

# पुलिया न तोड़े जाने की मांग

**चांदपुर।** ग्राम रुपपुर के ग्रामीणों ने जिलाधिकारी के नाम लिखे अपने मांग पत्र में कहा है कि उनके ग्राम से बकैना रजवाहा नहर निकल रही हैं जिसमें गांव के मध्य जंगल की ओर आने जाने के लिए एक पुल बना हुआ है। इस पुल से ही ग्रामीण जनता, किसान अपने खेतों खलिहानों में आते जाते हैं। लेकिन सिंचाई विभाग द्वारा उक्त रास्ते पर नहर पर बनी पुलिया को तोड़ने का प्रयास किया जा रहा हैं, जिसके टूटने से ग्रामीणों के सामने एक बड़ी समस्या खड़ी हो जाएगी। ग्रामीणों का कहना है कि इसके अलावा जंगल जाने के लिए कोई और दूसरा रास्ता भी नहीं है। यदि उसे तोड़ा गया तो लगभग दो किलोमीटर से भी अधिक का रास्ता घूम कर किसानों को अपना खेत खलिहान में जाना पड़ेगा। ग्रामीणों ने जिलाधिकारी से अनुरोध करते हुए कहा है कि सिंचाई विभाग किसानो की सुविधा बनाए रखे और पुलिया न तोड़ी जाए। पत्र पर आशीष कुमार, सुरेंद्र सिंह, ओंकार सिंह, सुरेश कुमार, राजेश कुमार आदि के नाम व हस्ताक्षर हैं।

# अवैध तमंचे के साथ अजीम गिरफ्तार

**नहटौर।** नहटौर थाने के उपनिरीक्षक जितेंद्र कुमार तोमर, कांस्टेबल विक्रांत राणा, मनीष कुमार ने मुखबिर की सूचना पर बैरमनगर में तालाब के किनारे से मंदिर के पास से एक युवक को गिरफ्तार किया। उसके पास से पुलिस ने एक 315 बोर का अवैध तमंचा व एक जिंदा कारतूस बरामद किया। पूछताछ में उसने अपना नाम मोहल्ला जोशियान निवासी अजीम अहमद पुत्र सद्दीक बताया।

# निशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन

**धामपुर।** पोसवाल मल्टी स्पेशिलिटी हॉस्पिटल एवं हेल्थ केयर कसलटेंसी के सौजन्य से डॉ. अनुराग झा के निर्देशन में नहटौर के मोहल्ला हलवाईयान में एक नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें लगभग 200 मरीजों ने हृदय एवं मस्तिष्क रोग (डॉ. अनुराग झा), त्वचा संबंधी रोग (अर्जुन सिंह), डॉ. मौ. दानिश (जनरल फिजिशयन), हड्डी सम्बन्धी रोग डॉ. संदीप) एवं प्रसूति व स्त्री रोग (डॉ. शमरीन) ने सफलता पूर्वक समस्यायों का निवारण किया व रोग सम्बन्धी नि:शुल्क दवाइयाँ भी वितरित की गईं।

# गुजरात की नजर शीर्ष स्थान पर

**अहमदाबाद, वार्ता।** प्लेऑफ में अपनी जगह पक्की कर चुकी गुजरात टाइटन्स गुरुवार को लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ जीत दर्ज कर इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 की अंक तालिका में शीर्ष पर अपनी पकड़ मजबूत करने मैदान में उतरेगी। वहीं क्वालीफिकेशन की दौड़ से बाहर हो चुकी लखनऊ लीग सत्र का सकारात्मक अंत करना चाहेगी।

शुभमन गिल की अगुवाई वाली गुजरात टाइटंस ने पिछले छह मैचों में पांच जीत दर्ज करते हुए लगातार अच्छा प्रदर्शन किया है। आईपीएल के इस सत्र में गिल और साई सुदर्शन ने 12 पारियों में 76-3 की औसत से कुल 839 रन बनाए हैं। वह आईपीएल इतिहास में एक सत्र में किसी भी जोड़ी द्वारा बनाए गए सबसे अधिक रनों (939) के रिकॉर्ड को तोड़ने से महज 100 रन दूर है। गुजरात टाइटंस की हरफनमौला ताकत उसके खिताब जीतने ललक को दिखाती है। बल्लेबाजी क्रम में तीसरे नंबर पर खेलते हुए जॉस बटलर ने ओपनिंग और मध्यक्रम में

**■ सत्र का सकारात्मक अंत करने उतरेगा लखनऊ**

खेलते हुए 11 पारियों में 71-4 की औसत और 164 के स्ट्राइक रेट से 500 रन बनाए हैं। दूसरी ओर ऋषभ पंत की अगुवाई वाली लखनऊ ने निराशाजनक सीजन का सामना किया है। पंत ने पूरे सत्र की 11 पारियों में 12-3 की औसत से मात्र 135 रन बनाए हैं। मैच जीतने के लिए उनका फॉम हासिल करना जरुरी है। एडन मारक्रम और मिशेल मार्श के बीच 115 रनों की जुझारू साझेदारी के बावजूद टीम खराब गेंदबाजी और सामरिक चूक के कारण प्रतिस्पर्धी स्कोर का बचाव करने में विफल रही। लखनऊ का मध्य क्रम दबाव में लड़खड़ता रहा है। निक. ोलस पूरन और आयुष बड़ोनी ने शानदार प्रदर्शन किया, लेकिन उसने में निरंतरता की कमी रही। लखनऊ ने इस सत्र अपने तीन शीर्ष विदेशी बल्लेबाजों पर पूरा भरोसा किया और शुरुआत में उन्हें इसका लाभ हुआ। एडन मारक्रम, मिचेल मार्श और निकोलस पूरन ने 400 रनों का आंकड़ा पार किया है। आकाश दीप, आवेश खान और रवि बिश्नोई सहित गें. दबाज महत्वपूर्ण मौकों पर सफलता दिलाने में विफल रहे हैं। गुजरात टाइटंस की हरफनमौला ताकत उसके खिताब जीतने ललक को रेखांकित करती है। गुजरात की गेंदबाजी इकाई चरम पर है। दिलचस्प बात यह है कि वे अधिकतर ओवर पावरप्ले के बाहर फेंकते हैं,अरशद खान और राशिद खान प्रभावी रहे हैं, जबकि अनुभवी कैगिसो रबाडा और मोहम्मद सिराज ने गहराई और नियंत्रण जोड़ा है। प्रसिद्ध कृष्णा और साई किशोर ने बेहतरीन प्रदर्शन किया है।

# भारत को 24 मई को मिल सकता है नया टेस्ट कप्तान

**■ इंग्लैंड दौरे के लिए भारतीय टीम का ऐलान 24 मई को किया जा सकता है**

**नई दिल्ली, वार्ता।** रोहित शर्मा के संन्यास लेने के बाद यह चर्चा जोरों पर है कि भारतीय टेस्ट टीम का अगला कप्तान कौन होगा। भारत को अगले महीने पांच मैचों की टेस्ट सीरीज के लिए इंग्लैंड दौरे पर जाना है और इसके लिए अगले कुछ दिनों में टीम घोषित हो सकती है। एक रिपोर्ट के अनुसार, इस दौरे के लिए भारतीय टीम का ऐलान 24 मई को किया जा सकता है।

इस रिपोर्ट में बताया गया है कि शनिवार को चयन समिति की बैठक होगी जिसके बाद प्रेस कान्फ्रेंस भी हो सकती है। रिपोर्ट में बताया गया है कि भारतीय टीम का एलान शनिवार को दोपहर 12 बजे हो सकता है। टेस्ट कप्तानी की दौड़ में जसप्रीत बुमराह, शुभमन गिल और ऋषभ पंत आगे चल रहे हैं। हालांकि, ऐसी भी खबरें आई थी कि बुमराह ने खुद को दावेदारी से अलग कर लिया है और अब गिल तथा पंत कप्तानी की दौड़ में हैं। कार्यभार प्रबंधन के चलते बुमराह का पांचों टेस्ट में खेलना मुश्किल है। स्काई स्पोर्ट्स की रिपोर्ट में बताया गया था कि एक चयनकर्ता गिल को कप्तानी सौंपने के पक्ष में नहीं है क्योंकि उनका मानना है कि गिल ने अभी तक टेस्ट टीम में जगह पक्की नहीं की है। यह सुझाव दिया गया कि उपकप्तान बनाना इस समय 25 वर्षीय खिलाड़ी के लिए बेहतर होगा। भारतीय टीम इंग्लैंड दौरे से ही विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) के अगले चक्र की शुरुआत करेगी। इस सीरीज में रविचंद्रन अश्विन, रोहित और विराट को. हली नहीं होंगे क्योंकि इन तीनों ने टेस्ट प्रारूप को अलविदा कह दिया है। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने हाल ही में इंग्लैंड लायंस के खिलाफ दो मैचों की सीरीज के लिए भारत ए टीम का एलान किया था। इसके लिए करुण नायर और ईशान किशन जैसे खिलाड़ियों को जगह मिली थी, जबकि दूसरे टेस्ट के लिए गिल और साई सुदर्शन को भी टीम में शामिल किया गया था। माना जा रहा है कि इंग्लैंड दौरे के लिए भारतीय टीम में कुछ नए चेहरों को भी जगह मिल सकती है।

## रोहित-कोहली के बगैर भारत के लिए कठिन रहेगा इंग्लैंड दौरा



**नई दिल्ली, वार्ता।** भारतीय टीम को अगले महीने पांच मैचों की टेस्ट सीरीज के लिए इंग्लैंड दौरे पर जाना है। भारतीय टीम इस दौरे पर रोहित शर्मा, विराट कोहली और रविचंद्रन अश्विन जैसे खिलाड़ियों के बिना जाएगी जिन्होंने टेस्ट क्रिकेट से संन्यास ले लिया है। इसे लेकर अब भारत के पूर्व बल्लेबाजी कोच विक्रम राठौड़ ने अपनी राय रखी है और उनका कहना है कि भारत के लिए यह दौरा कठिन रहेगा। भारत और इंग्लैंड के बीच यह सीरीज 20 जून से शुरू हो रही है। भारत इसके साथ ही विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) के नए चक्र की शुरुआत करेगा। राठौड़ ने कहा, यह दौरा कठिन होगा क्योंकि सीनियर खिलाड़ी संन्यास ले चुके हैं। युवा टीम जा रही है और नया कप्तान होगा। इन सभी चीजों से थोड़ा दबाव बनेगा। लेकिन युवाओं को अपनी प्रतिभा और क्षमता दिखाने का भी मौका मिलेगा। राठौड़ ने कहा, ये तीनों दिग्गज क्रिकेटर थे जो संन्यास ले चुके हैं। मैं चाहता था कि वे खेलते रहें लेकिन ये निजी फैसला है। मैं उन तीनों के करीब हूं। उन्होंने यह फैसला लिया है और हमें इसका सम्मान करना चाहिए। राजस्थान रायल्स के बल्लेबाजी कोच राठौड़ ने 14 वर्ष के वैभव सूर्यवंशी की तारीफ की जिसने सीएसके के खिलाफ जीत में अहम भूमिका निभाई। उन्होंने कहा, हम पिछले कुछ समय से उसके साथ काम कर रहे हैं। शायद तीन चार महीने से। दबाव के हालात में उसे इस तरह खेलते देखना शानदार है।

# एचएस प्रणॉय व किदांबी मलेशिया मास्टर्स के अगले दौर में, सिंधु बाहर

**● महिला एक वर्ग मुकाबले में वियतनाम की खिलाड़ी गुयेन थुई ने मैच पर पकड़ मजबूत करते हुए सिंधु को 21-11, 14-21 व 21-15 से हराया**







**मलेशिया, वार्ता।** एचएस प्रणॉय और किदांबी श्रीकांत ने बुधवार को पुरुष वर्ग में अपने-अपने मुकाबलों में जीत दर्जकर मलेशिया मास्टर्स 2025 बैडमिंटन टूर्नामेंट के अगले दौर में जगह बना ली है। वही भारत की स्टार बैडमिंटन खिलाड़ी पीवी सिंधु वियतनाम की गुयेन थुई लिन्ह से हारकर महिला एकल वर्ग से बाहर हो गईं। यहां स्टेडियम एक्सियाटा एरिना केएल स्पोर्ट्स सिटी में खेले पाए मुकाबले में दो बार की ओलंपिक पदक विजेता सिंधु को शुरुआती गेम में संघर्ष करना पड़ा, लेकिन दूसरे गेम में अच्छा प्रदर्शन करते हुए वह मैच को तीसरे गेम तक ले जाने में कामयाब रहीं।

एक घंटे तीन मिनट तक चले महिला एकल वर्ग मुकाबले में वियतनाम की गुयेन थुई लिन्ह ने आखिरी गेम पर अपनी पकड़ मजबूत करते हुए सिंधु को 21-11, 14-21, 21-15 से हराकर मैच जीत लिया। पीवी सिंधु के खिलाफ चार मैचों में गुयेन थुई लिन्ह की यह दूसरी जीत है। भारत के पुरुष खिलाड़ियों का कोर्ट पर अच्छा दिन रहा। विश्व चैंपियनशिप के कांस्य पदक विजेता एचएस प्रणॉय ने एशियाई खेलों के कांस्य पदक विजेता जापान के केंटा निशिमोटो को मात दी। पहला गेम हारने के बावजूद एचएस प्रणॉय ने अगले दो गेम में वापसी करते हुए केंटा निशिमोटो को मुकाबले में 19-21, 21-17, 21-16 से हराया। एक अन्य मैच में किदांबी श्रीकांत ने भी चीन के लू गुआंगजू को हराकर अगले राउंड में जगह बनाई। पुरुष एकल रैंकिंग में 65वें स्थान पर काबिज किदांबी श्रीकांत ने दुनिया के 13वें नंबर के खिलाड़ी और छठे वरीय लू गुआंगजू को 23-21,13-21, 21-11 से हराया। सतीश करुणाकरण ने भी चीनी ताइपे के चोउ टिएन-चेन को 21-13, 21-14 से हराकर टूर्नामेंट के दूसरे दौर में जगह बनाई।

## संक्षिप्त खेल समाचार

### लविशा का भारतीय वॉलीबॉल टीम में प्रशिक्षण शिविर के लिए चयन

**उदयपुर, वार्ता।** राजस्थान में उदयपुर के सेंट ग्रिगोरियस सीनियर सेकेण्डरी स्कूल की छात्रा लविशा डाँगी का बालिका वर्ग के अन्डर-16 में भारतीय वॉलीबॉल टीम के प्रशिक्षण शिविर के लिए चयन हुआ है। उप प्रधानाचार्य अनिल गोस्वामी ने बताया कि उदयपुर से इस शिविर के लिए चयनित होने वाली लविशा एकमात्र छात्रा है। समस्त देश से मात्र 20 खिलाड़ियों का चयन लविशा एवं विद्यालय ही नहीं, अपितु शहर के लिए भी गर्व का विषय है। वॉलीबॉल कोर्ट में सेंटर अटेकर की पोजीशन पर अपने खेल को नई ऊँचाइयों पर पहुँचाने वाली लविशा प्रतिदिन आठ घंटे की कघे मेहनत करती है।

### पाक ने बांग्लादेश के खिलाफ टी-20 सीरीज के लिए टीम की घोषित

**कराची, वार्ता।** पाकिस्तान ने बांग्लादेश के खिलाफ आगामी तीन टी-20 मैचों की सीरीज के लिए घोषित 16 सदस्यीय टीम में पूर्व कप्तान बाबर आजम, अनुभवी विकेटकीपर-बल्लेबाज मोहम्मद रिजवान और तेज गेंदबाज शाहीन अफरीदी को जगह नहीं दी है। चयनकर्ताओं ने बल्लेबाज सलमान अली आगा को टीम का कप्तान,ऑलराउंडर शादाब खान को उपकप्तान बनाया है इसके अलावा अनुभवी फखर जमान, हारिस रऊफ और नसीम शाह को भी टीम में शामिल किया गया है।

# शानदार पारी के बाद वैभव सूर्यवंशी ने छुए महेन्द्र सिंह धोनी के पैर



**नई दिल्ली, वार्ता।** राजस्थान रायल्स के युवा सलामी बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी ने महेंद्र सिंह धोनी के पैर छुए और आशीर्वाद के साथ आईपीएल 2025 सीजन का समापन किया।

राजस्थान और चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के बीच मंगलवार को नई दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम में मुकाबला हुआ। राजस्थान का इस सीजन यह आखिरी मुकाबला था और 14 साल

**■ वैभव ने आशीर्वाद के साथ आईपीएल का समापन किया**

के वैभव इस मैच में भी अपना प्रभाव छोड़ने में सफल रहे। मैच के बाद जब दोनों टीमों के खिलाड़ी एक दूसरे से मिल रहे थे, तब धोनी और वैभव का सामना हुआ और इस युवा बल्लेबाज ने माही के पैर छुए। धोनी हालांकि उन्हें रोकते नजर आए। वैभव आईपीएल में खेलने वाले सबसे युवा खिलाड़ी हैं और उन्होंने अपने पहले ही सीजन में काफी सुर्खियां बटोरी। वैभव को इस सीजन सात मैचों में खेलने का मौका मिला और उन्होंने 206.56 के स्ट्राइक रेट और 36 के औसत से 252 रन बनाए। राजस्थान ने मेगा नीलामी में वैभव को खरीदा था और यह बल्लेबाज टीम की उम्मीदों पर खरा उतरा। हालांकि, राजस्थान की टीम प्लेआफ में जगह नहीं बना सकी और उसका सफर ग्रुप चरण में ही थम गया। वैभव सूर्यवंशी और संजू सैमसन की 90+ रनों की साझेदारी के दम पर राजस्थान रायल्स ने चेन्नई सुपर किंग्स को छह विकेट से हरा दिया। इस मुक. ाबले में टास हारकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी चेन्नई सुपर किंग्स ने 20 ओवर में आठ विकेट खोकर 187 रन बनाए। जवाब में राजस्थान ने 17.1 ओवर में चार विकेट गंवाकर 188 रन बनाए और टूर्नामेंट की चौथी जीत दर्ज की।

# पीकेएल: जयवीर गुजरात के मुख्य कोच बने

**■ वरिंदर सिंह संधु टीम का सहायक कोच नियुक्त किया**

**अहमदाबाद, वार्ता।** गुजरात जायंट्स ने प्रो कबड्डी लीग (पीकेएल) 2025 के लिए 31 मई और एक जून को होने वाली खिलाड़ियों की नीलामी से पहले बुधवार को कोचिंग सदस्यों में बदलाव करते हुए दिग्गज जयवीर शर्मा को मुख्य कोच और वरिंदर सिंह संधू को टीम का सहायक कोच नियुक्त किया।

अडानी स्पोर्ट्सलाइन के स्वामित्व वाली गुजरात जायंट्स ने नए सीजन से पहले रणनीतिक बदलाव करते हुए यह नियुक्तियां की है। जयवीर भारतीय कबड्डी में सबसे सम्मानित हस्तियों में से एक हैं। वह 1992 से भारतीय खेल प्राधिकरण के साथ काम कर रहे हैं, कई राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय कबड्डी खिलाड़ियों के करियर को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते रहे हैं। उनके मार्गदर्शन में, भारतीय टीम ने एशियाई खेलों, कबड्डी विश्व कप और कई मार्की कबड्डी चैंपियनशिप सहित प्रतिष्ठित अंतर्राष्ट्रीय आयोजनों में स्वर्ण पदक जीता है। गुजरात जायंट्स का मुख्य कोच बनाये जाने पर जयवीर ने कहा कि मैं गुजरात जायंट्स में शामिल होने के लिए उत्साहित हूं। मैं टीम को भीतर से निडर बनाने को उत्सुक हूं, हमारा उद्देश्य टीम को पीकेएल में सबसे मजबूत दावेदारों में से एक बनाना है। मुझ पर भरोसा रखने और यह रोमांचक अवसर देने के लिए मैं अडानी स्पोर्ट्सलाइन का आभारी हूं। मैं पीकेएल नीलामी और एक मजबूत, प्रतिस्पर्धी टीम बनाने का बेसब्री से इंतजार कर रहा हूं। सहायक कोच बनाये जाने पर वरिंदर ने कहा कि मैं गुजरात के परिवार में शामिल होने के लिए वास्तव में उत्साहित हूँ। दुनिया की सबसे बड़ी कबड्डी लीग में से एक का हिस्सा बनना एक अविश्वसनीय अवसर है। मैं पहली बार खिलाड़ियों की नीलामी का अनुभव और नए सत्र के लिए एक ठोस टीम बनाने के लिए उत्सुक हूँ। नए कोचिंग सदस्यों का स्वागत करते हुए अदानी स्पोर्ट्सलाइन के चीफ बिजनेस ऑफिसर संजय अडेसरा ने कहा कि जयवीर शर्मा और वरिंदर का गुजरात टीम में स्वागत करते है।

## पीकेएल नीलामी में रिकॉर्ड 10 बांग्लादेशी खिलाड़ी शामिल

**● बांग्लादेश कबड्डी महासभा ने 20 मई की समय सीमा से पहले खिलाड़ियों की सूची को अंतिम रूप देकर प्रस्तुत किया**

**ढाका, वार्ता।** भारत के मुम्बई में 31 मई और एक जून को होने वाली प्रो कबड्डी लीग (पीकेएल) सीजन 12 की नीलामी के लिए बांग्लादेश के 10 खिलाड़ियों का चयन किया गया है।

प्रो कबड्डी लीग का नया सीजन अगस्त 2025 में शुरू होगा और लीग में रिकार्ड 10 खिलाड़ियों का शामिल होना बांग्लादेश का कबड्डी में अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर पहचान बनाने की दिशा में एक बड़ा कदम है। बांग्लादेश कबड्डी महासंघ ने 20 मई की समय सीमा से पहले 10 खिलाड़ियों की सूची को अंतिम रूप देकर प्रस्तुत कर दिया है। महासंघ के अनुसार, पीकेएल नीलामी में विचार के लिए प्रस्तुत बांग्लादेशी खिलाड़ियों की यह अब तक की सबसे अधिक संख्या है। चयनित खिलाड़ियों के नाम इस प्रकार हैं:- **मिजानुर रहमान, लिटन अली, आरिफ रब्बानी, रसेल हसन, राजीब अहमद, रोमन हुसैन, दीपायोन गोल्डार, मोनिरुल चौधरी, अल अमीन और शाह मोहम्मद शाहन।** पीकेएल नीलामी के लिए मांगे गए खिलाड़ियों की संख्या के मामले में बांग्लादेश, ईरान के बाद दूसरे स्थान पर है। महासंघ के महासचिव एसएम नेवाज शोहाग ने कहा कि इस साल की शुरुआत में छह बांग्लादेशी खिलाड़ियों ने नेपाल फ्रेंचाइजी कबड्डी लीग में भाग लिया था।

# रेणुकाचार्य-दीक्षा ने तैराकी में जीते स्वर्ण पदक

**दीव, वार्ता।** कर्नाटक के रेणुकाचार्य होदमनी और महाराष्ट्र की दीक्षा यादव ने बुधवार को खेलो इंडिया बीच गेम्स की पुरुष और महिला वर्ग की 10 किमी खुले पानी की समुद्री तैराकी स्पर्धाओं में स्वर्ण पदक जीते। यहां कर्नाटक के रेणुकाचार्य होदमानी और महाराष्ट्र की दीक्षा यादव ने अरब सागर में आयोजित 10 किमी ओपन स्पर्धाओं में क्रमशः पुरुष और महिला वर्ग में स्वर्ण पदक जीता। रेणुकाचार्य ने दो घंटे नौ मिनट और 40 सेकंड का समय लेकर स्वर्ण पदक अपने नाम किया। पश्चिम बंगाल के प्रत्यय भटाचार्य ने दो घंटे 12 मिनट 31 सेकेंड के समय के साथ रजत तथा महाराष्ट्र के चैतन्य लशदे ने दो घंटे 13 मिनट 14 सेकेंड के साथ कांस्य पदक जीता। वहीं महिला वर्ग में दीक्षा ने दो घंटे 18 मिनट और नौ सेकंड का समय लेकर शीर्ष स्थान, तमिलनाडु की अरन एमपी ने दो घंटे 33 मिनट 38 सेकेंड में रेस पूरी करते हुए रजत पदक तथा महाराष्ट्र की पूर्वा गावड़े ने दो घंटे 33 मिनट 52 सेकेंड के साथ कांस्य पदक हासिल किया। स्वर्ण पदक विजेता 17 वर्षीय रेणुकाचार्य ने सात साल की उम्र में तैराकी शुरू की थी, लेकिन तीन साल पहले ही उन्होंने ओपन वॉटर में कदम रखा।

## हरियाणा व दिल्ली ने मणिपुर को हराकर सेपक टकरा टीम वर्ग का स्वर्ण पदक जीता

**दीव, वार्ता।** हरियाणा और दिल्ली की महिला और पुरुष वर्ग की ट्रीयो टीम ने बुधवार को वर्षा बाधित फाइनल मुकाबले में पारंपरिक सेपक टकरा की मजबूत मणिपुर को हराकर स्वर्ण पदक अपने नाम किये।

यहां घोघला बीच पर खेले पाए दोनों फाइनल में बारिश के कारण एक घंटे का ब्रेक रहा। महिलाओं के फाइनल में हरियाणा ने अनुभवी मणिपुर की टीम के खिलाफ 2-1 से जीत हासिल की। मणिपुर को भारत में सेपक टकरा का गढ़ माना जाता है। कप्तान 20 वर्षीय मोनिका की अगुवाई में हरियाणा की महिला सेपक टकरा टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए शीर्ष सम्मान हासिल किया।

# पिकलबॉल में हाथ आजमा रहे कोहली-अनुष्का

**● कार्तिक-दीपिका भी दिखे, आरसीबी ने साझा किया पोस्ट, आरसीबी का अब सनराजर्स हैदराबाद से सामना है होना**



**दिल्ली, वार्ता।** टीम इंडिया के स्टार बल्लेबाज विराट कोहली और अनुष्का शर्मा की जोड़ी पिकलबाल खेलती नजर आई। रायल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के टीम बान्डिंग इवेंट में कोहली-अनुष्का की जोड़ी ने पिकल. बाल खेला और जोड़ीदार के तौर पर इसमें हिस्सा लिया। आरसीबी का अब सनराइजर्स हैदराबाद से सामना होना है और इस मैच से पहले टीम के सदस्यों ने पिकलबाल में हाथ आजमाया। पिकलबाल खेलने के लिए आरसीबी के खिलाड़ियों के अलावा सहायक स्टाफ और उनके परिवार के सदस्य भी आए। आरसीबी ने इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट किया है जिसमें कोहली अंक हासिल करने के बाद अनुष्का को बधाई देते दिख रहे हैं। इन दोनों के अलावा आरसीबी के बल्लेबाजी मेंटर दिनेश कार्तिक और उनकी पत्नी दीपिका पल्लीकल भी मौजूद रहीं। दीपिका भारत की स्टार स्क्वाश खिलाड़ी हैं। सनराइजर्स के खिलाफ मुकाबले से पहले आरसीबी ने सभी खिलाड़ियों और उनके परिवार को इस इवेंट के लिए बुलाया था। आरसीबी के लिए मौजूदा आईपीएल सीजन काफी शानदार रहा है और टीम प्लेआफ के लिए क्वालिफाई कर चुकी है। सनराइजर्स और आरसीबी के बीच मुकाबला बंगलूरू में होना था, लेकिन बारिश की संभावना को देखते हुए इसे लखनऊ स्थानांतरित कर दिया था। इससे पहले उसका कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के खिलाफ 17 मई को खेला गया मुकाबला बारिश में धुल गया था। आरसीबी और हैदराबाद के बीच आईपीएल 2025 का 65वां मुकाबला बंगलूरू में खेला जाना था, लेकिन अब इसे लखनऊ के भारत रत्न श्री अटल विहारी वाजपेयी इकाना स्टेडियम में कराने का फैसला लिया गया है। आईपीएल ने बताया कि बंगलूरू में खराब मौसम को देखते हुए लखनऊ में इस मैच को स्थानांतरित करने का फैसला किया गया है। आरसीबी की टीम को बंगलूरू में बारिश के कारण परेशानी का सामना करना पड़ रहा था।

## वर्षा प्रभावित मैचों के लिए दो घंटे का अतिरिक्त समय

**मुम्बई, वार्ता।** देशभर में मानसून की शुरुआत को देखते हुए आईपीएल के लीग चरण के बारिश से प्रभावित होने वाले मैचों के लिए दो घंटे का अतिरिक्त समय दिया जायेगा। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) की शासकीय परिषद ने बारिश के कारण बाधा होने की स्थिति में पूरे 40 ओवर का मैच कराये जाने के लिए 120 मिनट का अतिरिक्त समय दिये जाने निर्णय लिया है। इससे पहले केवल प्लेऑफ मैचों में दो घंटे का अतिरिक्त समय दिया जाता है। लेकिन देश भर में मॉनसून की शुरुआत को देखते हुए आईपीएल ने यह निर्णय लिया है। इस निर्णय के तहत अब दो घंटे के अतिरिक्त समय के साथ पूरा 20 ओवर का मैच के लिए दोपहर होने वाले मैच को शाम 5-30 बजे तथा शाम को होने वाले मैच को 9-30 बजे रात तक शुरू किया जा सकता है।

# जिले में अपने दम पर चुनाव लड़ेगी कांग्रेस: इमरान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नागल।** कांग्रेस सांसद इमरान मसूद ने आज फिर दोहराया कि आगामी विधानसभा चुनाव मे कांग्रेस जिले की सातों सीटों पर अपने दम पर चुनाव लडेगी।

कस्बे के हाजी अब्दुल लतीफ के आवास पर आयोजित बैठक मे इमरान मसूद ने कहा कि कमजोर को बैसाखियों की जरूरत होती है और हम कमजोर नहीं है। जो लोग कहते है कि इमरान मसूद दूसरे लोगो को आगे नही बढने देते वे बताये कि मसूद अख्तर, नरेश सैनी, मुकेश चौधरी, माविया अली को किसने विधायक बनवाया। हमारा मुख्य फोकस 2029 का चुनाव है। देश मे कांग्रेस की सरकार बनेगी। उन्होंने कहा कि विधायक, सांसद का काम नाली, खंडजा बनवाने का नही है यह काम स्थानीय निकायों का होता है। जिला पंचायत का चुनाव मजबूती से लडों स्थानीय निकायों पर कब्जा करो। ये आधार होते है इनकी मजबूती से ही विधायकी, सासंद की सीट मिलती है। संगठन



को मजबूत करने के लिए संगठन सृजन कार्यक्रम के तहत बूथ लेवल तक पर पकड बनानी है। विधान परिषद सदस्य शाहनवाज खान ने कहा कि भले ही सरकार हमारी नही है लेकिन अपने लोगों का काम कराने के लिए विधायक, सांसद को अपनी ताकत का पता होना चाहिए, तभी उनके काम कराये जा सकते है। लखनऊ से लेकर दिल्ली तक आपकी आवाज बुलंद करने वाले आपके पास है। शाजान मसूद ने कहा कि महिने की प्रत्येक एक तारीख को वे नागल मे कार्यकर्ताओ की समस्याओ को सुना करेगे और उनका निराकरण करने का काम करेगें। इस अवसर मुख्य रूप से रागिब अंजुम, मोहम्मद इस्लाम प्रधान, संदीप चौधरी, नसीम अहमद, वसीम चौधरी, अफजाल प्रधान, काला, महबूब मोहम्मद इकराम, शमशाद, समयदीन, मास्टर अय्यूब रामपुर मनिहारान, मोहम्मद आजम, कफील, डा इरफान, आजाद प्रधान, मुकीम कोहली, संदीप वर्मा, इकबाल मिर्जा, अफजाल, उस्मान, युसुफ, इसरार, खुर्शीद, फारूक, महबूब, कादिर, जहांगीर, गुलजार, जुल्फिकार सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# नरेश व सरफराज ने कार्यकर्ताओं से मांगे सुझाव



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** बसपा के उत्तराखंड प्रदेश प्रभारी हाजी सरफराज राईन ने भाजपा के एक राष्ट्र एक चुनाव को लेकर कार्यकर्ताओं के सुझाव जाने।

हाजी सरफराज राईन व प्रदेश अध्यक्ष नरेश गौतम द्वारा आयोजित की गई बैठक में चुनाव में ईवीएम मशीन को पूर्ण रूप से प्रतिबंधित किये जाने, चुनाव बैलट पेपर के द्वारा कराये जाने, चुनाव आयोग को दलगत राजनीति से ऊपर उठकर चुनाव कराने, चुनाव प्रक्रिया में पूर्ण रूप से पारदर्शिता होने, चुनाव के समय शराब की बिक्री पूर्ण रूप से प्रतिबंधित होने, चुनाव आयोग द्वारा सत्ताधारी दल के सरकारी मशीनरी के प्रयोग पर पूर्ण रूप से प्रतिबंध लगाने, चुनाव के दौरान मीडिया द्वारा सत्ताधारी दल के दबाव में ना आकर चुनाव प्रचार में निष्पक्ष रिपोर्टिंग करने, मतगणना के समय चुनाव अधिकारी द्वारा मतगणना परिणाम को समय से वह निष्पक्ष घोषणा करने, मतगणना में विजय प्रत्याशी को समय पर विजय घोषणा पत्र जारी करने की मांग के प्रस्ताव सुझाव के रूप में सामने आये।

इस दौरान प्रदेश सचिव मदन लाल, प्रदेश कार्यालय प्रभारी प्रवीण कुमार, मुकेश कुमार एडवोकेट आदि मौजूद रहे।

# तीन दिन से डेरा डाले रही आबकारी इंटेलीजेंस, पकड़ी मात्र 20 ली. कच्ची शराब

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** आबकारी इंटेलीजेंस ब्यूरो की टीम को विभाग की सक्रियता के कारण तीन दिन डेरा डालने के बावजूद खाली हाथ लौटना पडा। टीम को न तो ओवररेटिंग मिली और न ही हरियाणा पंजाब से हो रही शराब तस्करी का कोई मामला मिला। टीम के हिस्से में सफलता के नाम पर 20 लीटर कच्ची शराब बरामद हुई।

आबकारी आयुक्त डॉ आदर्श सिंह के निर्देश पर उत्तर प्रदेश के कई जिलों में इंटेलीजेंस की टीम काम कर रही है लेकिन जनपद में टीम के आने की खबर पहले से ही आबकारी विभाग को पता चल गई थी। लखनऊ से टीम को इसलिए भेजा गया था की चुपचाप गुपचुप तरीके से ओवर रेटिंग, कच्ची शराब, हरियाणा पंजाब की शराब की तस्करी को पकड़ सके लेकिन लखनऊ से भेजी गई टीम के हाथ खाली रह गए।

आज सुबह लखनऊ से आई टीम जिसका नेतृत्व सहायक आबक. ारी आयुक्त विजय सिंह चौहान कर रहे थे लखनऊ से आई हुई टीम के साथ सहायक आबकारी आयुक्त निरंकार नाथ पांडे, सहायक आबक. ारी आयुक्त रवि शंकर शुक्ला, आबकारी निरीक्षक शैलेंद्र कुमार, आबकारी निरीक्षक राजकमल सिंह चौहान, आबकारी निरीक्षक अक्षय कुमार ने आज मीरपुर, मोहनपुर, नागल, नयागांव, रामपुर मनिहारान क्षेत्र में कच्ची शराब के लिए दबिश कराई गई ग्राम कोटा 10 लीटर कच्ची शराब, मीरपुर मोहनपुर में भी 10 लीटर कच्ची शराब बरामद हुई।

लखनऊ से आईबी टीम को वापस खाली हाथ लौटना पड़ा ना तो ओवर रेटिंग, हरियाणा पंजाब की शराब, कुछ भी हाथ नहीं लग पाया सूत्र बताते हैं लखनऊ से आईबी टीम के बारे में जनपद के आबकारी विभाग के लोगों को पता लग चुका था।

अब देखना है लखनऊ से आई हुई टीम आबकारी आयुक्त को क्या रिपोर्ट देती है। कुल मिलाकर 3 दिन टीम रही सहारनपुर जिले में 20 लीटर कच्ची शराब की पकड़ पाई।

## समर कैंप शुरू

**चिलकाना।** सुल्तानपुर नगर के जेजे इंटर कॉलेज में प्रशासन की ओर से की गई गर्मी की छुट्टियों में खेल खेल में सीखो प्रोजेक्ट के अंतर्गत समर कैंप का आयोजन किया गया।

बुधवार 21 मई से 10 जून तक चलने वाले समर कैंप का शुभारंभ मुख्य अतिथि पत्रकार शिवनंदन शर्मा के द्वारा माँ सरस्वती के चित्र पर पुष्पार्चन कर किया गया। इस अवसर पर शिवनन्दन शर्मा ने कहा है पढ़ाई के साथ साथ बच्चों को खेल कूद प्रतियोगिता में भी आगे रहना चाहिए। खेल कूद से जहां शारीरिक विकास होता है वहीं मानसिक तनाव भी कम होता है। कैम्प में प्रधानाचार्य धर्मेंद्र शर्मा, वरिष्ठ सहायक पंकज बिष्ट, कैंप प्रभारी शिक्षक सत्यवीर सिंह, शिक्षक बिजेंद्र सिंह व रणवीर शास्त्री ने बच्चों को कुशलता से योग प्रशिक्षण देते हुए व सूक्ष्म व्यायाम भी कराया।

# निजीकरण के विरोध में बिजली कर्मचारियों का धरना

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** पूर्वांचल एवं दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम के निजीकरण के विरोध में विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति के आहवान पर विभाग के कर्मचारियों व अभियंताओं ने धरना देकर कहा कि निजीकरण को बिजली कर्मचारियों पर न थोपा जाये।

घंटाघर बिजलीघर पर दिये गये धरने में आंदोलनकारी कर्मचारियों ने कहा कि देश के इतिहास में यह पहली बार हुआ है कि जब किसी प्रांत में पावर कारपोरेशन ने अपने एआरआर को 4 दिन के अन्दर पुन. रीक्षित कर नई एआरआर दाखिल की है। यह सब निजी घरानों की मदद के लिए किया जा रहा है। आगरा में भी निजीकरण के पहले एटीएण्डसी हानिया 54 प्रतिशत बताई गयी थी,



जो वास्तव में 40 प्रतिशत के नीचे थी जिसका दुष्परिणाम यह है कि आज आगरा में पावर कारपोरेशन 5.55 रूपये प्रति यूनिट की दर से बिजली खरीदकर निजी कम्पनी को 4.36 रूपये प्रति यूनिट दे रही है। संघर्ष समिति ने कहा कि कारपोरेशन चेयरमैन यह सार्वजनिक करें कि निजीकरण के बाद सरकार सब्सिडी देगी या नही देगी। उन्होने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से अपील करते हुए कहा कि बेहतर बिजली व्यवस्था के लिए बिजली कर्मचारी संकल्पबद्ध है इसलिए निजीकरण को बिजली र्कचारियों पर न थोपा जाये।

धरने पर अवधेश सिंह, कार्तिक गुप्ता, रो. बिन सिंह, बृज किशोर कश्यप, सुन्दरपाल, अकमित कुमार, राकेश यादव, विजय कुमार, लक्ष्मीकान्त, शुभमनायक, सौरभ, दिनेश कुमार, नितिन कुमार, जसबीर, सचिन पंवार, सचिन सैनी, अवनीश कुमार, कुलवीर सिंह, नवीन सैनी, राजीव नौटियान, प्रवीन बघैल, प्रिस कुमार, आदित्य कुमार, राहुल रंजन, नागेन्द्र कुमार, रामाशीष चौधरी, अमित सैनी आदि मौजूद रहे।

अध्यक्षता अनिल कुमार व संच. ालन जितेन्द्र कुमार द्वारा किया गया।

# सपा व कांग्रेस मजबूती से लड़ेंगे 2027 का चुनाव: मुजतबा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**



**सहारनपुर।** आल इंडिया कांग्रेस कमेटी ओबीसी विभाग के राष्ट्रीय महासचिव मुजतबा एडवोकेट ने कहा कि पूरे देश में इंडिया गठबंधन मजबूत स्थिति में है और 2027 का चुनाव सपा व कांग्रेस मजबूती के साथ लडेंगे।

मुजतबा ने यह बात अपने आवास पर पत्रकारों से वार्ता के दौरान कही। उन्होंने कहा कि पूरे प्रदेश में गठबंधन मजबूती से चुनाव लड़ेगा मुस्लिम पसमाँदा समाज दलित, पिछडे समाज का भला इंडिया गठबंधन के नेतृत्व में ही हो सकता है। जनपद में टिकटों की घोषणा पर पूछे गये सवाल पर प्रतिक्रिया देते हुये उन्होंने कहा कि यह सब को मालूम है कांग्रेस में टिकटों की घोषणा कौन करता है और गठबंधन में कौन करता है। अभी डेढ़ साल है इन बातों से कोई फायदा नहीं है गठबंधन है और रहेगा। उत्तर प्रदेश में गठबंधन ही विपक्ष को हरा सकता है।

उन्होनें कहा कि राहुल गांधी देश के अगले प्रधानमंत्री तभी बनेंगे जब हम राज्यो में बड़े और छोटे दलों को साथ ले कर चलेंगे। बिहार में आरजेडी और अन्य दल साथ है तो उत्तर प्रदेश में सपा और कांग्रेस मजबूती से चुनाव लड़ेंगे। उन्होंने कहा कि देश में आज बेरोजगारी, महंगाई, भ्रष्टाचार चरम पर है। उद्योगपतियों के लिये सरकार चिंतित है किसान युवा मजदूर आत्महत्या कर रहे है। सरकार को उनकी चिंता नहीं है। सरकार किसान को उनकी फसलो का उचित मूल्य दे और फ्री बिजली दे।

इस अवसर पर याहिया मलिक, हसीब मलिक, मनोज चौधरी आदि मोजूद रहे।

# पुरानी पेंशन सम्मान की लड़ाई: मंजीत

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** आल इंडिया एनपीएस एम्पलाइज फेडरेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष डा. मंजीत सिंह पटेल ने कहा कि पुरानी पेंशन सम्मान की लडाई है इसलिये यूपीएस स्वीकार नहीं होगा।

डा.मंजीत ने यह बात पुरानी पेंशन बहाली कर्मचारी संगोष्ठी में कही। उन्होंने कर्मचारियों से संवाद करते हुए एनपीएस व यूपीएस में अंतर को स्पष्ट करते हुए ओपीएस तक पहुंचने के विकल्प सुझाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि यूपीएस किसी भी तरह से कर्मचारियों को राहत नहीं देती है। सरकार से हम मुख्य रूप से तीन मांग रख रहे हैं, जिसमें प्रमुख है कि सरकार हमारी जमा राशि ब्याज सहित हमको वापस करे, वी आर एस जिस दिन से लिया जाए उस दिन से पेंशन का लाभ दिया जाए एवं कर्मचारियों के अनिवार्य सेवा अवधि 25 वर्ष के स्थान पर 20 वर्ष तय करें।

प्रदेश अध्यक्ष अंकुर त्रिपाठी ने कहा कि संगठन केंद्र सरकार से निरंतर वार्ता कर रहा है।




अभी हाल ही में हुई वार्ताओं में पुरानी पेंशन की उपयोगिता को को विस्तार पूर्वक वर्णित करते हुए यूपीएस को सिरे से खारिज किया गया है। साथ ही सरकार से पुरानी पेंशन बहाली के समस्त लाभों से कर्मचारियों को लाभान्वित किए जाने हेतु आग्रह किया है।

कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे सोमपाल राणा ने संगठन की लक्ष्य एवं उद्देश्यों के संदर्भ में अवगत कराते हुए ओपीएस बहाली आंदोलन में समस्त साथियों से सहयोग दिए जाने की अपील की है। धर्मेन्द्र धवलहार ने कहा कि सभी शिक्षक कर्मचारी एक मंच पर आकर केंद्र सरकार से पुरानी पेंशन बहाली के लिए माँग जारी रहेगी। तरुण भोला ने कार्यक्रम सफल बनाने के लिये आभार जताया।

कार्यक्रम में रूपेश कुमार, आशुतोष शर्मा, अमित शर्मा, अरुण पाल, मुन्ताज अली, प्रदीप सैनी, सौरभ गौतम, राजेश कुमार, सोनू कुमार, भूपेंद्र कश्यप, राहुल कुमार आदि उपस्थित रहे।

# कार्यशाला का आयोजन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** इंडियन इंडस्ट्रीज एसोसिएशन एवं जिला उद्योग प्रोत्साहन एवं उधमिता विकास केंद्र के संयुक्त तत्वाधान में मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान प्रचार-प्रसार तथा जागरूकता हेतु एक कार्यशाला का आयोजन किया गया।

मुख्य अतिथि उपायुक्त उद्योग वी.के. कौशल ने कहा कि आज हमारा प्रदेश, देश की तीसरी अर्थव्यवस्था बन चुका है और हमारे प्रदेश में औद्योगिकरण व युवाओं को रोजगार भी मिल रहा है जोकि हमारे लिए बहुत ही सौभाग्य की बात है। सहायक आयुक्त उद्योग डॉ. बनवारी लाल ने युवाओं से कहा कि मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान (सीएम युवा) योजना आभ सभी के लिए स्वयं का रोजगार स्थापित करने के लिए बहुत ही महत्वकांक्षी योजना है। उन्होंने कहा कि प्रदेश की लगभग 25 करोड़ की जनसख्या में 56 प्रतिशत युवा हैं जो प्रदेश के कार्यबल का निर्माण करते है। चौप्टर चेयरमैन अनूप खन्ना ने कहा कि देश व प्रदेश की सरकार का एमएसएमई सेक्टर के प्रति साकारात्मक रवैया है और एमएसएमई व काष्ट कला इकाईयों के प्रोत्साहन हेतू अनेंको योजनाएं क्रियान्वित कर रही है ताकि देश व प्रदेश में उद्योग विकसित हो सके। जाटव नगर प्रतिनिधि पार्षद एवं सैंडल एवं जूते निर्माण उद्यमी नितिन कुमार ने संबोधित किया कार्यशाला में आकाश जाटव, अजय कुमार, कर्म सिंह गौतम, सत्यपाल, रामनाथ यादव, प्रमोद कुमार, सुरेश कुमार, कुलदीप सिंह, सुरेन्द्र कुमार, आशीष कुमार, अरूण कुमार, राजेन्द्र, सुभाष कुमार, राजेश कुमार, हनी कुमार, नेहा, आशीष कुमार, राजकुमार, सुनील कुमार आदि मौजूद रहे।

# भाजपा छोड़ थामा बसपा का दामन



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** जनपद के गंगोह विधानसभा के गाँव हँगावली के कश्यप समाज के लोगो ने बीजेपी का दामन छोड़कर बहुजन समाज पार्टी का हाथ थाम लिया

बहुजन समाज पार्टी के जिलाध्यक्ष जगपाल सिंह ने सभी कश्यप समाज को बसपा की सदस्यता ग्रहण कराई। उन्होंने कहा कि बहुजन समाज पार्टी ने हमेशा से ही कश्यप समाज को सम्मान देने का काम किया है पार्टी कश्यप समाज को मंत्री, राज्य सभा सांसद और एमएलसी जैसे मुख्य पद दिए है आने वाले समय मे भी पार्टी इनका ऐसे ही सम्मान करती रहेगी!

कार्यक्रम में रिंकू कश्यप, बिजेंद्र कश्यप, कृष्ण पाल कश्यप, विकास कश्यप, सन्दीप कश्यप राजबीर कश्यप, अरविन्द कश्यप, वेदपाल कश्यप, बॉबी कश्यप, संजय कश्यप समय सिंह कश्यप सौरभ कश्यप आदि लोगो ने सदयस्ता ग्रहण की।

इस मौके पर नरेन्द्र ओलरी, ऋषिपाल, रामपाल, जितेंद्र कुमार, राजबीर मनोज ओलरा, अक्षय कुमार, आदि मौजूद रहे।

## सिंथेटिक दूध के साथ पांच पकड़े

**गंगोह।** यमुना खादर के गांव कुंडाकलां से पुलिस ने रिफाइन्ड व अपमिश्रित दुध बनाने वाले गिरोह के पांच शातिर अभियुक्तों को गिरफ्तार करके उनके कब्जे से दो पिकअप गाडी, एक वैन व 2600 लीटर अपमिश्रित दुध बरामद किया है।

प्रभारी निरीक्षक पीयूष दीक्षित के नेतृत्व में पुलिस टीम ने नकली दुध बनाने वाले शातिर अभियुक्तों आबिद पुत्र चौन्नू, मुजम्मिल हसलूफ, सुल्ताना जलालुदीन, साजिद पुत्र जलालूदीन व जब्बार ग्यासूदीन निवासीगण कुंडा कलां के खिलाफ बीएनएस की धाराओं में मुकदमा कायम करके जेल भिजवा दिया है। टीम में उपनिरीक्षक वीरेन्द्र कुमार, एसआई अमित कुमार, एचसी अमित, शेखर चौहान, सचिन खोखर के अलावा रिंकू, जव्वाद व सचिन शामिल रहें।

# मेयर डा. अजय ने लिया जनसमस्याओं का जायजा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** मेयर डा.अजय कुमार सिंह ने आज निगम के गांवों का भ्रमण करते हुए जनसमस्याओं का जायजा लिया। उन्होंने सभी शमशान स्थलों की भूमि को ठीक कराने और उनकी भूमि चिन्हित कर चाहरदिवारी बनाने के प्रस्ताव प्रस्तुत करने के निर्देश दिये।

मेयर ने आज निगम अधिकारियों के साथ वार्ड आठ के गांव बाबूपुरा, बिशनपुर, ज्ञानागढ़, मढ़, चकदेवली, हकीमपुर, गोपालपुरा, नाजिरपुरा, आदि गांवों का दौरा कर जन समस्याओं का जायजा लिया। उन्होंने वार्ड आठ के चकदेवली, मढ़ व ज्ञानागढ़ सहित सभी शमशान स्थलों को ठीक कराने और उनकी भूमि चिन्हित कर चारदीवारी बनाने का प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश निगम के अधिशासी अभियंता निर्माण



आलोक श्रीवास्तव को दिए। महापौर ने बताया कि चकदेवली के पोखर पर प्रथम दृष्टया कुछ लोगों द्वारा अतिक्रमण करना दिखाई दिया है। उन्होंने पोखर की भूमि चिन्हित कर अतिक्रमण हटाने के भी निर्देश दिए।

महापौर अजय कुमार ने वार्ड आठ के चकदेवली में 27 लाख रुपये की लागत से निर्मित होने वाले नाला निर्माण कार्य का शुभारंभ किया। उन्होंने वार्ड 32 की अब्दुल्ला कॉलोनी में सी सी सड़क एवं नाली निर्माण कार्य का भी शुभारंभ किया। इस कार्य पर करीब 42 लाख रुपये की लागत आयेगी। इस अवसर पर महापौर ने कहा कि नगर निगम शहर के प्रत्येक वार्ड में पेयजल, सड़क, जल निकासी के नाला निर्माण व पथ प्रकाश आदि जन सुविधाओं के लिए लगातार कार्य कर रहा है। उन्होंने कहा कि इन विकास कार्यो के पूरा होने से क्षेत्र के लोगों को काफी मूलभूत सुविधाएं मिलेगी और उनका जीवन आसान होगा।

इस अवसर पर पूर्व विधायक जगपाल, पार्षद जावेद, पार्षद मयंक गर्ग, पार्षद मंसूर बदर, पार्षद प्रतिनिधि जफर इकबाल अंसारी व सईद सिद्दीकी, भाजपा मंडल अध्यक्ष स्वराज सैनी तथा विजय चौहान, आसिफ, जितेंद्र नागर, विपिन कुमार सहित बड़ी संख्या में क्षेत्र के गणमान्य लोग शामिल रहे।

# 13 कुंतल से अधिक प्रतिबंधित प्लास्टिक बरामद

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** नगरायुक्त शिपू गिरि के निर्देश पर नगर निगम ने प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के सहयोग से आज प्रतिबंधित प्लास्टिक के खिलाफ अभियान जारी रखते हुए दो दुकानों व एक गोदाम पर छापा मारकर 13 कुंतल से अधिक प्रति. बंधित प्लास्टिक बरामद की और 80 हजार रुपये जुर्माना वसूला। बरामद प्रतिबंधित प्लास्टिक को जब्त कर नगर निगम लाया गया है।

नगरायुक्त के निर्देश पर प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के सहयोग से नगर निगम के प्रवर्तन दल ने आज चिलक. ाना रोड पर एक गोदाम पर छापा मारकर दस कुंतल 70 किलो प्रति. बंधित प्लास्टिक कंटेनरों में बरामद किया। सभी कंटेनरों को जब्त कर निगम के ट्रैक्टर में भरकर नगर निगम लाया गया। गोदाम स्वामी पर 50 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया गया है। इसके अलावा पुल खुमरान स्थित दो दुकानों पर छापा मारकर एक दुकान से करीब 50 किलो तथा दूसरी दुकान से करीब दो कुंतल प्रति. बंधित प्लास्टिक बरामद किया गया। दोनों दुकानदारों पर क्रमश: पांच हजार व 25 हजार रुपये जुर्माना लगाया गया। बरामद प्रतिबंधित प्लास्टिक को जब्त कर निगम लाया गया है। कार्रवाई के दौरान नगर निगम के सुरक्षा अधिकारी हरिप्रकाश कसाना, प्रवर्तन दल प्रभारी कर्नल एच बी गुरुंग, प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अवर अभियंता जे एन तिवारी, प्रवर्तन दल के कैप्टन नरेश चंद, प्यार सिंह, शिवकुमार, रणदीप, जगपाल, नवाबुद्दीन, पवन, विक्रम, शिवकुमार आदि मौजूद रहे।

# देश की सुरक्षा को लेकर सभी रहें एकजुट: सलीम

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव व पूर्व केन्द्रीय मंत्री सलीम इकबाल शेरवानी ने कहा कि समाजवादी दलितों, पिछड़ों व अल्पसंख्यकों को एकजुट करने का काम कर रही है ताकि आगामी विधानसभा चुनावों में उत्तर प्रदेश में सपा की सरकार बनाकर इन वर्गों का उत्थान किया जा सके।

श्री शेरवानी आज यहां मल्हीपुर रोड़ स्थित एक सभागार में आयोजित पीडीए जनसंवाद सम्मलेन के मुख्य अतिथि सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंनें कहा कि पहलगाम में आंतकी हमले के बाद सेना द्वारा किये गये ऑपरेशन सिंदूर में हम प्रधानमंत्री के साथ कंधे से कंधा मिलाकर साथ चलने का काम करेंगे। उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी इस पर सियासत करना नहीं चाहती क्योंकि यह हमारे देश की सुरक्षा से जुड़ा मामला है।




हमारे पास सियासत के लिए महंगाई, बेरोजगारी, भ्रष्टाचार आदि अनेक मुद्दे हैं। उन्होनें कहा कि देश की सुरक्षा के मामले में हम सबको एक हो जाना चाहिए। उन्होनें कार्यकर्ताओं का आह्वान किया कि वह समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष व पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव द्वारा चलाये जा रहे पीडीए अभियान के तहत घर-घर जाकर पार्टी की नीतियों का प्रचार करने के साथ ही दलितों, पिछड़ों व अलपसंख्यकों को सपा से जोड़ने का काम करें ताकि आगामी विधानसभा चुनावों में उत्तर प्रदेश में पूर्ण बहुमत की सरकार बनायी जा सके। सपा के राष्ट्रीय सचिव राक. ेश कुमार लोधी ने कहा कि सपा कार्यकर्ता आपसी मतभेद भुलाकर जीत का लक्ष्य लेकर मिशन 2027 की तैयारी में जुट जायें ताकि देश व प्रदेश में जातिवादी व साम्प्रदायिक ताकतों का सफाया किया जा सके। अल्पसंख्यक आयोग के पूर्व चेयरमैन लियाकत अली व पूर्व राज्यमंत्री विनोद तेजियान ने कहा कि समाजवादी पार्टी में ही सभी वर्गों का हित सुरक्षित है, क्योंकि समा. जवादी पार्टी ही सभी वर्गों को साथ लेकर चलने का काम करती है। सम्मेलन को पूर्व विधायक मनोज चौधरी, पूर्व विधायक विरेन्द्र ठाकुर, सपा जिलाध्यक्ष अब्दुल वाहिद, विधायक प्रतिनिधि अली खान, पिछडा वर्ग प्रकोष्ठ के प्रदेश उपाध्यक्ष इं. विजेश कुमार शर्मा, पूर्व जिला अध्यक्ष मजाहिर मुखिया, सपा वि.स. प्रभारी अभिषेक टिंकू अरोडा, सपा महानगर अध्यक्ष नवाब अंसारी, प्रदेश सचिव मजाहिर राणा, जिला उपाध्यक्ष अब्दुल गफूर, वरिष्ठ नेत्री रूही अंजुम, पूर्व जिला पंचायत सदस्य आलम राणा ने भी संबोधित किया। इस दौरान वरिष्ठ सपा नेता प्रदेश सचिव राजेश सैनी बड़कलां, महिला सभा की जिलाध्यक्ष महजबी खान, फैसल सलमानी, गुलजार सलमानी, हसीन कुरैशी, हैदर मुखिया, इसरार चौधरी, वेदपाल पटनी, राकेश यादव, संदीप उर्फ अच्छन यादव, सहित हजारों की संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## गंगोह में 24 को निकाली जाएगी भव्य तिरंगा यात्रा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गंगोह।** सैनिकों को समर्पित देशभक्ति की अद्भुत मिसाल पेश करते हुए भव्य तिरंगा यात्रा आगामी 24 मई को निकाली जायेगी।

विधायक किरत सिंह ने तिरंगा यात्रा को भव्य व ऐतिहासिक बनाने के लिए भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ ही आम नागरिकों से बढचढ कर सहभागिता की अपील की है। तिरंगा यात्रा ऑपरेशन सिंदूर की वीरता और भारतीय सैनिकों के सम्मान को समर्पित होगी। भव्यतिरंगा यात्रा आगामी 24 मई को प्रात: साढे आठ बजे से गंगोह ब्लॉक कार्यालय से निकाली जायेगी। जिसमें देश भक्ति के नारों और तिरंगे की शान के साथ गंगोह की सड़कों पर देशप्रेम की गूंज सुनाई देगी। विधायक चौ.किरत सिंह के नेतृत्व में यात्रा में भारी तादाद में लोग शामिल होंगे।

शाह टाइम्स

# सम्पादकीय

गुरुवार, 22 मई 2025

## अभिव्यक्ति की आजादी

बुधवार को उच्चतम न्यायालय ने अशोका विश्वविद्यालय के एसोसिएट प्रोफेसर अली खान महमूदाबाद ऑपरेशन सिंदूर को लेकर सोशल मीडिया पर की गई उनकी विवादित टिप्पणी के मामले में यह सशर्त अंतरिम जमानत दी है। प्रो. अली खान अशोका विवि. में राजनीतिक विज्ञान विभाग के प्रमुख हैं। उनको एक विवादित टिप्पणी को लेकर हरियाणा पुलिस ने रविवार को दिल्ली से गिरफ्तार किया है। उनके विरुद्ध दो मामले दर्ज किए गए थे। ध्यान रहे कि उन्होंने अपनी पोस्ट में कहा था कि वह कर्नल सोफिया कुरैशी की प्रशंसा करते हैं और इतने सारे दक्षिणपंथी टिप्पणीकारों को देखकर बहुत खुश हैं। इसके साथ ही उन्होंने कहा था कि शायद वह उतने ही जोर से यह भी मांग कर सकते हैं कि भीड़ द्वारा हत्या, मनमाने ढंग से बुल्डोजर कराने और भाजपा के नफरत फैलाने के शिकार अन्यों को भारतीय नागरिक के रूप में संरक्षित किया जाए। हरियाणा पुलिस के साथ-साथ हरियाणा राज्य महिला आयोग ने भी प्रोफेसर की इन टिप्पणियों की आलोचना की थी। आयोग ने उनकी टिप्पणियों को भारतीय सशस्त्र बलों में महिला अधिकारियों के प्रति अपमानजनक बताया, साथ ही आयोग का मानना था कि ये टिप्पणियां सांप्रदायिक विद्वेष को बढ़ावा देने वाली हैं। प्रो. अली खान महमूदाबाद की गिरफ्तारी भारतीय राजनीति में एक चर्चा का विषय भी बन गई। ऐसे लोगों की भी कमी नहीं है जिनका मानना है कि प्रो. ने अपनी टिप्पणियों में ऐसा कुछ भी नहीं कहा, जिससे लगे कि उन्होंने देश के विरुद्ध जाकर कोई काम किया है। राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग ने भी प्रोफेसर की गिरफ्तारी और हिरासत से संबंधित मीडिया रिपोर्ट का संज्ञान लेने हुए हरियाणा के पुलिस महानिदेशक को नोटिस जारी कर एक सप्ताह में विस्तृत रिपोर्ट देने को कहा है। राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग का मानना है कि रिपोर्ट प्रथम दृष्टया इस बात का खुलासा करती है कि उक्त प्रोफेसर के मानवाधिकारों और स्वतंत्रता का उल्लंघन किया गया है। असल में यह एक चलन सा हो गया है, जो कोई भी सरकार के कामकाज को लेकर उसकी आलोचना करता है, उसको देश के प्रति आला. चना मान लिया जाता है। सबसे बड़ी चिंता की बात यह है कि अभिव्यक्ति के नाम पर दी गई टिप्पणियों के विरुद्ध जो कार्रवाई होती है वह सिलेक्टिव होती है, जबकि कानून सभी के लिए समान होना चाहिए। ऑपरेशन सिंदूर के बाद मध्य प्रदेश के दो मंत्रियों की बेहद निंदनीय टिप्पणी आई, जिसमें एक मंत्री महोदय कर्नल सोफिया को आतंकवादी की बहन तक बता रहे हैं, तो दूसरे मंत्री भारतीय सेना को प्रधानमंत्री मोदी के चरणों में समर्पित होने की बात कह रहे हैं। सबसे बड़ी बात यह है कि मध्य प्रदेश हाईकोर्ट ने मंत्री की टिप्पणियों को लेकर सख्त नारा. जगी जताई है। अभी तक कोई कार्रवाई तो दूर उनका त्यागपत्र भी नहीं लिया गया है। जबकि चारों ओर से यह मांग उठ रही है। कोर्ट के आदेश पर जो रिपोर्ट दर्ज भी हुई है, वह बेहद लचीली है, जिस पर कोर्ट ने नाराजगी जताई है। लोकतंत्र में कानून सभी के लिए समान होना चाहिए।

## सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल पीआर स्टंट



प्रधानमंत्री मोदी की तरफ से ऑपरेशन सिंदूर को लेकर अंतर्राष्ट्रीय दौरों पर सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल भेजना एक पीआर स्टंट और ध्यान भटकाने की कोशिश है, सरकार ने अभी तक पहलगाम आतंकी हमले और चीन-पाकिस्तान जैसे गंभीर मुद्दों पर संसद का विशेष सत्र नहीं बुलाया है, हम आतंकवाद, पाकिस्तान और चीन के मुद्दों को लेकर गंभीर हैं, तो संसद का विशेष सत्र क्यों नहीं बुलाया जा रहा, विपक्षी पार्टियां 22 अप्रैल से ऑल-पार्टी मीटिंग की मांग कर रही हैं, दो बैठकें तो हुईं, लेकिन पीएम उसमें शामिल नहीं हुए, इसके बाद पीएम को पत्र लिखकर संसद सत्र बुलाने की मांग की गई, पाक के आतंकवाद को समर्थन देने और उसके चीन से रणनीतिक रिश्तों को संसद में चर्चा का विषय बनाना चाहिए था, पर सरकार ने ध्यान हटाने के लिए जातीय जनगणना और अब ये विदेशी दौरे शुरू कर दिए हैं।

**-जयराम रमेश, वरिष्ठ कांग्रेस नेता**

# विलुप्त होती प्रजातियां: जीवन के अस्तित्व पर संकट की दस्तक

**विश्व जैव विविधता दिवस पर विशेष**



मनुष्यों की ही भांति जीव-जंतु और पेड़-पौधे भी इस धरती के अभिन्न अंग हैं लेकिन विडंबना यह है कि मनुष्य ने अपने स्वार्थों और तथाकथित विकास की दौड़ में इनके अस्तित्व पर ही संकट खड़ा कर दिया है। जंगलों की अंधाधुंध कटाई, शहरीकरण, औद्योगीकरण और अनियंत्रित मानवीय गति. विधियों के चलते वन्यजीवों के प्राकृतिक आवास उजड़ चुके हैं और वनस्पतियों की कई प्रजातियां लगभग समाप्ति की कगार पर हैं। पारिस्थितिकी तंत्र, जिसमें सभी जैविक और अजैविक तत्व एक-दूसरे पर निर्भर होते हैं, अब असंतुलित होता जा रहा है। यह असंतुलन न केवल जीव-जंतुओं के जीवन चक्र को प्रभावित कर रहा है बल्कि मनुष्य के अस्तित्व के लिए भी गंभीर खतरा बन चुका है। दुनियाभर में हजारों वन्य प्रजातियां या तो पूरी तरह विलुप्त हो चुकी हैं या विलुप्त होने के कगार पर हैं। वनस्पतियों की स्थिति भी कुछ अलग नहीं है। जब किसी पारिस्थितिकी तंत्र से एक भी प्रजाति लुप्त होती है तो उससे जुड़ी कई अन्य प्रजातियों की कड़ी भी प्रभावित होती है, जिससे पूरी जैव श्रंखला खतरे में पड़ जाती है। इस जैव विविधता की क्षति का असर सीधे-सीधे मानव जीवन पर भी पड़ रहा है, जिसे अब नजरअंदाज करना आत्मघाती सिद्ध हो सकता है।

वन्य जीव-जंतु और उनकी विविधता धरती पर अरबों वर्षों से हो रहे जीवन के सतत विकास की प्रक्रिया का आधार रहे हैं। वन्य जीवन में ऐसी वनस्पति और जीव-जंतु सम्मिलित होते हैं, जिनका पालन-पोषण मनुष्यों द्वारा नहीं किया जाता। आज मानवीय क्रियाकलापों तथा अतिक्रमण के अलावा प्रदूषण वातावरण और प्रकृति के बदलते मिजाज के कारण भी दुनियाभर में जीव-जंतुओं तथा वनस्पतियों की अनेक प्रजातियों के अस्तित्व पर दुनियाभर में संकट के बादल मंडरा रहे हैं। प्रदूषण मुक्त सांसें पुस्तक में विस्तार से यह उल्लेख है कि विभिन्न वनस्पतियों और जीव-जंतुओं की संख्या में कमी आने से समग्र पर्यावरण किस प्रकार असंतुलित होता है। दरअसल विभिन्न वनस्पतियों और जीव-जंतुओं की संख्या में कमी आने से समग्र पर्यावरण जिस प्रकार असंतुलित हो रहा है, वह पूरी दुनिया के लिए चिंता का विषय बना है। पर्यावरण के इसी असंतुलन का परिणाम पूरी दुनिया पिछले कुछ दशकों से गंभीर पर्यावरणीय समस्याओं और प्राकृतिक आपदाओं के रूप में देख और भुगत भी रही है।

लगभग हर देश में कुछ ऐसे जीव-जंतु और पेड़-पौधे पाए जाते हैं, जो उस देश की जलवायु की विशेष पहचान होते हैं, लेकिन जंगलों की अंधाधुंध कटाई तथा अन्य मानवीय गतिविधियों के चलते जीव-जंतुओं के आशियाने लगातार बड़े पैमाने पर उजड़ रहे हैं, वहीं वनस्पतियों की कई प्रजातियों का भी अस्तित्व मिट रहा है। हालांकि जीव-जंतुओं तथा पेड़-पौधों की विविधता से ही पृथ्वी का प्राकृतिक सौन्दर्य है, इसलिए भी लुप्तप्राय: पौधों और जीव-जंत. ओं की अनेक प्रजातियों की उनके प्राकृतिक निवास स्थान के साथ रक्षा करना पर्यावरण संतुलन के लिए भी बेहद जरूरी है।

इसीलिए पृथ्वी पर मौजूद जीव-जंतुओं तथा पेड़-पौधों के बीच संतुलन बनाए रखने के लिए तथा जैव विविधता के मुद्दों के बारे में लोगों में जागरूकता और समझ बढ़ाने के लिए प्रतिवर्ष 22 मई को अंतर्राष्ट्रीय जैव विविधता दिवस मनाया जाता है।

20 दिसम्बर 2000 को संयुक्त राष्ट्र महासभा द्वारा प्रस्ताव पारित करके इसे मनाने की शुरुआत की गई थी। इस प्रस्ताव पर 193 देशों द्वारा हस्ताक्षर किए गए थे। दरअसल 22 मई 1992 को नैरोबी एक्ट में जैव विविधता पर अभिसमय के पाठ को स्वीकार किया गया था, इसीलिए यह दिवस मनाने के लिए 22 मई का दिन ही निर्धारित किया गया। अंतर्राष्ट्रीय जैव विविधता दिवस इस वर्ष 'प्रकृति के साथ सामंजस्य और सतत विकास' विषय के साथ मनाया जा रहा है।

पेड़-पौधों की संख्या पृथ्वी पर जिस तेज गति के साथ घट रही है, उसने न केवल पर्यावरण का संतुलन बिगाड़ रहा है बल्कि अनेक जीव-जंतुओं और पक्षियों को उनके प्राकृतिक घरों से भी वंचित होना पड़ रहा है। परिणामस्वरूप, अनेक प्रजातियां विलुप्त होने के कगार पर पहुंच चुकी हैं। पर्यावरण विशेषज्ञों की स्पष्ट चेता. वनी है कि यदि अब भी इस संकट की अनदेखी की गई तो निकट भविष्य में ऐसी भयावह स्थिति उत्पन्न होगी कि न केवल पेड़-पौधों की दुर्लभ प्रजातियां समाप्त हो जाएंगी बल्कि अनेक पशु-पक्षी भी धरती से सदा के लिए मिट जाएंगे। माना कि विकास आवश्यक है लेकिन वह ऐसा हो, जो प्रकृति के साथ सामंजस्य बनाए रखे। प्रदूषण मुक्त सांसें पुस्तक में यह गंभीर चेतावनी दी गई है कि यदि विकास की दौड़ में जंगलों की कटाई और जीव-जंत. ओं के आवासों का विनाश जारी रहा तो वह दिन दूर नहीं जब मनुष्य स्वयं अपने अस्तित्व को खतरे में डाल देगा। तेजी से बढ़ती आबादी और शहरीकरण ने मनुष्य को इस हद तक स्वार्थी बना दिया है कि उसने यह तक भूलना शुरू कर दिया है कि उसका जीवन भी प्रकृति के सहारे ही संभव है। खेतों में कीटों को नियंत्रित करने वाले चिड़िया, तीतर, कौआ, गिद्ध, मोर जैसे पक्षी भी आज विलुप्ति के कगार पर हैं। यह पक्षी न केवल किसानों के मित्र माने जाते रहे हैं बल्कि जैव विविधता की श्रंखला में एक महत्वपूर्ण कड़ी हैं। धरती पर जीवन को सुचारु और संतुलित बनाए रखने में जैव विविधता की बहुत अहम भूमिका है, इसलिए यदि हम आज ही सजग नहीं हुए और इन दुर्लभ प्रजातियों तथा उनके प्राकृतिक निवास की रक्षा नहीं की तो आने वाले समय में न केवल पर्यावरणीय संकट और तेजी से गहराएगा बल्कि मानव जीवन भी संकट में पड़ जाएगा। अब समय आ गया है कि हम विकास और संरक्षण के बीच संतुलन साधें।

**-अतुल गोयल**

### विश्व की प्रमुख संकटग्रस्त प्रजातियां

**सुमात्रा राइनो**- इंडोनेशिया में पाई जाने वाली यह गैंडे की प्रजाति विलुप्ति के कगार पर है।
**अमूर तेंदुआ**- रूस और चीन की सीमा पर पाई जाती है, केवल कुछ दर्जन बचे हैं।
**जावन राइनो**- जावा द्वीप में कुछ ही बचे हैं।
**सीगिंग गोरिल्ला**- अफ्रीका में पाई जाने वाली यह प्रजाति भी खतरे में है।
**वैक्सन डॉल्फिन (वाकिता)**- मेक्सिको के समुद्री क्षेत्र में पाई जाती है, केवल 10.20 के बीच बचे हैं।
**एशियाई चीता**- ईरान में पाई जाती है, गिने-चुने ही शेष हैं।
**गैंगेटिक डॉल्फिन**- भारत और नेपाल में पाई जाती है, संकट में है।
**ऑरंगुटान्स (बोर्नियो और सुमात्रा)**- जंगलों की कटाई से आबादी घट रही है।

### भारत की प्रमुख संकटग्रस्त प्रजातियां

भारत में भी कई वन्य प्रजातियां संकट के दौर से गुजर रही हैं। उनमें से कुछ इस प्रकार हैं-
**हिम तेंदुआ**- अत्यधिक ठंडे क्षेत्रों में पाई जाती है, इनकी संख्या घटती जा रही है।
**हाथी**- जंगलों के विनाश और मानव-पशु संघर्ष के कारण संकट में हैं।
**कस्तूरी मृग**- अवैध शिकार के कारण संकटग्रस्त।
**गंगा डॉल्फिन**- प्रदूषण और अवैध शिकार का शिकार।
**बंगाल बस्टर्ड**- घास के मैदानों के विनाश के कारण बहुत कम बचे हैं।
**लाल पांडा**- सीमित क्षेत्रों में पाया जाता है, आवास खतरे में हैं।
**वन बिल्ली**- राजस्थान, गुजरात आदि में पाई जाती है, विलुप्ति की ओर अग्रसर।

# गर्मी में सत्तू: स्वाद और सेहत का संगम

**गर्मी के मौसम में सत्तू केवल ठंडा और सेहतमंद पेय नहीं, बल्कि एक बहुपयोगी खाद्य सामग्री है जिससे कई स्वादिष्ट और पारंपरिक व्यंजन बनाए जा सकते हैं। चाहे लड्डू हो, शरबत या कचौरी सत्तू हर रूप में स्वाद और स्वास्थ्य दोनों का ख्याल रखता है। इस गर्मी, सत्तू को अपने आहार का हिस्सा बनाएं और स्वाद के साथ-साथ सेहत भी पाएं।**

गर्मियों की तेज लू और चिलचिलाती धूप से राहत पाने के लिए शरीर को ठंडक पहुंचाने वाले और पोषण से भरपूर खाद्य पदार्थ बेहद जरूरी हैं। ऐसा ही एक परंपरागत और चमत्कारी सुपरफूड है सत्तू। यह भुने हुए चने या जौ को पीसकर बनाया जाता है और सदियों से पंजाब, राजस्थान, बिहार, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश और बंगाल में इसका उपयोग किया जा रहा है।

सत्तू का सेवन गर्मी में शरीर को ठंडक देने, हाइड्रेट रखने और ऊर्जा बनाए रखने के लिए बेहद फायदेमंद माना जाता है। इसमें प्रोटीन, फाइबर, आयरन, कैल्शियम और मैग्नीशियम जैसे जरूरी पोषक तत्व मौजूद होते हैं। सत्तू पाचन सुधारता है, पेट की जलन और अपच से राहत दिलाता है। इसे शरबत के रूप में ही नहीं, बल्कि कई स्वादिष्ट व्यंजनों में भी इस्तेमाल किया जा सकता है।

### सत्तू के लड्डू

**सामग्री-**
सत्तू- 250 ग्राम
बूरा या पिसी चीनी-200 ग्राम
घी-200 ग्राम
इलायची-7-8 (पाउडर बना लें)
काजू-20-25
बादाम-20-25
पिस्ता-10-12
**विधि**-कढ़ाई में घी गर्म करें और उसमें सत्तू डालकर धीमी आंच पर 5-6 मिनट तक भूनें। गैस बंद करके मिश्रण को अलग बर्तन में निकाल लें और ठंडा होने दें। काजू, बादाम और पिस्ता बारीक काट लें। ठंडे सत्तू में बूरा, इलायची पाउडर और कटे हुए मेवे मिलाएं। सब कुछ अच्छे से मिलाकर मनचाहे आकार के लड्डू बना लें और ऊपर से पिस्ते से सजाएं। स्वादिष्ट और पोषक सत्तू के लड्डू तैयार हैं।

### सत्तू का मीठा और नमकीन शर्बत

**मीठा सत्तू ड्रिंक-**
सामग्री-
चने का सत्तू-कप
पानी-1 कप
नींबू- 1
पिसी चीनी- 2 टेबल स्पून
काला नमक-टीस्पून
**विधि**- सत्तू में थोड़ा पानी डालकर गुठलियां खत्म होने तक घोलें, फिर बाकी पानी मिलाएं। उसमें नींबू का रस, पिसी चीनी और काला नमक डालकर अच्छी तरह मिलाएं। ठंडा-ठंडा मीठा सत्तू शरबत तैयार है।

### नमकीन सत्तू ड्रिंक

**सामग्री-**
सत्तू-कप
पानी-1 कप
नींबू-1
काला नमक-टीस्पून
साधारण नमक-स्वादानुसार
भुना जीरा-टीस्पून
हरी मिर्च बारीक कटी-1
पुदीना- 6-7 पत्ते
**विधि**- सत्तू को थोड़े पानी में घोलें, फिर उसमें बाकी पानी डालें। अब इसमें नींबू रस, नमक, काला नमक, भुना जीरा, हरी मिर्च और पुदीना डालकर मिलाएं। ठंडा कर सर्व करें। यह ड्रिंक शरीर को ठंडक और ताजगी से भर देता है।

### सत्तू की कचौरी

सामग्री- आटा गूंधने के लिए- गेहूं का आटा-2 कप, तेल-4 टेबल स्पून, नमक-स्वादानुसार, पिट्ठी (भरावन) के लिए-सत्तू-150 ग्राम, घी-3-4 टेबल स्पून
हींग-2 पिंच, जीरा- टीस्पून, धनिया पाउडर-1 टीस्पून, सौंफ पाउडर-1 टीस्पून, हरी मिर्च-2 (बारीक कटी), अदरक-1 इंच (कद्दूकस किया हुआ), लाल मिर्च पाउडर, गरम मसाला, अमचूर- प्रत्येक-टीस्पून, हरा धनिया-1 टेबल स्पून (कटा हुआ), नमक- स्वादानुसार
**विधि-**
सबसे पहले आटे में तेल और नमक मिलाकर नरम आटा गूंध लें और ढककर 20 मिनट के लिए रख दें। पिठी के लिए कढ़ाई में घी गर्म करके उसमें हींग और जीरा तड़काएं। फिर अदरक, हरी मिर्च, सत्तू, सौंफ और धनिया पाउडर डालें और हल्का भूनें। अब बाकी मसाले और नमक मिलाकर मिश्रण ठंडा करें। आटे की छोटी लोइयां बनाएं, बीच में पिट्ठी भरें और कचौरी का आकार दें। बेलकर गर्म तेल में सुनहरा होने तक तलें। गरमागरम कचौरी को हरी धनिया की चटनी या आम के अचार के साथ परोसें।

# विकास उड़ गया आंधी में





**निर्मल रानी**

दिल्ली-एनसीआर को गत दिनों तेज आंधी, बारिश व तूफान का सामना करना पड़ा। इस तेज आंधी में नई दिल्ली स्टेशन के करीब नबी करीम क्षेत्र में एक निर्माणाधीन मकान की दीवार गिर गई, जिसमें दब जाने से 3 लोगों की मौत हो गई और 3 लोग घायल हो गए, जबकि कई जगहों पर पेड़ उखड़ने का भी समाचार है परन्तु शायद इस आंधी का सबसे अधिक प्रकोप न्यू अशोक नगर रैपिड मेट्रो स्टेशन को झेलना पड़ा। दिल्ली-गाजियाबाद-मेरठ रैपिड रेलवे ट्रांजिट सिस्टम के बीच आने वाले इस स्टेशन के एक बड़े हिस्से की छत ही तेज हवा के चलते उड़ गई।

छत की कई टीन नीचे सड़क पर जा गिरी तो कई हवा में लटकने लगीं। गौरतलब है कि अभी करीब चार माह पूर्व ही 5 जनवरी को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा दिल्ली-मेरठ रेपिड रेलवे ट्रांजिट सिस्टम के 13 किलोमीटर लंबे जिस सेक्शन का उद्घाटन किया था, न्यू अशोक नगर स्टेशन भी उसी सेक्शन के बीच आने वाला एक प्रमुख स्टेशन है और यह नवनिर्मित स्टेशन आंधी-तूफान का एक झटका भी नहीं झेल पाया। दिल्ली के न्यू अशोक नगर को उत्तर प्रदेश के साहिबाबाद से जोड़ने वाली इस परियोजना में 4,600 करोड़ रुपए की लागत आई है। न्यू अशोक नगर रैपिड मेट्रो स्टेशन पर हुए इस हादसे के बाद सुरक्षा के दृष्टिगत नमो भारत ट्रेन की सेवाओं के आवागमन को अगले आदेश तक स्थगित करना पड़ा था। इस हादसे के बाद एक बार फिर स्टेशन की छत के निर्माण की गुणवत्ता पर प्रश्न उठने लगे हैं। यहां एक बात यह भी काबिले गौर है न केवल प्रधानमंत्री नई ट्रेन को झंडी दिखा कर रवाना करते हैं बल्कि पुल,हाईवे एक्प्रेसवे के छोटे से नवनिर्मित हिस्से जैसी परियोजनाओं का भी वे स्वयं उद्घाटन करते हैं बल्कि ऐसे अवसरों पर प्राय: कांग्रेस की सरकार को कोसने और अपनी पीठ थपथपाने से भी नहीं चूकते। मिसाल के तौर पर गत वर्ष द्वारका एक्सप्रेसवे के उद्घाटन के समय प्रधानमंत्री ने तंज करते हुए कहा था कि कांग्रेस ने 7 दशक तक जो गड्ढे खोदे थे वे अब तेजी से भरे जा रहे हैं। उसी समय उन्होंने यह भी कहा था कि मैं न छोटा सोच सकता हूं, न मैं मामूली सपने देखता हूं और न ही मैं मामूली संकल्प करता हूं। मुझे जो चाहिए विराट चाहिए, विशाल चाहिए और तेज गति से चाहिए क्योंकि 2047 में मुझे देश को विकसित भारत के रूप में देखना है। परन्तु उन्होंने यह नहीं कहा कि मुझे हर परियोजना का निर्माण टिकाऊ व मजबूत भी चाहिए। याद कीजिए 16 जुलाई को प्रधानमंत्री ने जिला जालौन के कैथेरी में पूरे प्रचार-प्रसार के साथ जिस बुंदेलखंड एक्सप्रेस-वे का उद्घाटन किया था वह एक्सप्रेस-वे उद्घाटन के केवल 5 दिन बाद ही जगह-जगह से धंस गया था और उसमें कई जगह बड़े बड़े गड्ढे पड़ गए थे। जिसके कारण कई वाहन दुर्घटनाग्रस्त हो गए थे। चित्रकूट के भरतकूप से शुरू होकर इटावा के कुद. रेल में मिलने वाले इस बुन्देलखंड एक्सप्रेस वे के निर्माण पर करीब 14 हजार करोड़ की लागत आई थी। इसके एक वर्ष बाद फिर इसी एक्सप्रेस वे पर पुन: चित्रकूट को जाने वाली लेन पर करीब एक दर्जन गड्ढे हो गए थे। इन गड्ढों में पानी भरने से एक्सप्रेस वे से निकलने वाले कई वाहनों को दुर्घटना का शिकार होना पड़ा था। उस समय भी मीडिया में इस परियोजना की गुणवत्ता पर सवाल खड़े किए गए थे और काफी घटिया निर्माण के चलते सरकार की काफी फजीहत हुई थी। जाहिर है यह गड्ढे कांग्रेस के समय के नहीं थे। इसी तरह देश के सबसे लंबे दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेस वे पर दौसा जिले के भांडारेज के पास पर भारी वाहन गुजरने से सड़क धंस गई, जिससे बड़ा गड्डा हो गया था। इस परियोजना को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का ड्रीम प्रोजेक्ट बताया गया था। यहां भांडारेज टोल के पास भारी वाहन गुजरने मात्र से सड़क धंस गई थी जिससे सड़क के बीचों-बीच 15 फुट गहरा गड्ढा हो गया था। इस एक्सप्रेस वे पर गड्ढे होने के बाद इसमें भी घटिया निर्माण सामग्री के इस्तेमाल तथा लापरवाही का आरोप लगा था। इस परियोजना के निर्माण पर भी लगभग 1 लाख करोड़ रुपए की लागत आई थी। 12 फरवरी 2023 को इस का भी प्रधानमंत्री मोदी ने ही उद्घाटन किया था और उद्घाटन करते हुए इसे भी देश की आधारभूत संरचना का एक उत्कृष्ट उदाहरण बताया था, लेकिन उद्घाटन के कुछ ही महीनों में बारिश ने इस उत्कृष्ट निर्माण की वास्तविकता को उजागर कर दिया था। इस तरह के दर्जनों ऐसे उदाहरण हैं जो या तो निर्माण के समय ही ध्वस्त या क्षतिग्रस्त हो गए या उद्घाटन के कुछ समय बाद ही उनकी असलियत उजागर हो गई। अभी गत वर्ष बिहार में इसतरह एक के बाद एक कई बड़े पुल ढह गए। गत वर्ष अयोध्या नगरी में कई जगह सड़कें धंस गईं। चंडीगढ़ से राजस्था को जाने वाला अंबाला से होकर गुजरने वाला हाइवे अपने निर्माण के कुछ ही समय बाद क्षतिग्रस्त हो गया था। इसपर बने कई पुल भारी वहां गुजरने पर आज भी थरथर हिलते हैं। यह सारे गड्ढे विक. सित राष्ट्र के मार्ग में पड़ने वाले गड्ढे हैं जिनकी जिम्मेदारी न ही कांग्रेस की है न ही पंडित नेहरू की। सवाल यह है कि इस तरह के घटिया निर्माण के पीछे का रहस्य आखिर क्या है? कौन हैं इन कंपनीज के मालिक जो जनता के टैक्स के पैसों की इस तरह खुलकर लूट करते हैं? जनधन की लूट खसोट का यह सिलसिला आखिर कभी खत्म भी होगा या नहीं?

इन लुटेरी निर्माण कंपनियों को किसकी शह मिली हुई है? क्या वजह है कि जिन मुगलों को विदेशी व आक्रांता बताकर दिन रात वोट बटोरने की राजनीति की जाती है उनके समय के बनाए हुए हजारों निर्माण आज भी पूरी मजबूती के साथ अपना सिर बुलंद किए खड़े हैं। इसी तरह अंग्रेजों के शासनकाल के अनेक महत्वपूर्ण निर्माण आज तक क्षतिग्रस्त नहीं हुए। उदाहरणार्थ 18 जनवरी 1927 को तत्कालीन गवर्नर-जनरल लॉर्ड इरविन द्वारा उद्घाटित व ब्रिटिश वास्तुकारों एडविन लुटियंस और हर्बर्ट बेकर द्वारा डिजाइन किए गए पुराने संसद भवन का आज तक बाल भी बांका नहीं हुआ जबकि सेन्ट्रल विस्टा परियोजना के अंतर्गत बना नया संसद भवन जिसका उद्घाटन 28 मई 2023 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा किया गया था उसमें पहली बारिश के दौरान ही पानी टपकने लगा था। निश्चित रूप से यह इस भवन की गुणवत्ता या निर्माण में कमी के कारण ही था। इससे नए संसद भवन की प्रतिष्ठा को भी ठेस पहुंची थी। परन्तु आश्चर्य है कि भ्रष्टाचार पर जीरो टॉलरेंस व विकास का हर वक्त ढिंढोरा पीटने वाली सरकार का विकास कहीं गड्ढों में घुसा जा रहा है तो कहीं आंधी में उड़ा जा रहा है?

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# पाकिस्तान में स्कूल बस पर विद्रोहियों का हमला, पांच की मौत



**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के दक्षिण-पश्चिमी बलूचिस्तान प्रांत के खुजदार जिले में बुधवार को विद्रोहियों ने एक स्कूल बस पर हमला किया, हमले में तीन छात्रों सहित पांच लोगों की मौत हो गई और कई अन्य घायल हो गए। अधिकारियों ने यह जानकारी दी।

इस बीच पाकिस्तानी सेना की मीडिया शाखा इंटर-सर्विसेज पब्लिक रिलेशंस (आईएसपीआर) ने 'स्कूल जाने वाले निर्दोष बच्चों' पर विद्रोहियों के इस हमले की कड़ी निंदा की और हमले के 'योजनाकारों, उकसाने वालों और इसे अंजाम' देने वालों का पता लगाकर उन्हें न्याय के कटघरे में खड़ा करने का संकल्प जताया। खुजदार के उपायुक्त यासिर इकबाल दश्ती ने बताया कि जिले के जीरो पॉइंट इलाके में स्कूल बस के पास एक आत्मघाती हमलावर ने विस्फोटकों से लदे वाहन में विस्फोट किया। हमले में कम से कम पांच लोगों की मौत हो गई और छात्रों

**■ खुजदार के उपायुक्त यासिर इकबाल दश्ती ने बताया जिले के जीरो पॉइंट इलाके में स्कूल बस के पास एक आत्मघाती हमलावर ने विस्फोटकों से लदे वाहन में विस्फोट किया**

और कर्मचारियों सहित अन्य 40 घायल हो गए। प्रत्यक्षदर्शियों ने स्थानीय मीडिया को बताया कि शक्तिशाली विस्फोट के बाद बस के परखच्चे उड़ गए। विस्फोट की सूचना मिलने के बाद बचाव दल और कानून प्रवर्तन एजेंसियां घटनास्थल पर पहुंचीं और घायलों को पास के अस्पतालों में पहुंचाया गया है। पुलिस ने समूचे इलाके की घेराबंदी कर दोषियों को पकड़ने के लिए तलाशी अभियान शुरू कर दिया है। अभी तक किसी संगठन ने इस विस्फोट की जिम्मेदारी नहीं ली है।



**नई दिल्ली। पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की पुण्यतिथि पर वीर भूमि पर पुष्पांजलि अर्पित करते लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी।**

## पाकिस्तान-भारत के बीच मतभेदों को सुलझाने का स्वागतः चीन

बीजिंग। चीन के विदेश मंत्री वांग ई ने कहा है कि चीन पाकिस्तान और भारत द्वारा बातचीत के माध्यम से अपने मतभेदों को ठीक से निपटाने, व्यापक और स्थाई युद्धविराम हासिल करने और मौलिक समाधान तलाशने का स्वागत करता है और उसका समर्थन करता है। चीन की कम्युनिस्ट पार्टी की केंद्रीय समिति के राजनीतिक ब्यूरो के सदस्य वांग ने पाकिस्तान के उप प्रधानमंत्री और विदेश मंत्री मोहम्मद इशाक डार के साथ बातचीत करते हुए यह टिप्पणी की। उन्होंने कहा कि यह दोनों पक्षों के मौलिक और दीर्घकालिक हितों के अनुरूप है, जो क्षेत्रीय शांति और स्थिरता के लिए अनुकूल है और अंतर्राष्ट्रीय समुदाय की आम अपेक्षा के अनुरूप भी है। वांग ने कहा कि चीन और पाकिस्तान ने पारंपरिक मित्रता को मजबूत करने, पारस्परिक रूप से लाभकारी सहयोग को मजबूत करने और चुनौतियों का संयुक्त रूप से समाधान करने पर घनिष्ठ रणनी.तिक संचार बनाए रखा है, जो द्विपक्षीय संबंधों के उच्च स्तर को दर्शाता है।

## प्रदर्शनकारियों ने सिंध के गृहमंत्री का घर जलाया

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान में प्रदर्शनकारियों ने सिंध के गृह मंत्री जियाउल हसन लंजर का घर जला दिया। प्रदर्शनकारियों ने घर की सुरक्षा में तैनात गार्ड्स को भी पीटा। रिपोर्ट के मुताबिक सिंध के नौशेहरो फिरोज जिले में पुलिस और एक राष्ट्रवादी संगठन के कार्यकर्ताओं के बीच झड़प हो गई थी। इसमें कम से कम 2 लोगों की मौत हो गई।

इसके अलावा दोनों तरफ के कई लोग भी घायल हो गए। पाकिस्तान सरकार की योजना सिंध नदी पर नहर बनाने की है। इससे स्थानीय लोग नाराज हैं। उनका कहना है कि सरकार उनकी जमीन और पानी छीन रही है। जब प्रदर्शनकारियों ने राष्ट्रीय राजमार्ग पर धरना देने की कोशिश की, तो पुलिस ने उन्हें रोकने की कोशिश की। इसके तनाव बढ़ गया। नाराज होकर लोगों ने सिंध के गृह मंत्री के घर पर हमला कर दिया था। प्रदर्शनकारियों ने कुछ ट्रकों को लूट

**■ सिंधु नदी का पानी डायवर्ट करने की स्कीम के खिलाफ प्रदर्शन, इसी दौरान भड़की हिंसा**


लिया और उनमें से कुछ को आग लगा दी। पाकिस्तानी वेबसाइट जियो टीवी के मुताबिक सरकार की योजना सिंध नदीं पर नहरें बनाकर चोलिस्तान में हजारों एकड़ बंजर जमीन पर खेती करने की है। इसकी लागत करीब 211 अरब रुपये (63 अरब) है। हालांकि बिलावल भुट्टो की पार्टी पीपीपी इसके खिलाफ है। उनका कहना है कि सिंध को इससे नुकसान होगा और उनका पानी छीन लिया जाएगा। कुछ हफ्ते पहले एक समिति (काउंसिल ऑफ कामन इंटरेस्ट-सीसीआई) ने भी इस प्रोजेक्ट को खारिज कर दिया था। उनका कहना था कि जब तक सभी राज्यों (प्रांतों) की आपसी सहमति नहीं होगी, तब तक कोई नई नहर नहीं बनेगी।

# पाकिस्तान से अफगानिस्तान तक सड़क बनाएगा चीन

### विदेश मंत्रियों की बैठक में सहमति बनी, चर्चित सीपीईसी प्रोजेक्ट पर भारत अपित्त जता चुका है

**बीजिंग।** चीन, पाकिस्तान और अफगानिस्तान के विदेश मंत्रियों की बुधवार को बीजिंग में हुई बैठक में चीन-पाकिस्तान इकोनामिक कारिडोर (सीपीईसी) का अफगानिस्तान तक विस्तार करने पर सहमति बनी है।

पाकिस्तान के फारेन आफिस (पीएफओ) ने सोशल मीडिया पर इसकी जानकारी दी। चीन के शिंजियांग से पाकिस्तान के बलूचिस्तान में ग्वादर पोर्ट तक बनने वाला यह कारिडोर अफगानिस्तान तक जाएगा। इस कारिडोर से चीन की प्लानिंग मिडिल-ईस्ट के देशों से सड़क कनेक्टिविटी बनाना है। सीपीईसी का विस्तार पाकिस्तान से अफगानिस्तान में कहां-कहां होगा, इसकी जानकारी अभी नहीं आई है।



पाकिस्तान के उप प्रधानमंत्री और विदेश मंत्री मोहम्मद इशाक डार, चीन के विदेश मंत्री वांग ई और अफगानिस्तान के कार्यवाहक विद.श मंत्री अमीर खान मुत्ताकी ने आज बीजिंग में बैठक की। बैठक में तीनों मंत्रियों ने क्षेत्रीय सुरक्षा और आर्थिक सहयोग बढ़ाने के लिए आपसी सहयोग को जरूरी माना। इसके साथ ही डिप्लोमैटिक कोआ.परेशन आगे बढ़ाने और इन्फ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट को बढ़ावा देने के लिए ठोस कदम उठाने पर चर्चा की। चाइना-पाकिस्तान इकोनामिक कारिडोर चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग की महत्वाकांक्षी योजना है। इसकी शुरुआत 2013 में की गई थी। इसमें चीन के शिंजियांग प्रांत से पाकिस्तान के ग्वादर पोर्ट तक 60 बिलियन डॉलर (करीब 5 लाख करोड़ रुपये) की लागत से आर्थिक गलियारा बनाया जा रहा है। इसके जरिए चीन की अरब सागर तक पहुंच हो जाएगी। सीपीईसी के तहत चीन सड़क, बंदरगाह, रेलवे और ऊर्जा प्रोजेक्ट्स पर काम कर रहा है। 50 बिलियन डॉलर की लागत वाला सीपीईसी पाकिस्तान के बलूचिस्तान में मौजूद ग्वादर पोर्ट और चीन के शिंजियांग को जोड़ेगा। सीपीईसी पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर के गिलगित-बाल्टिस्तान इलाके से भी गुजरता है, जिस पर भारत का दावा है। भारत का मानना है कि सीपीईसी के जरिए चीन विस्तारवाद की नीति पर चल रहा है और भारत को घेरने की कोशिश कर रहा है।

## लश्कर के को-फाउंडर आमिर हमजा के घायल होने की चर्चा

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान में कुख्यात आतंकी संगठन लश्कर-ए-तैयबा (एलईटी) का को-फाउंडर आमिर हमजा एक हादसे में घायल हो गया है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक उसे उसे पाकिस्तानी एजेंसी आईएसआई की सुरक्षा में लाहौर के एक मिलिट्री हास्पिटल में भर्ती कराया गया है, जहां उसकी हालत गंभीर बताई जा रही है। रिपोर्ट्स के मुताबिक घर में हुए एक हादसे में उसे चोट लग गई थी, जिसके बाद उसे इलाज के लिए ले जाया गया। वहीं, कुछ सोशल मीडिया पोस्ट्स में यह दावा किया गया है कि आमिर हमजा पर हमला हुआ है और उसे गोली मारी गई है।

हालांकि, अभी तक इसकी पुष्टि नहीं हुई है। 2 दिन पहले लश्कर-ए-तैयबा और जमात का आतंकवादी रजुल्लाह निजामनी उर्फ अबू सैफुल्लाह के मारे जाने की जानकारी आई थी। आतंकी आमिर हमजा 1987 में लश्कर-ए-तैयबा की स्थापना में

**पाकिस्तान के मिलिट्री अस्पताल में भर्ती, हाफिज सईद का करीबी, 2014 में ग्लोबल टेररिस्ट घोषित**

शामिल 17 लोगों में से एक है। वह आतंकी गतिविधियों, प्रचार, फंड जुटाने और लश्कर-ए-तैयबा से जुड़े कई अखबारों और पत्रिकाओं का संपादन करता था। वह लश्कर की सेंट्रल एडवाइजरी कमेटी का सदस्य भी रहा है और अन्य आतंकी समूहों के साथ संबंध स्थापित करने में एक्टिव रहा है। हमजा ने हाफिज सईद के नेतृत्व में लश्कर-ए-तैयबा को दूसरे आतंकी समूहों से जोड़ने का काम किया। वह लश्कर से जुड़े एक चौरिटी संगठन का नेतृत्व करता था और लश्कर के यूनिवर्सिटी ट्रस्ट के बोर्ड में शामिल था, जिसे पहले हाफिज सईद संभालता था। हमजा ने 1980 के दशक में अफगानिस्तान में सोवियत संघ के खिलाफ युद्ध में हिस्सा लिया था।

## ट्रम्प ने कर और व्यय विधेयक पर समर्थन के लिए रिपब्लिकन सांसदों से की अपील

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कर और व्यय विधेयक का समर्थन करने के लिए रिपब्लिकन सांसदों से अपील की है। ट्रम्प कैपिटल हिल गए और अपनी पार्टी के सांसदों से व्यक्तिगत रूप से कर कटौती और स्वास्थ्य सेवा कार्यक्रम में बदलावों वाले विधेयक का समर्थन करने की अपील की। कुछ सदस्य अब भी संशय में हैं। वहीं, ज्यादा खर्च कटौती की मांग कर रहे कट्टरपंथी नेताओं को उदारवादी रिपब्लिकनों से कड़ा विरोध झेलना पड़ रहा है। राष्ट्रपति का उद्देश्य अपने विधेयक के लिए समर्थन जुटाना था, जिसे वह एक बड़ी और महत्वपूर्ण उपलब्धि के रूप में देखते हैं। उल्लेखनीय है कि यह विधेयक वर्ष 2017 के ट्रम्प टैक्स कटौती को आगे बढ़ाएगा, टिप्स और ओवरटाइम काम पर कोई टैक्स नहीं लगाएगा, तथा मेडिकेड कवरेज और खाद्य सहायता कार्यक्रमों में कटौती करेगा।

# अमेरिका के लिए नया डिफेंस सिस्टम बनवा रहे ट्रम्प

**वाशिंगटन।** इजरायली के आयरन डोम की तरह अमेरिका भी खुद का डिफेंस सिस्टम गोल्डन डोम बनाने जा रहा है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने मंगवलार को इसका ऐलान करते हुए कहा कि इसके लिए एक डिजाइन भी चुन लिया गया है। ट्रम्प ने कहा कि गोल्डन डोम उनके कार्यकाल के आखिर तक चालू हो जाएगा।

एक बार तैयार होने पर यह मिसाइलों को रो.कने में सक्षम होगा। भले ही उन्हें दुनिया के किसी भी हिस्से से लान्च किया जाए। ट्रम्प ने दावा किया कि गोल्डन डोम अंतरिक्ष से हुए हमलों को भी रोकने के काबिल होगा। स्पेस, जमीन और

**■ गोल्डन डोम स्पेस से होने वाले हमले भी रोकेगा, इजरायली आयरन डोम से ज्यादा मजबूत होगा**

समुद्र तीनों जगहों से होगी हिफाजत ट्रम्प का कहना है कि अमेरिकी मिसाइल डिफेंस सिस्टम में पिछले 40 साल से कोई बदलाव नहीं हुआ है। दुनिया में कई एडवांस तकनीक से लैस मिसाइलें बन रही हैं। अभी का डिफेंस सिस्टम ऐसे खतरों का मुकाबला करने के काबिल नहीं है। दोबारा राष्ट्रपति बनने के बाद ट्रम्प ने इससे जुड़े एक कार्यकारी आदेश पर दस्तखत भी किया था। उन्होंने पेंटागन को अमेरिकी मिसाइल रक्षा क्षमताओं को बढ़ाने के लिए 'नेक्स्ट जेनरेशन मिसाइल डिफेंस सिस्टम' तैयार करने का आदेश दिया, ताकि चीन, रूस, उत्तर कोरिया या फिर किसी और देश से आने वाले बैलिस्टिक मिसाइल को रोका जा सके। गोल्डन डोम को अंतरिक्ष, जमीन और समुद्र, तीनों जगहों से काम करने के लिए डिजाइन किया जा रहा है। इसमें ऐसी तकनीक होगी जो दुश्मन की मिसाइल को लान्च होते ही पकड़ लेगी और रास्ते में ही उसे तबाह कर देंगी। इजरायली ने 2011 से मिसाइलें रोकने के लिए सिस्टम इस्तेमाल किया है।

## टेस्ला का नेतृत्व करने के लिए प्रतिबद्ध हैं मस्क

**न्यूयॉर्क।** अमेरिकी उद्योगपति एलन मस्क ने कहा है कि वह अगले पांच वर्षों तक टेस्ला ऑटोमोटिव कंपनी का नेतृत्व करने के लिए प्रतिबद्ध हैं और भविष्य में राजनी.तिक खर्च में कटौती करेंगे।

'ब्लूमबर्ग न्यूज' की जारी रिपोर्ट के अनुसार, कतर की राजधानी दोहा में आर्थिक मंच पर मस्क ने कहा कि उन्हें टेस्ला में 'कुछ अद्भुत' काम के लिए उचित मुआवजा दिया जाना चाहिए। उन्होंने डेलावेयर न्यायाधीश की आलोचना की, जिन्होंने 2018 में कंपनी की ओर से उन्हें दिए गए बड़े वेतन पैकेज के खिलाफ दो बार फैसला सुनाया और दोहराया कि वह धन के बजाय अधिकार के कारणों से टेस्ला के अधिक शेयर रखना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि यह पैसे की बात नहीं है। यह कंपनी के भविष्य पर एक उचित नियंत्रण की बात है। उद्योगपति ने कहा कि वह भविष्य में राजनीति पर अब कम खर्च करेंगे क्योंकि उन्हें लगता है कि उन्होंने इस पर काफी खर्च कर लिया है। उन्होंने कहा कि अगर मुझे भविष्य में राजनीतिक खर्च करने का कोई कारण दिखाई देता है, तो मैं ऐसा करूंगा। मस्क ने वर्ष 2008 से टेस्ला कंपनी के मुख्य कार्यकारी अधिक.ारी (सीईओ) हैं।

**■ यह कंपनी के भविष्य पर एक उचित नियंत्रण की बात है: मस्क**

# राजनीति पर भविष्य में काफी कम खर्च करेंगे एलन मस्क

**दोहा।** अमेरिका के प्रमुख उद्योगपति एलन मस्क ने कहा है कि वह भविष्य में राजनीति पर पहले से काफी कम खर्च करेंगे।

ट्रम्प के राष्ट्रपति चुनाव अभियान और अन्य रिपब्लिक उम्मीदवारों को समर्थन देने के लिए 30 करोड़ से अधिक डॉलर खर्च करने के बाद मस्क ने दोहा की राजधानी कतर में एक आर्थिक मंच पर कहा कि मैं भविष्य में राजनीति पर पहले के मुकाबले काफी कम खर्च करूंगा, क्योंकि मुझे लगता है कि इस बार, राजनी.ति पर मैंने ज्यादा ही खर्च कर दिया है। मस्क ने हालांकि भविष्य में राजनीतिक चंदा देने से पूरी तरह से इन्कार नहीं किया है। उन्होंने कहा कि अगर मुझे भविष्य में राजनीति पर खर्च करने की कोई वजह दिखेगी, तो मैं जरूर करूंगा। ट्रंप के कट्टर समर्थक के रूप में उद्योगपति मस्क की भूमिका के कारण टेस्ला ऑटोमोटिव कंपनी को विरोध का सामना करना पड़ रहा है, जिससे उनकी बिक्री और शेयरों में गिरावट आई है। ट्रंप के शपथ ग्रहण के बाद से टेस्ला के शेयर में करीब 20 प्रतिशत की गिरावट आई है, हालांकि मस्क के मंगलवार के बयान के बाद इसमें 3.3 प्रतिशत की हल्की बढ़त देखी गई।



## यूएई, इजरायल गाजा में तत्काल मानवीय सहायता शुरू करने पर सहमतः नाह्यान

**दुबई।** संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) और इजरायल ने यूएई से गाजा पट्टी तक तत्काल मानवीय सहायता फिर से शुरू करने पर सहमति जताई है। यूएई के विदेश मंत्रालय ने बुधवार को यहां बताया कि विदेश मंत्री शेख अब्दुल्ला बिन जायद अल नाह्यान और इजरायल के विदेश मंत्री गिदोन सार ने फोन में हुई बातचीत में यूएई से गाजा पट्टी तक तत्काल मानवीय सहायता आपूर्ति फिर से शुरू करने सहमति व्यक्त की है।

दोनों देशों के मंत्रियों के बीच हुई इस बातचीत के बाद यूएई विदेश मंत्रालय के यहां जारी एक बयान के मुताबिक यह सहायता शुरुआती चरण में गाजा पट्टी में लगभग 15,000 नागरिकों की खाद्य जरूरतों को पूरा

**■ गाजा पट्टी में लगभग 15000 नागरिकों की खाद्य जरूरतों को पूरा करेगी**

करेगी। यूएई की मानवीय सहायता में बेकरी को चालू रखने के लिए आवश्यक आपूर्ति और शिशु देखभाल के लिए आवश्यक वस्तुएं शामिल होंगी। बयान के मुताबिक दोनों पक्षों ने मानवीय संघर्ष विराम को फिर से शुरू करने, युद्ध विराम सुनिश्चित करने और बंधकों की रिहाई के लिए क्षेत्रीय और अंतर्राष्ट्रीय प्रयासों पर भी चर्चा की। गौरतलब है कि इजरायल ने पिछले शुक्रवार को ऑपरेशन 'गिदोन रथ' के तहत गाजा पट्टी में फिर से हमला शुरू कर दिया था।

Recruitment For Teaching Staff
Assistant professor Law
Qualification: (A) B.A.LL.B/LL.B and LL.M with 55% marks
(B) UGC NET or Ph.D (Law)
Salary As per Govt. Norms
Eligible candidates are invited to send their resumes to idcdeoband@gmail.com and appear for the interview within 15 days with original documents and a recent colored photograph.
❑ Experienced Candidates will be preferred.
ISLAMIA COLLEGE OF LAW
Deoband, Distt., Saharanpur
Contact No. : 9045143298, 8755525452
Email Id- idcdeoband@gmail.com

Contact for admission
Seats are Limited
Low Neet Score.... Low Budget Student's (Don't Worry)
Register Today....and Get Discount
Complete Your MBBS in just 20 to 23 Lakhs (Approx) Including
Tuition Fee, Hostel Fee, Food 3 Times, Visa Ext., Insurance Medical, Transportation, Laundry & FMGE Coaching By Experts Regularly (No Extra, No Hidden Charges
➢Russia
➢Georgia
➢Kazakistan
➢Kyragyzstan
➢Uzbekistan
➢Iran
➢Bangladesh
➢Nepal
➢China
➢Europe
➢Egypt
➢Armenia
➢U.K.
➢Canada
➢U.S.A.
Anjum Kaleem
8384872313
9457439020
No need to go Delhi or NCR, Come to Bijnor
100% Sure and Safe
India's Leading Education Consultancy
M.B.B.S./M.D BHMS, BAMS BDS, BUMS
ABROAD ADMISSION & COUNSELLING FOR INDIA
Since 2010
Top Govt. Universities NMC, WHO, WFME, UNESCO, US Assmebly Approved Universities
Indian Hostel And Mess Available
Lowest Price Packages
www.mbbsbijnor.com
M.B.B.S. ABROAD CONSULTANCY
Office Add. : Moin ka Chauraha Opposite Tiranga Enterprise, Chahshreen B-21, Bijnor